**सुविचार**
घाव पर बार-बार चोट लगती है, अन्न की कमी होने पर भूख बढ़ जाती है, विपत्ति में बैर बढ़ जाते हैं- विपत्तियों में अनर्थ बहुलता होती है।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज़ Published from Ranchi


12
ट्रेलर लांच पर यामी गौतम ने कंफर्म...

Ranchi ● Sunday, 11 February 2024 ● Year : 02 ● Issue : 25 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 71,595.49 |
| निफ्टी | : | 21,782.50 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,930 |
| चांदी | : | 76.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### झारखंड हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने किया रद्द

**RANCHI :** सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2022 में जिला जज नियुक्ति मामले में झारखंड हाईकोर्ट के फुलकोर्ट द्वारा लिए गए निर्णय को रद्द कर दिया है। साथ ही जिला जज के रिक्त 9 पदों पर जल्द नियुक्ति करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सुशील कुमार पांडे एवं अन्य के मामले में यह फैसला सुनाया है। झारखंड हाई कोर्ट की फुलकोर्ट ने जिला जज नियुक्ति में न्यूनतम उत्तीर्ण मार्क्स 50 प्रतिशत कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया में हाईकोर्ट किसी भी शर्त में फेरबदल कर सकता है, लेकिन जब नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो गई है, तो फेरबदल करना गलत है। अगर हाई कोर्ट को फेरबदल करना ही था, तो एग्जामिनेशन की प्रक्रिया शुरू होने के पहले फेरबदल कर करना था। दरअसल, यह मामला झारखंड हाई कोर्ट द्वारा वर्ष 2022 में 22 जिला जजों की नियुक्ति का है।

### जनजातीय समुदाय की जीवनशैली अनुकरणीय

**NEW DELHI :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि जनजातीय समुदाय की जीवनशैली ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की वैश्विक समस्या का समाधान प्रदान करती है। राष्ट्रपति मुर्मू ने यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आदि महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद कहा जनजातीय समुदायों से प्रकृति के साथ सद्भाव से रहना सीखने की जरूरत पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि आज जब पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने का प्रयास कर रहा है, तब जनजातीय समुदाय की जीवनशैली और भी अनुकरणीय हो जाती है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की अंधी दौड़ ने धरती मां और प्रकृति को बहुत नुकसान पहुंचाया है। अंधाधुंध विकास की होड़ में एक ऐसा वातावरण बना दिया गया, जिसमें यह सोच उत्पन्न हुई कि बिना प्रकृति को नुकसान पहुंचाए प्रगति संभव ही नहीं है।

### जम्मू-कश्मीर व तमिलनाडु में एनआई की छापेमारी

**NEW DELHI :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर और तमिलनाडु में एक साथ कई जगहों पर एक साथ छापेमारी की है। दोनों ही मामले आतंकवाद से जुड़े हुए हैं। एनआईए के मुताबिक जम्मू कश्मीर में आतंकवादी वित्तपोषण के मामले को लेकर एजेंसी की टीम ने शनिवार को जमात-ए-इस्लामी संगठन से जुड़े लोगों के 10 ठिकानों पर छापे मारे हैं। यह छापेमारी बडगाम, कुलगाम और जम्मू जिले के गुज्जर नगर शहीदी चौक इलाके में चल रही है।

## गढ़वा में गरजे झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन, बोले

# हेमंत सोरेन सरकार के काम से भाजपा भयभीत

**PHOTON NEWS GARHWA :** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शनिवार को गढ़वा की धरती से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने ऐसे-ऐसे काम कर दिए हैं कि भाजपा भयभीत है। इसलिए उसने हेमंत बाबू को केंद्रीय एजेंसी की मदद से झूठे केस में फंसाया और जेल भेज दिया।

**गढ़वा के लोगों को मिला अबुआ आवास :** गढ़वा में अबुआ आवास योजना स्वीकृति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा। सबको सम्मान मिलेगा। हमारी सरकार सबकी सेवा करेगी। हर धर्म के लोगों को मान-सम्मान के साथ जीने का झारखंड में अवसर मिलेगा। किसी के साथ ऊंच-नीच का भेदभाव नहीं होगा। गांव से ही हमारी सरकार चलेगी। गांव और शहर की खाई को मिटा देंगे। हम सब भाई-भाई हैं।

**झारखंड के युवाओं को नौकरी के लिए नहीं जाना होगा बाहर :** उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली सरकार ने नियम बना दिया है कि झारखंड के युवाओं को झारखंड में ही नौकरी मिलेगी। झारखंड में हजारों कंपनियां हैं। उन कंपनियों में स्थानीय लोगों को रोजगार देने का कानून हेमंत बाबू की सरकार ने बना दिया। अब हमारे राज्य के युवाओं को नौकरी करने के लिए कहीं और नहीं जाना होगा। बच्चों की पढ़ाई के लिए हमारी सरकार ने मॉडल स्कूल बनाए हैं। उच्च शिक्षा के लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड की शुरूआत की है। चंपाई सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड के साथ अन्याय किया।

- झारखंड में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा, सबको सम्मान मिलेगा
- गांव से ही हमारी सरकार चलेगी, गांव और शहर की खाई को मिटा देंगे
- सबको शिक्षा मिलेगा, सबको चिकित्सा की सुविधा मिलेगी



गढ़वा में एक लाभुक को अबुआ आवास योजना स्वीकृति पत्र देते सीएम चंपाई सोरेन।

## चंपाई ने दी पलामू पाईपलाइन सिंचाई योजना की सौगात, बोले- आदर्श झारखंड बनाएंगे

**PHOTON NEWS PLAMU :** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शनिवार को लगभग हर साल सुखाड़ झेलने वाले पलामू जिले को पलामू पाईपलाइन सिंचाई योजना की सौगात दी। 456.6 करोड़ रुपए की सिंचाई योजना का शिलान्यास करने के बाद चंपाई सोरेन ने ऐलान किया कि झारखंड को आदर्श झारखंड बनाएंगे। शहर और गांव की दूरी मिटा देंगे। वर्ष 2027 तक झारखंड में सबके पास अपना पक्का मकान होगा। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष और सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपलब्धियां और उनकी दूरदर्शिता के बारे में भी बात की। कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड के युवा सम्राट हेमंत सोरेन ने गांव और शहर की दूरी मिटाने का सपना देखा था।


पलामू पाईपलाइन सिंचाई योजना का शुभारंभ करते सीएम चंपाई सोरेन।

### पलामू के खेतों को 12 महीनों मिलेगा पानी

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि डेढ़-दो साल में पलामू पाईपलाइन सिंचाई योजना पूरी हो जाएगी। इसके बाद पलामू के खेतों को 12 महीने तक पानी मिलने लगेगा। इसके साथ ही पलामू में सुखाड़ की समस्या खत्म हो जाएगी। हमारी सरकार पलामू में हर खेत तक पाईपलाइन से पानी पहुंचाएगी। इसके बाद पलामू भी हरा-भरा रहेगा। पलामू के किसानों को कभी सुखाड़ की समस्या नहीं झेलनी होगी। चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड में अब किसी को पैदल नहीं चलना पड़ेगा। गांव के लोगों को शहर जाने और वहां से घर लौटने में दिक्कत नहीं होगी।

### भाजपा सरकार ने नहीं किया कोई काम : CM

चंपाई सोरेन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार झारखंड में सबसे पहले बनी। सबसे ज्यादा समय तक भाजपा ने झारखंड पर शासन किया। लेकिन, उन्होंने झारखंड की उन्नति के लिए कुछ नहीं किया। अब जब हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बेहतर काम हो रहे थे, तो भाजपा को यह बर्दाश्त नहीं हुआ और उसने युवा मुख्यमंत्री को जेल भेज दिया। चंपाई सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने झारखंड के 20 लाख परिवारों को अबुआ आवास देने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री आवास दो कमरे का है, हमारी सरकार ने अबुआ आवास योजना के तहत तीन कमरे का पक्का मकान देने का फैसला किया है।

# धीरज साहू, रामनिवास यादव और विनोद सिंह से ईडी ने की पूछताछ

## विनोद सिंह ने चैटिंग के कबूलनामे पर किया दस्तखत

**CRIME REPORTER RANCHI :** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू, साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव और आर्किटेक्ट विनोद सिंह शनिवार को सुबह ईडी कार्यालय पहुंचे। जहां अलग-अलग मामलों में इनसे पूछताछ की गई। विनोद सिंह से ईडी के अधिकारी व्हाट्सएप चैट मामले में पूछताछ की। विनोद सिंह ने अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए हेमंत सोरेन को व्हाट्सएप पर कई मैसेज भेजे थे। उसने इसकी एवज में मोटी रकम के ऑफर भी दिए थे। ईडी की पूछताछ में उसने ये बातें कबूल कर ली हैं। उनसे चैट से जुड़े दस्तावेजों पर ईडी अफसरों के समक्ष हस्ताक्षर भी कर दिए हैं। विनोद सिंह आर्किटेक्ट और रांची स्थित रोस्पा टावर में ग्रिड कंसल्टेंसी नामक फर्म चलाता है। हेमंत सोरेन से उसकी दोस्ती कॉलेज के वक्त से बताई जाती है। इससे पहले विनोद सिंह से शुक्रवार को ईडी ने पूछताछ की थी, लेकिन लंबी पूछताछ करने के बाद देर शाम को छोड़ दिया था। शनिवार को एक बार फिर विनोद सिंह से ईडी व्हाट्सएप चैट मामले में पूछताछ की। साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से भी ईडी ने पूछताछ की। ईडी की छापेमारी के दौरान कैश समेत अवैध गोली बरामद हुई थे, जिसके बाद ईडी के अधिकारियों ने समन जारी कर यादव को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन समन जारी होने के बावजूद साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव नहीं आ रहे थे। फिर शनिवार को रामनिवास से ईडी ने पूछताछ की।

**सांसद धीरज साहू से की पूछताछ :** कांग्रेस राज्यसभा सांसद धीरज साहू से ईडी ने पूछताछ की। बीते 29 जनवरी को दिल्ली स्थित मुख्यमंत्री आवास से जब्त कार के संबंध में सांसद धीरज साहू से पूछताछ की गई। ईडी ने सांसद धीरज साहू को समन भेज कर 10 फरवरी को रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिर होने का निर्देश दिया था।

- सीएम आवास से जब्त कार के संबंध में ईडी ने सांसद धीरज साहू से किए सवाल
- साहिबगंज डीसी से कैश समेत अवैध गोली बरामद मामले में हुई पूछताछ




## पिंटू को थोड़ी देर की पूछताछ के बाद जाने की मिली इजाजत

**RANCHI :** हेमंत सोरेन के पूर्व प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू शनिवार की शाम ईडी ऑफिस पहुंचे। थोड़ी देर की पूछताछ के दौरान ईडी ने उनसे कुछ जानकारी ली और जाने की इजाजत दे दी। इससे पहले ईडी ने शुक्रवार को अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू के मोबाइल फोन का पूरा डाटा ईडी ने उनकी मौजूदगी में निकाला और इसकी क्लोनिंग की थी। ईडी ने पिछले महीने तीन जनवरी को रांची में तत्कालीन मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू के यहां अवैध खनन से जुड़े केस व गवाहों को प्रभावित करने से जुड़े मामले में छापेमारी की थी। ईडी ने तब अभिषेक प्रसाद के सारे मोबाइल फोन व लैपटॉप जब्त किए थे। शुक्रवार को ईडी ने इन सारे तकनीकी डिवाइस का डाटा लिया और उसकी क्लोनिंग की। अब आगे इस डाटा के आधार पर पड़ताल की जाएगी।

## हल्का कर्मी भानु प्रताप को लेकर विवादित जमीन पर पहुंची एजेंसी



**RANCHI :** जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार बड़गाई अंचल के तत्कालीन राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप से ईडी पिछले पांच दिनों से रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। शनिवार को भी भानु से पूछताछ जारी थी, इसी दौरान अचानक भानु को लेकर ईडी की टीम रांची के बरियातू स्थित उस जमीन पर पहुंच गई जिसे पूर्व सीएम हेमंत का बताया जा रहा था। वहां से फिर भानु प्रताप को बड़गाई अंचल ऑफिस ले जाया गया। ईडी ने अदालत को दिए अपने रिमांड पीटिशन में भी बताया है कि बड़गाई अंचल के गिरफ्तार राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप के पास से जमीन की ओरजिनल रजिस्टर उसके घर से बरमाद हुआ था।

## झरिया में सड़क हादसे में नाबालिग की मौत, बवाल

### 200 वाहनों के शीशे तोड़े, पुलिस को खदेड़ा

**PHOTON NEWS DHANBAD :** धनबाद जिले में एक नाबालिग की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद हंगामा हो गया। आक्रोशित भीड़ ने सड़क जाम कर डेढ़ सौ से अधिक वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। भीड़ ने टायर जलाकर रोड को जाम कर दिया। पुलिस और पत्रकारों को भी नहीं बख्शा। पत्रकारों को फोटोग्राफी करने से रोका जा रहा है। अगर कोई मोबाइल से फोटो लेने की कोशिश कर रहा है, तो उसे भी पीट दे रहे हैं।



दुर्घटना झरिया के सिंह नगर में हुई है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पहुंची पुलिस को भी लोगों ने खदेड़ दिया। बता दें कि झरिया कतरास मोड़ केंदुवा मुख्य मार्ग सिंह नगर बस्ती के समीप शनिवार को सुबह करीब 8:30 बजे ट्रक की चपेट मे आने से अर्णव कुमार (15) की मौत हो गई थी।

### तेज रफ्तार बस ने ट्रक में मारी टक्कर, दो गंभीर

**PLAMU :** रांची के नामकुम थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर रिंगरोड चौराहे पर शनिवार की शाम रांची से जमशेदपुर जा रही सफारी बस ने ट्रक को टक्कर मार दी। इस टक्कर में ट्रक पलट गया एवं लदा सारा सामान सड़क पर बिखर गया। वहीं बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस में सवार छह लोगों को चोट आई है जिसमें दो की स्थिति गंभीर है। उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार ट्रक रामपुर चौराहा से रिंगरोड होते हुए टाटीसिलवे की ओर जा रहा था। इसी क्रम में जमशेदपुर की ओर जा रही सफारी बस (जेएच 05 बीडी1720) ने बाइक सवार को बचाने के क्रम में ट्रक को टक्कर मारी जिससे ट्रक पलट गया।

# खलारी में कोयला लिफ्टर पर जानलेवा हमला

## अपराधियों ने रवि राम पर चलाई गोली, जेब में रखे मोबाइल फोन ने बचा ली जान

**CRIME REPORTER RANCHI :** जिले के खलारी थाना क्षेत्र स्थित केडीएच परियोजना में एक कोयला लिफ्टर पर अपराधियों ने गोलीबारी की। बाइक सवार अपराधियों ने रवि राम नाम के कोयला लिफ्टर पर सुबह-सुबह गोली चलायी। हालांकि अपराधियों की गोली से कोयला लिफ्टर रवि राम की जान उसके मोबाइल फोन ने बचा ली है। हमले से आक्रोशित व्यापारियों ने कोयला ढुलाई का काम ठप कर दिया। फायरिंग के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।


कोयला लिफ्टर रवि राम, बाएं इनसेट में अपराधियों द्वारा चलाई गई गोली, व दाएं इनसेट में रवि राम की फाइल फोटो।

### घात लगाकर बैठे थे अपराधी, देखते ही कर दी फायरिंग

रवि राम केडीएच कोयला स्टॉक से अपनी मोटरसाइकिल से आ रहा था। रोहिणी-केडीएच रोड पर घात लगाकर बैठे अपराधियों ने उसे देखते ही फायरिंग कर दी। एक गोली रवि की पैंट की जेब में रखे मोबाइल फोन से टकराई। रवि मोटरसाइकिल छोड़कर भागा। तभी अपराधियों ने उस पर कई बार गोली चलाई। हालांकि, रवि किसी तरह से हमलावरों की गोली से बच गया।

### लेवी दें तो NIA पकड़ेगी न दें तो गोली खानी होगी

कोयला व्यवसायियों का आरोप है कि पुलिस का सूचना तंत्र फेल हो गया है। पुलिस उनको सुरक्षा देने में नाकाम है। अगर वे उग्रवादियों और नक्सलियों को लेवी देते हैं, तो केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए उनको पकड़ लेती है। अगर लेवी नहीं देते हैं, तो नक्सली, उग्रवादी और अपराधी उन्हें गोली मार देते हैं। लेवी के लिए व्यवसायी निशाना बनाते रहे हैं।

## 121 फाइटर प्लेन तैनात किए, राफेल-सुखोई के साथ प्रचंड और रूद्र भी शामिल

# भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर एयरफोर्स दिखाएगी अपनी ताकत

**AGENCY NEW DELHI :** भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास पोकरण फायरिंग रेंज (जैसलमेर) में एयरफोर्स अपनी ताकत दिखाएगा। इसके लिए देश के अलग-अलग 5 एयरबेस पर तैयारियां चल रही हैं। दरअसल, 17 फरवरी को वायु शक्ति एक्सरसाइज होनी है। इसे लेकर एयरबेस पर 121 एयरक्राफ्ट पहुंच चुके हैं। जोधपुर एयरबेस पर सुखाई-30 और राफेल की तैनाती की गई है। यहां दोनों एयरक्राफ्ट के साथ तैयारी शुरू कर दी है। इसी एयरबेस पर सुखाई और राफेल के साथ लड़ाकू विमान तेजस, प्रचंड और ध्रुव हेलिकॉप्टर भी तैनात किए गए हैं। 17 फरवरी को पोकरण में होने वाली एक्सरसाइज वायु शक्ति के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी चल रही है।

**77** फाइटर जेट **41** हेलि--कॉप्टर **05** ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट रहेंगे शामिल



**14 को फुल ड्रेस रिहर्सल, 121 एयर क्राफ्ट रहेंगे :** 17 फरवरी से पहले एयरफोर्स 14 फरवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल पोकरण में करेंगे।। इसे लेकर जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर में फाइटर प्लेन तैनात कर दिए गए हैं। इसके अलावा फलोदी एयरफोर्स स्टेशन पर चिनूक की तैनाती की गई है। हर तीन साल में होने वाली इस एक्सरसाइज में इस बार 77 फाइटर जेट, 41 हेलिकॉप्टर, 5 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट सहित कुल 121 एयर क्राफ्ट रहेंगे। हथियारों में तीन तरह के सरफेस-टू-एयर मिसाइल, 12 यूएवी, हवा से जमीन पर मार करने वाली प्रेसिसन और नॉन प्रेसिसन मिसाइल, हवा से हवा और जमीन से हवा में मार करने वाली गाइडेड मिसाइल भी लॉन्च करेंगे।

### 15 हजार एयर वॉरियर्स पहुंचे जोधपुर

इस एक्सरसाइज के लिए करीब 15 हजार एयर वॉरियर्स हिस्सा ले रहे हैं। इसमें पायलट से लेकर ग्राउंड स्टाफ शामिल है। वहीं सुखोई और राफेल के पायलट भी जोधपुर एयरबेस पर सोंठी (रूटिन उड़ान) लेकर एक-दूसरे के बीच कम्युनिकेशन सेट कर रहे हैं। इसके अलावा ग्राउंड स्टाफ भी इन एयरक्राफ्ट में हथियारों को लैस कर रही है। बताया जा रहा है कि सुखोई एमकेआई कॉर्पेट बम से लैस होकर जोधपुर एयरबेस से उड़ान भरेगा। राफेल भी यहीं से उड़ान भरेगा लेकिन ये एयर टू एयर व एयर टू सरफेस मिसाइल से लेस होगा। इन फाइटर प्लेन का ग्राउंड स्टाफ हथियारों को लेस करने की भी प्रैक्टिस कर रहा है।

### हल्द्वानी हिंसा में अब तक 6 लोगों की मौत, कर्फ्यू

**HALDWANI :** उत्तराखंड के हल्द्वानी में 8 फरवरी को एक अवैध मदरसे और नमाज के लिए बनाई जा रही इमारत पर नगर निगम ने बुलडोजर चलाया था। इसके बाद हजारों लोगों की भीड़ ने पुलिस और निगम की टीम पर हमला कर दिया था। घटना के बाद हिंसा भड़क गई थी। जिसमें अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसा को 48 घंटे से ज्यादा हो चुके हैं। प्रशासन ने इलाके में इंटरनेट बंद कर दिया है। तीन दिन से बनभूलपुरा में कर्फ्यू भी लगा दिया है। हालांकि, नैनीताल-बरेली मोटर मार्ग को कर्फ्यू से मुक्त रखा गया है। यहां पर दुकानें खुलेंगी और वाहनों का आवागमन भी जारी रहेगा। प्रशासन ने कहा है कि जरूरी काम के बिना लोगों को घर से निकलने की मनाही है। फिर भी बाहर जाना पड़े तो सिटी मजिस्ट्रेट से परमिशन लेनी होगी। शहर भर में सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे।

## अरविंद केजरीवाल का इंडिया को झटका

# पंजाब-चंडीगढ़ में सीट शेयरिंग से किया इन्कार

**AGENCY NEW DELHI :** आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया को झटका दे दिया है। केजरीवाल ने पंजाब और चंडीगढ़ में कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग से इनकार कर दिया है। शनिवार को लुधियाना रैली में केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में आप अकेले चुनाव लड़ेगी। 2 महीने बाद लोकसभा चुनाव हैं। पंजाब में 13 सीटें हैं और एक चंडीगढ़ की है। आने वाले 14-15 दिनों में इन 14 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर देंगे। इससे पहले इंडिया को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री



ममता बनर्जी भी अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर झटका दे चुकी है। वहीं इस गठबंधन के सूत्रधार रहे बिहार के सीएम नीतीश कुमार भी भाजपा के साथ एनडीए में आ चुके हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर महाराष्ट्र में शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे और उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी के भी सुर बदल चुके हैं।

## कविता




डॉ. उमा उपाध्याय
गोरखपुर

### करुणा

करुणा
शब्द...
कुछ अजीब,
कुछ बेतुके,
कुछ ज्ञानप्रद,
कुछ घृणास्पद,
कुछ सत्य,
कुछ असत्य
जब आते हैं हृदय की गहराईयों तक,
नजरें...
प्रश्न करतीं,
शंकालु,
संदेह भरी,
अनिष्ट की संभावना से पूर्ण
जब भी पड़तीं हैं
किसी निरपराध अज्ञान पर
तो...
हृदय से उठता है..
एक चित्कार,
एक आत्मग्लानि,
उत्पन्न होते हैं
कैसे खुंखार भाव...
कि गला घोंट दें बुराईयों का,
अस्तित्व ही मिटा दें..
चोरी, असत्य जैसे नकारात्मक भावों का,
सत्य को क्यों नहीं समझते हैं ये लोग,
जब भी बताना चाहा 'सत्य'
रुप दे दिया गया उसे क्रोध का
और आज
यह सब सुनकर भी
पी गयी सब तो
'नीलकंठ' के सद्दश
अश्रुओं ने असफल प्रयत्न किया
रहस्य खोलने का,
नहीं...
मुझे रोकना है यह सब,
नष्ट करने हैं मनोविकारों को,
शब्द कैसे भी हों सुनने हैं,
बस सुनने ही तो हैं,
नहीं कर सकती प्रतिवाद
क्यूंकि... इसे ही तो क्रोध का रुप दिया गया है,
जो एक मनोविकार ही है,
क्रोध को दबाने से, जो उत्पन्न होता है,
वह करुणा ही तो है।।

## चित्र पदर्शनी





वीर मिश्रा
उम्र - 5 वर्ष, गोरखपुर

1. हमें अपना फीडबैक, सुझाव या टिप्पणियां देने के लिए दिए गए बार कोड को स्कैन करें या मेल करें।
2. आप हमें अपनी रचनाएं, कविता या आलेख भी भेज सकते हैं। जिसे हम अपने आने वाले अंक पर प्रकाशित करेंगे।

SCAN ME

Email- thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# केदार, पंचकेदार तथा वासुकी ताल की अवधारणा और दर्शन

**घुमक्कड़ की पाती**

मन्दाकिनी नदी अलकनंदा नदी की एक सहायक नदी है। इस नदी का उद्गम स्थान यही चाराबाड़ी हिमनद है। सबकुछ शांत और मौसम बहुत ही ठंडा है। इस समय तापमान की बात करें तो जीरो के आसपास या फिर माइनस में होगा।



संजय शेफर्ड
नई दिल्ली

रात की खामोशी में धीरे-धीरे सबकुछ सिमटते हुए एक नदी के शोर में घुलकर रह गया था। पर यह शोर भी इतना शांत, सधा और संगीतमय था कि मन कहीं अटक सा गया। देर रात टेंट से निकलकर बाहर आया तो मंदाकिनी अपनी शिथिलता लिए बहुत ही मंद गति से बह रही थी। मन्दाकिनी नदी अलकनंदा नदी की एक सहायक नदी है। इस नदी का उद्गम स्थान यही चाराबाड़ी हिमनद है। सबकुछ शांत और मौसम बहुत ही ठंडा है। इस समय तापमान की बात करें तो जीरो के आसपास या फिर माइनस में होगा। यह इस जगह के लिए कोई नई बात नहीं है। सर्दी के मौसम में अक्सर ऐसा होता है। इस मौसम में वैसे भी यहां कोई नहीं आता है और जो लोग मंदिर आते भी हैं तो उन्हें दूर दूर तक सफेद बर्फ के फैलाव के अलावा कुछ और नजर नहीं आता है। मेरे लिए यह यात्रा एक रोमांच का विषय था इसलिए दिल्ली से सीधे केदारनाथ मंदिर आ गया।

इस ज्योतिर्लिंग की स्थापना का इतिहास यह है कि हिमालय के केदार श्रृंग पर भगवान विष्णु अवतार महातपस्वी नर और नारायण ऋषि तपस्या करते थे। उनकी आराधना से प्रसन्न होकर भगवान शंकर प्रकट हुए और उनके प्रार्थना अनुसार ज्योतिर्लिंग के रूप में सदा वास करने का वर प्रदान किया। यह स्थल केदारनाथ पर्वत राज हिमालय के केदार नामक श्रृंग पर अवस्थित हैं। इसी जगह की महत्ता से पंच केदार की महिमा जुड़ी हुई है। पंच केदार की कथा ऐसी मानी जाती है कि महाभारत के युद्ध में विजयी होने पर पांडव भ्रातृ हत्या के पाप से मुक्ति पाना चाहते थे। इसके लिए वे भगवान शंकर का आशीर्वाद पाना चाहते थे, लेकिन वे उन लोगों से रुष्ट थे।

भगवान शंकर के दर्शन के लिए पांडव काशी गए, पर वे उन्हें वहां नहीं मिले। वे लोग उन्हें खोजते हुए हिमालय तक आ पहुंचे। भगवान शंकर पांडवों को दर्शन नहीं देना चाहते थे, इसलिए वे वहां से अंतर्ध्यान होकर केदार में जा बसे। दूसरी ओर, पांडव भी लगन के पक्के थे, वे उनका पीछा करते-करते केदार पहुंच गए। भगवान शंकर ने तब तक बैल का रूप धारण कर लिया और वे अन्य पशुओं में जा मिले। पांडवों को संदेह हो गया था। अतः भीम ने अपना विशाल रूप धारण कर दो पहाड़ों पर पैर फैला दिया। अन्य सब गाय-बैल तो निकल गए, पर शंकर जी रूपी बैल पैर के नीचे से जाने को तैयार नहीं हुए। भीम बलपूर्वक इस बैल पर झपटे, लेकिन बैल भूमि में अंतर्ध्यान होने लगा। तब भीम ने बैल की त्रिकोणात्मक पीठ का भाग पकड़ लिया।

भगवान शंकर पांडवों की भक्ति, दृढ़ संकल्प देखकर प्रसन्न हो गए। उन्होंने तत्काल दर्शन देकर पांडवों को पाप मुक्त कर दिया। उसी समय से भगवान शंकर बैल की पीठ की आकृति-पिंड के रूप में श्री केदारनाथ में पूजे जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि जब भगवान शंकर बैल के रूप में अंतर्ध्यान हुए, तो उनके धड़ से ऊपर का भाग काठमांडू में प्रकट हुआ। अब वहां पशुपतिनाथ का प्रसिद्ध मंदिर है।

शिव की भुजाएं तुंगनाथ में, मुख रुद्रनाथ में, नाभि मदमहेश्वर में और जटा कल्पेश्वर में प्रकट हुए। इसलिए इन चार स्थानों सहित श्री केदारनाथ को पंच केदार कहा जाता है। इन सभी जगहों पर शिव जी के भव्य मंदिर बने हुए हैं।



मैंने एक रात केदारनाथ में बिताने के बाद अगली सुबह दर्शन किया और वापस लौटने का समय आ गया। लेकिन आपको बता दूं कि मेरे यहां रात रुकने का एक और भी कारण था वह यह कि वासुकी ताल का सफर तय कर सकूं। यह मंदिर के दाहिनी तरफ क्षीर गंगा के स्त्रोत वाले पर्वत पर स्थित है।



केदारनाथ आने वाला हर इंसान वासुकी ताल के बारे में जरूर सुना होगा लेकिन वहां तक पहुंचना हर किसी की बात नहीं है। खराब मौसम, दुर्गम रास्ते और खो जाने का डर हर बढ़ते कदम को रोक देता है। यही कारण है कि यहां हर साल बमुश्किल 40 से 50 लोग ही पहुंच पाते हैं और जो लोग पहुंचते भी वह वापस लौट भी पाएंगे इस बात को लेकर निश्चिंत नहीं हो पाते। लेकिन फिर भी लोग जाते हैं और वापस भी लौटते हैं।

मैं भी नहीं जा पाता यदि मुझे एनआइएम के वह अधिकारी नहीं मिलते। हमने पूरी तैयारी कर ली थी और हमारे सामने बस अब एक हिम से ढका बहुत ही दुर्गम रास्ता था। थोड़ा बहुत खाने पीने का सामान, एक बहुत छोटा सा पिट्ठू बैग और एक मजबूत डंडा ताकि बढ़ते हुए रास्तों का अनुमान लगाया जा सके। पहला कदम बढ़ाते हुए हृदय थोड़ा सा कांपा, पैर डगमगाए पर हिम्मत काम आई और इसी हिम्मत ने आगे बढ़ने का मुझमें साहस पैदा किया। लेकिन दुर्गमता जितना सोचा था कहीं उससे भी ज्यादा थी। पूरे रास्ते बर्फ और पत्थर से ढके हुए थे। यह हिम से ढके रास्ते भी ना सिर्फ देखने में अच्छे लगते हैं, जब चढ़ो तो सबसे बड़े खतरे के रूप में सामने आते हैं।

पत्थरों पर भरोसा किया जा सकता है लेकिन हिम से पटे रास्तों पर कभी नहीं। मुझे हिमशिखरों और तरह-तरह के पर्वत खंडों के अलावा कुछ भी नजर नहीं आ रहा था। मन हो रहा था कि आगे बढ़कर चूम लूं लेकिन वहां तक पहुंचने का हर रास्ता गायब था। कहीं गहरी ढलान, कहीं खड़ी चढ़ाई, कहीं ऊबड़ खाबड़ पर्वत माला, दूर-दूर तक कहीं कोई समतल जगह थी ही नहीं। लेकिन सोचा कि जब यहां तक आ ही गया हूं तो हार भला क्यों मानना?

हवा में मौजूद ठंडक बढ़ने लगी थी। आकाश में मौजूद बादल धरती की तरफ बढ़ते हुए घेराबंदी करते जान पड़े और देखते ही देखते इतना अंधेरा घिर आया कि मानों रात हो गई हो। फिर भी आगे की तरफ बढ़ता रहा। कुछ देर बाद हवा में ऑक्सीजन की मात्रा इतनी कम हो गई कि सांस लेना मुश्किल होने लगा तो पता चला कि अब मैं 15,500 की ऊंचाई पर पहुंच चुका हूं। तो क्या वासुकी ताल पहुंच गया? मैंने खुदसे पूछा लेकिन कुछ देर बाद मेरी ही आवाज मेरी आवाज की प्रतिध्वनि बन मेरे कानों में लौट आई और बादल किसी शैतान की तरह मेघ बन मुझ पर टूट पड़े।

आखिरकार, वही हुआ जिस चीज की मुझे आशंका थी। तेज बारिश और बादलों की गर्जना के बीच जान बचाना मुश्किल लगने लगा। मैं डरा हुआ था, सहमा हुआ था, ठंड की वजह से मेरा पूरा शरीर कांप रहा था पर अपने लिए निर्णय पर मुझे कोई पछतावा नहीं था। केदारनाथ और वासुकी ताल पहुंचने का जो सुकून था सही मायने में वह मेरे हर डर से बड़ा था और यह मेरी इस यात्रा को हमेशा हमेशा के लिए यादगार बना गया।

**पक्षी ■ पुराण**

# पशु-पक्षियों के मौत को निमंत्रण देती मानवीय आदतें



राहुल सिंह
एसोसिएट प्रोफेसर, विश्व-भारती, शांति निकेतन

मनुष्यों की छोटी छोटी आदतों का जो असर पर्यावरण पर हो रहा है, बहुत हद तक यह संभव है कि उन्हें इस बात का अहसास तक ना हो कि उनकी छोटी सी हरकत ना केवल पक्षियों बल्कि पशुओं के लिए भी जानलेवा साबित हो रही है। अब भी भारत की एक बड़ी आबादी चूहों से निजात पाने के लिए चूहों को मारनेवाले जहर का इस्तेमाल कर रही है। गाँव और कस्बों में तो यहइबात आम थी पर अब इस किस्म के विज्ञापन शहर और सोशल मीडिया तक में देखे जा सकते हैं कि 'इसे चूहे खाये घर में पर मरें जाकर घर से बाहर।' दर असल यह चूहे जब बाहर जाकर मरते हैं या घर में जहर देकर मारे गये चूहों को आप बाहर फेंकते है तो यह बात भूल जाते हैं कि चूहे कुछ पक्षियों को ना प्रिय हैं बल्कि उनकी आहार श्रृंखला का एक जरुरी हिस्सा है। इसका असर उल्लूओं पर देखने को मिल रहा है। कुछेक प्रजाति के उल्लुओं को छोड़ दें तो कई उल्लू तो यूं भी दुर्लभ हो चुके हैं। जो हैं हाल के दिनों में उनकी भी एक दो करके मौत कई क्षेत्रों में दर्ज की गयी है जिसमें दो उल्लुओं के चोंच से खून आने और किसी चोट का निशान की गैर मौजूदगी के कारण इस बात का खुलासा हो सका कि ऐसा प्वायजनिंग के कारण हुआ। लेकिन फिर सवाल उठा कि भला उल्लुओं को जहर देकर कौन मारेगा? और क्यों मारेगा? ऐसा नहीं है कि मनुष्य उल्लुओं की हत्या नहीं करता है। करता है लेकिन वह मरे हुए उल्लुओं को नहीं मारता है, जिंदा उल्लुओं को अंधविश्वास के कारण मारता है। यह भी अजब विडंबना है कि जिस हिन्दू देवी लक्ष्मी का वाहन है उल्लू, उसी लक्ष्मीपूजन की रात अंधविश्वास के कारण उल्लुओं की बलि देने की प्रथा धनपशुओं के बीच मौजूद है। लेकिन इन उल्लुओं की बलि नहीं दी गयी थी, बल्कि जहर के कारण आंतरिक रक्तस्राव की वजह से इनकी मृत्यु हुई थी। तब जाकर चूहों को जहर देकर मारने से होनेवाले एक नये नुकसान का पता चला। जैसे कुछ समय पहले गिद्धों की घटती संख्या के मूल में मनुष्यों के लिए इस्तेमाल की जानेवाली दर्दनिवारक दवा डाइक्लोफैनिक की भूमिका निकल कर सामने आई थी। दर असल हुआ यह था कि मनुष्यों के लिए इस्तेमाल की जानेवाली इस दवा को पशुओं के लिए इस्तेमाल किया जाने लगा था। गिद्ध जो मुदाखोर होते हैं। इन मरे पशुओं को खाकर अपना अस्तित्व बनाये हुए था। इस डाइक्लोफैनिक के असर से उनकी मौतें होने लगीं थीं। 2008 में इस दवा पर भारत सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था। यूँ भी खत्म होती खेती के कारण मवेशियों की संख्या कम होती गयी है, गांव और कस्बों में वह ठिकाने भी खत्म हो गये जहाँ मृत मवेशियों को फेंका जाता था। गिद्ध भी अब भारत में कुछ अभयारण्यों और संरक्षित जगहों तक सिमट कर रह गये हैं।



तस्वीर - कबूतर।

खेती में होनेवाले कीटनाशकों के इस्तेमाल के पक्षियों पर पड़नेवाले प्रभावों का अध्ययन जारी है। पर उन अध्ययनों से भी जो शुरूआती रुझान सामने आये हैं वह इस तथ्य की ओर संकेत कर रहे हैं कि बहुत से कीटभक्षी पक्षियों पर इसका धीमा ही सही पर असर दिख रहा है। कुछेक कीटों के कीटनाशकों द्वारा नियंत्रित किये जाने से कुछ कीटभक्षी पक्षियों की संख्या प्रभावित हुई है।

मकर संक्रांति में, गणतंत्र दिवस पर औरअन्य कुछ मौकों पर देश के अलग अलग हिस्सों में पतंगबाजी की परम्परा है। पतंगबाजी में बढ़ते चाइनीज धागों और मांझों का एक दुष्प्रभाव यह पड़ा है कि पतंग के धागे जो पेड़ की शाखों और बिजली के पोल आदि पर लटकी रह जाती है, उसमें फंस कर भी बहुत से पक्षी प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में जान गंवाते हैं। चूंकि पतंगबाजी आबादी वाले इलाकों में हुआ करती है तो पतंग के धागों से होने वाली मौतों में कबूतर, कौआ, गौरेया, मैना और बगुलों को देखा जा सकता है। हाईटेंशन तारों के संपर्क में आकर मरने वाले पक्षियों की भी अलग दास्तान है।

पक्षियों की फोटोग्राफी के सिलसिले में की जानेवाली यात्राओं में इस बार एक अनूठी और हैरतंगेज जानकारी हाथ लगी। यद्यपि इसका संबंध पक्षियों से नहीं है पर मनुष्य की आदत से पशु जगत को होने वाले नुकसान से है। पर इस जानकारी तक पहुँच सकने की वजह पक्षी ही रहे। तो हुआ यूं कि वंदे भारत जैसी ट्रैन के परिचालन के साथ ही मवेशियों से टकराने की कई घटनाएं सामने आईं। साथ में रेलवे के कुछ चालक इस दफा बोगी में मौजूद थे। पूछने पर उन्होंने इसके टालने पर कई बातें की। पर एक ऐसी बात भी बताई जिसका संबंध भारतीय रेलवे और भारतीय नागरिक दोनों की आदतों से था। उन्होंने बताया कि रेल की यात्रा में यात्री अपने साथ जो भोजन लाते हैं, उसका कचरा वह चलती ट्रेन से निबटाते चलते हैं। कुछ जो समझदार होते हैं वह सिंक के नीचे उपलब्ध कराई गयी कचरा पेटी में डाल देते हैं। लेकिन उसके भर जाने पर उसको भी चलते हुए ही फेंक दिया जाता है। उन कागज और पालीथीन में बंधी सामग्री के लोभ में गायें और अन्य मवेशी कई बार रेलवे ट्रैक तक आ जाते हैं तो यह हादसा हो जाता है। अगर हम इन छोटी आदतों को सुधार लें तो पशु पक्षियों की दुनिया में होने वाले हादसों में थोड़ी कमी लाई जा सकती है।

Daily THE PHOTON NEWS सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Sunday, 11 February 2024

BRIEF NEWS

## हाईकोर्ट में हाजिर हुए होमगार्ड के डीजी अनिल पालटा

RANCHI : झारखंड हाई कोर्ट में होमगार्ड के जवानों को समान काम के बदले समान वेतन देने से संबंधित अजय प्रसाद की अवमानना याचिका पर सुनवाई शनिवार को हुई। इस दौरान होमगार्ड डीजी अनिल पालटा कोर्ट में उपस्थित हुए। उनकी ओर से कोर्ट को आश्वस्त किया गया कि एकल पीठ के आदेश का अनुपालन 30 दिन में कर दिया जाएगा। इस पर कोर्ट ने उन्हें आदेश का अनुपालन करने के लिए छह सप्ताह का समय देते हुए मामले की सुनवाई चार अप्रैल निर्धारित की है। पिछली सुनवाई के दौरान आदेश का अनुपालन नहीं होने पर कोर्ट ने होमगार्ड के वरीय अधिकारियों को उपस्थित होने का निर्देश दिया था। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने कहा था कि एकल पीठ के आदेश के छह माह बीतने के बाद भी आदेश का अनुपालन नहीं हुआ।

## जेएन कॉलेज धुर्वा में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

RANCHI : जेएन कॉलेज धुर्वा में इंटर के स्टाफ रूम में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इंटरसेक्शन के द्वारा कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर एसके झा, डॉक्टर एसबी जायसवाल, वर्तमान प्राचार्य डॉक्टर अबरार अहमद को फूलों का गुलदस्ता, डायरी और पेन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इंटरसेक्शन की टीचर डॉक्टर मधुमिता विश्वास ने प्राचार्य डॉक्टर अबरार अहमद को फूलों का गुलदस्ता पेश किया वही पूर्व प्राचार्य डॉक्टर एसबी जायसवाल को उषा मिश्रा ने फूलों का गुलदस्ता देकर और पूर्व प्राचार्य डॉक्टर एसके झा को सैय्यद आलम ने फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और उनके लंबी सेहतमंद जिंदगी की कामना की।

## रिजल्ट जारी नहीं होने से अभ्यर्थी नाराज, 16 से करेंगे आमरण अनशन

RANCHI : जेएसएससी जूनियर इंजीनियर की परीक्षा के रिजल्ट प्रकाशित नहीं होने से छात्र नाराज हैं। छात्रों ने बताया कि 3 बार परीक्षा होने के बावजूद अभी तक रिजल्ट जारी नहीं हो पाया है। ये परीक्षा इस बार टीसीएस जैसी विश्वसनीय और विश्वस्तर की एजेंसी से ली गई है। आयोग के कैलेंडर के अनुसार इसका रिजल्ट दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह तक जारी कर दिया जाना था, परन्तु अभी तक इसका रिजल्ट जारी नहीं हो पाया है। इसी संबंध में जूनियर इंजीनियर के अभ्यर्थी 8 फरवरी को जेएसएससी की उप सचिव मधुमिता कुमारी से मुलाकात करने गये। लेकिन देर शाम तक इंतजार करने के बाद भी मधुमिता ने मिलने से साफ मना कर दिया। इसके बाद अभ्यर्थियों का कहना है कि उनके पास अब शांतिपूर्ण ढंग से भूख हड़ताल करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं बचा है। अभ्यर्थियों का कहना है कि अगर 16 फरवरी से पहले डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन लिस्ट जारी नहीं किया गया तो वे आमरण अनशन करने पर विवश होंगे।

## रेल मंत्री से मिले एनडीए सांसद, झारखंड को अलग रेलवे जोन बनाने की मांग

RANCHI : झारखंड के एनडीए सांसदों ने केंद्रीय रेलमंत्री से झारखंड को अलग रेलवे जोन बनाने की मांग की है। सांसद जयंत सिन्हा के नेतृत्व में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू और दीपक प्रकाश ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर उन्हें मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में राज्य के सभी 11 भाजपा और एक आजसू सांसद का हस्ताक्षर है। सांसदों ने कहा कि झारखंड से वंदे भारत एक्सप्रेस समेत राजधानी और इंटरसिटी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों का परिचालन हो रहा है। इसके साथ वृहद स्तर पर राज्य में रेल इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास जारी है। ऐसे में अधिक रेल ट्रैफिक होने के कारण झारखंड को अलग रेलवे जोन बनाया जाना चाहिए।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# अभी जेल में ही रहेंगे पंकज मिश्रा, बेल याचिका खारिज

### 19 जुलाई को मनी लाउंड्रिंग के आरोप में ईडी ने किया था गिरफ्तार



PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की जमानत याचिका हाईकोर्ट से खारिज हो गयी। इससे पहले ईडी की अदालत ने इनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। अवैध खनन से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी पंकज मिश्रा की ओर से अदालत में जमानत याचिका दाखिल की गयी थी। दोनों पक्षों की ओर से जमानत पर सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने इनकी जमानत याचिका खारिज कर दी।

**पंकज मिश्रा 19 जुलाई 2022 को हुए थे गिरफ्तार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने पंकज मिश्रा को 19 जुलाई 2022 को मनी लाउंड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। पूछताछ के लिए ईडी ने पंकज को रिमांड पर भी लिया था, लेकिन पूछताछ के दौरान तबीयत बिगड़ने पर उन्हें रिम्स में भर्ती कराया गया था। इलाज और जांच के दौरान क्रोनिक पैंक्रियाज की पुष्टि हुई थी। रिम्स में भर्ती पंकज मिश्रा को मेडिकल बोर्ड ने नशा मुक्ति केंद्र में इलाज कराने की सलाह दी। मेडिकल बोर्ड के सामने इलाज कर रहे डॉक्टरों ने कहा है कि दर्द की दवा फोर्टवीन (प्रतिबंधित दवा) से हल्की दवा देने पर उनको बेचैनी हो जाती है। ऐसे में नशा मुक्ति केंद्र के अलावा इलाज के लिए कोई दूसरी जगह नहीं बची है।

आठ जुलाई 2022 को ईडी ने पंकज मिश्रा व उनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। पंकज मिश्रा को ईडी के दिल्ली कार्यालय तलब किया गया था। इसके बाद नौ जुलाई को पंकज मिश्रा व अन्य को पूछताछ के लिए ईडी के रांची कार्यालय में हाजिर होने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद पंकज मिश्रा ने बीमारी का बहाना बनाते हुए ईडी से समय मांगा था। इसके बाद वह 19 जुलाई 2022 को पूछताछ के लिए हाजिर हुए थे। लंबी पूछताछ के बाद इन्हें अरेस्ट कर लिया था। इसके बाद उन्होंने ईडी की अदालत में जमानत याचिका दाखिल की थी। यहां से राहत नहीं मिलने पर उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। यहां से भी उन्हें राहत नहीं मिली है।

# बीएसआईडीसी कर्मियों की बकाया राशि के मद में तत्काल 20 करोड़ भुगतान का निर्देश

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड हाईकोर्ट में बिहार स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (बीएसआईडीसी) के कर्मियों के बकाया भुगतान को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बीएसआईडीसी के झारखंड स्थित पांच इकाइयों के कर्मियों की बकाया राशि में से उन्हें 20 करोड़ रुपये तत्काल भुगतान करने का निर्देश बीएसआईडीसी को दिया है। मामले में अगली सुनवाई 22 जून को होगी।

बीएसआईडीसी के कर्मियों की ओर से बकाया राशि के भुगतान को लेकर हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। राज्य सरकार ने बीएसआईडीसी के कर्मियों के बकाया मद में 192 करोड़ की राशि का आकलन किया है। वहीं बीएसआईडीसी ने कर्मियों के बकाया के मद के लिए 105 करोड़ की राशि का आकलन किया है। बीएसआईडीसी कर्मियों का कहना है कि उन्हें सातवां वेतनमान का लाभ मिलना चाहिए।

## रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई 16 को

RANCHI : झारखंड हाई कोर्ट में सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई अब 16 फरवरी को होगी। मामले में शनिवार को न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में आंशिक बहस हुई।

ईडी ने छवि रंजन के खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है। इसमें छवि रंजन, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। हाई कोर्ट में छवि रंजन की जमानत अर्जी पर ईडी के जवाब का उनकी ओर से प्रति उत्तर दिया जा चुका है।

इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को ईडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे, जिसके बाद 14 अप्रैल को ईडी ने सात आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इन पर जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ करने का आरोप था। बाद में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इस मामले में संलिप्तता के आधार पर चार मई 2023 को गिरफ्तार किया गया था।

# दक्षिण-पूर्व रेलवे जोन में रांची को बेस्ट स्टेशन का मिला खिताब, खेल में भी राजधानी को शील्ड




PHOTON NEWS RANCHI : दक्षिण पूर्व रेलवे के 68वें रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह में रांची रेल मंडल को छह अवार्ड मिले हैं। ये अवार्ड कोलकाता में जीएम अनिल कुमार मिश्रा ने दिये। दक्षिण-पूर्व जोन में रांची ने सबसे बेहतर ट्रेन ऑपरेशन किया है। रांची से 98 प्रतिशत ट्रेनों का ऑपरेशन समय पर किया गया। बेस्ट स्टेशन का अवार्ड भी रांची को मिला है। सीनियर डीसीएम निशांत कुमार को स्टेशन की शील्ड दी गई है। खेल में भी रांची को शील्ड मिली है। यहां की तीन खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे व संगीता कुमारी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हॉकी में परफॉर्म कर रही हैं।

कोलकाता के कलामंदिर सभागार में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में 89 रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवाओं और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर समग्र दक्षता के लिए चक्रधरपुर मंडल को समग्र दक्षता की शील्ड प्रदान की गई। अन्य श्रेणियों में दक्षता शील्ड भी विभिन्न विभागों, कार्यशालाओं और स्टेशनों को दी गई। रांची स्टेशन को बेस्ट केप्ट स्टेशन चुना गया है। वहीं दक्षिण पूर्व रेलवे का सर्वोच्च हेल्थ केयर शील्ड चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुब्रत कुमार मिश्रा को प्रदान की गई।

## झूठ का पुलिंदा है भाजपा का पूरा कुनबा : राकेश सिन्हा

RANCHI : झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर हमला बोला। सिन्हा ने कहा कि भाजपा का पूरा कुनबा झूठ का पुलिंदा है। राकेश सिन्हा ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था रसातल में चली जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को यह बताना चाहिए कि महंगाई कम करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। सिन्हा ने आरोप लगाते हुए कहा कि अग्निवीर योजना लाकर सेना को कमजोर किया गया, देश भक्त युवाओं का मनोबल गिरा, एससी-एसटी समुदायों के खिलाफ 48 फीसदी अपराध के मामले बढ़े और आज देश में 45 साल में सबसे अधिक बेरोजगारी है। सिन्हा ने कहा कि श्वेत पत्र का मकसद अपने काले सच को छिपाना है।

# बीएयू औषधीय व सुगंधीय पौधों से जुड़े अनुसंधान में देश का सर्वोत्तम केंद्र घोषित




PHOTON NEWS RANCHI : भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा संचालित अखिल भारतीय समन्वित औषधीय एवं सुगंधीय पादप तथा पान लता अनुसंधान परियोजना के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) केन्द्र को देश का सर्वोत्तम केंद्र घोषित किया गया है।

उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में संपन्न इस परियोजना की 31वीं वार्षिक समूह बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह ने परियोजना के बीएयू केन्द्र के प्रधान अन्वेषक डॉ कौशल कुमार को इस आशय का प्रमाण पत्र प्रदान किया। वर्तमान में देश के 26 कृषि विश्वविद्यालयों एवं अनुसंधान केन्द्रों में औषधीय एवं सुगंधीय पादप संबंधी यह समन्वित अनुसंधान परियोजना चल रही है, जिसमें कामकाज और प्रदर्शन के आधार पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय केंद्र को सर्वोत्तम केंद्र घोषित किया गया है। इस राष्ट्रीय परियोजना का मुख्यालय आणंद, गुजरात है।

## बीएयू के वैज्ञानिक डॉ अरुण को मिला फेलो अवार्ड

RANCHI : बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग के वैज्ञानिक डॉ अरुण कुमार को सोसाइटी फॉर रेपसीड मस्टर्ड रिसर्च द्वारा फेलो अवार्ड प्रदान किया गया है। राजस्थान के जयपुर स्थित राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान में 7 से 9 फरवरी तक आयोजित पांचवें राष्ट्रीय सरसों वर्गीय फसल (ब्रैसिका) सम्मेलन में उन्हें यह अवार्ड आईसीएआर के पूर्व उप महानिदेशक (शिक्षा) डॉ अरविंद कुमार ने प्रदान किया। सम्मेलन में उन्होंने रेपसीड मस्टर्ड उत्पादन द्वारा देश की खाद्य तेल सुरक्षा में योगदान करने वाला एक उभरता हुआ राज्य होगा झारखंड विषय पर अपना शोध पत्र भी प्रस्तुत किया। टिकाऊपन, लाभप्रदता और पोषण सुरक्षा के लिए सरसों वर्गीय तेलहन विषय पर इस सम्मेलन का आयोजन रेपसीड मस्टर्ड सोसाइटी सरसों अनुसंधान निदेशालय भरतपुर एवं श्री करण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था।

# झारखंड युवा व महिला मोर्चा का किया गया गठन

PHOTON NEWS RANCHI : बुडमू प्रखंड झामुमो पार्टी कार्यलय में शनिवार को एक अहम बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष भुनेश्वर साहू जबकि संचालन शमीम बड़ेहार ने किया। झामुमो युवा मोर्चा अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, सचिव सोनू मुंडा, उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा, संगठन सचिव विश्वजीत गोप अल्पसंख्यक मोर्चा के सचिव सुजीत कुजूर, महिला मोर्चा अध्यक्ष नयनतारा उरांव, उपाध्यक्ष राखी देवी, नगडी प्रखंड के अध्यक्ष विनोद तिर्की, महिला अध्यक्ष सुकरमणि देवी, उपाध्यक्ष सोमरी देवी, नामकुम प्रखंड सचिव मुजाहिद हुसैन बतौर अतिथि शामिल हुए।



बैठक में शामिल मोर्चा के सदस्य।

इस दौरान युवा मोर्चा का गठन किया गया जिसका अध्यक्ष कृष्णा मुंडा, सचिव अशोक कुमार साहू, उपाध्यक्ष मनोज मुंडा, कृष्ण मुर्मू संगठन सचिव फारूक अंसारी। तथा महिला मोर्चा के अध्यक्ष सुषमा देवी, सचिव रीता देवी, उपाध्यक्ष चिंतामनी मिंज, आशा हंसदा, संगठन सचिव लक्ष्मी देवी, सह सचिव विराशमणि देवी, आरती देवी को निर्वाचित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोद कुशवाहा, सुरेश यादव, प्रदीप यादव, रघुवीर साहू, निर्मल मुर्मू, उदित मुंडा, हरकनाथ महतो, अख्तर अंसारी, एहसान अंसारी, मुरसिम लाल मांझी, लाला महली, हीरा लाल, कुदरत अंसारी, सुषमा देवी, आरती देवी, लालमणि कुमारी, चिंतामणि मिंज, दुर्गा हांसदा, अर्जुन पहान, रतन उरांव, विजय यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए ।

# यूपीए सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को कर दिया था खोखला : प्रदीप वर्मा

PHOTON NEWS RANCHI : भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने 2004-14 के दौरान देश की इकोनॉमी को खोखला करने का आरोप कांग्रेस पर लगाया। वर्मा ने कहा कि 2004-14 के दरम्यान देश में कांग्रेस के नेतृत्व में यूपीए की सरकार रही। इस दौरान देश की इकोनॉमी को खोखला कर दिया गया था। 2जी, कॉमनवेल्थ गेम्स, कैश फॉर वोट, लैंड स्कैम, शारदा चिट फंड घोटाला जैसे घोटालों की लंबी फेहरिस्त सामने आयी। संसाधनों की लूट हुई।

प्रदीप वर्मा ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इस पर आंखें बंद रखीं। जब नरेन्द्र मोदी ने 2014 में देश की सत्ता संभाली, उस समय जर्जर इकोनॉमी व्यवस्था के साथ देश मिला। सरकार उसी समय चाहती तो श्वेत पत्र ला सकती थी,



मीडिया को संबोधित करते प्रदीप वर्मा व अन्य। ● फोटोन न्यूज

पर इससे देश का आर्थिक खोखलापन देश के सामने जाहिर होता। अब 10 साल बाद (2024) केंद्र के स्तर से श्वेत पत्र लाया गया है, जिससे पता लगता है कि देश सुरक्षित हाथों में है। अर्थव्यवस्था का कायापलट हुआ है। देश की इकोनॉमी बेहतर और तेजी से गतिशील हुई है।

वर्मा ने कहा कि यूपीए सरकार के समय अर्थव्यवस्था ठहर गयी थी। मुद्रास्फीति दोहरे अंकों तक पहुंच गयी थी, जो आज पांच प्रतिशत के आसपास है। आज जीएसटी व्यवस्था के चलते डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक का कलेक्शन है और किसी भी सरकारी योजना के लिए पैसे की कमी नहीं है। यूपीएस सरकार में बहुआयामी गरीबी 29.2 प्रतिशत थी, जो अब 11.36 प्रतिशत रह गयी है। पूर्व में 350 स्टार्ट अप ही शुरू हुए थे। पिछले 10 सालों में यह एक लाख 17 हजार 257 हो गया है। पहले मेट्रो रेल 5 शहरों में ही था जो अब 20 शहरों में हो चुकी है।

# प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम मोहम्मद से मिले कांग्रेसी

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड सरकार को बने हुए 4 साल बीत चुके हैं परंतु अभी तक अधिकांश संवैधानिक संस्था जैसे अल्पसंख्यक वित्त निगम,वक़्फ़ बोर्ड, महिला आयोग, रांची एवं अन्य जिले में 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति का गठन इत्यादि का अभी तक नहीं बन पाया एवं पार्टी एवं सरकार में अल्पसंख्यको, आदिवासियों, दलित एवं पिछड़े वर्गों की उचित भागीदारी देने की मांग की है इसी की मांग के लिए रांची जिला से जिला कांग्रेस के पदाधिकारी नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम मोहम्मद आमिर से मिलकर अपनी मांगों को रखा प्रभारी ने उनकी बातों को गंभीरता पूर्वक सुना और आश्वासन दिए की जल्द से जल्द इसका गठन कर लिया जाएगा एवं पार्टी के वरिष्ठ और अनुशासित


गुलाम मोहम्मद से मिलते कांग्रेसी।

सिपाहियों को इसमें मौका दिया जाएगा प्रभारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कार्यकताओं को जमीन से जुड़कर कार्य करने की आवश्यकता है जिससे कि झारखंड की अधिकांश सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित हो सके।

प्रभारी से मिलनेवालों में मुख्य रूप से रांची जिला कांग्रेस के सदस्यता प्रभारी एवं महासचिव गुलजार अहमद,महासचिव चंदन बैठा, महासचिव जफर इमाम, महासचिव गौरी शंकर महतो,शमीम अख्तर आजाद उपस्थित थे।

### मोरहाबादी में 12 को जेएसएलपीएस का महासम्मेलन, डीसी ने की बैठक, बोले-

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना कार्यक्रम का उद्देश्य

PHOTON NEWS RANCHI : मोरहाबादी में 12 फरवरी को जेएसएलपीएस की ओर से आयोजित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का एक्सपोजर और क्षमता संवर्द्धन शिविर-सह-महासम्मेलन की तैयारी को लेकर शनिवार को समाहरणालय सभागार में डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने बैठक की। डीसी ने राज्य स्तरीय इस महासम्मेलन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये।

डीसी ने पदाधिकारियों से महासम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की। डीसी ने कहा कि इस महासम्मेलन में शामिल होने वाली स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के सुरक्षित आने-जाने, भोजन-पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्हें किसी प्रकार कि समस्या ना हो, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि तैयारी ऐसी करें कि कार्यक्रम एक मिशाल बन जाये।


बैठक में उपस्थित उपायुक्त व अन्य अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

## राज्य के सभी जिलों से महिला समूह की दीदियां होंगी शामिल

डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्य के सभी 24 जिलों से महिला समूह की दीदियां भाग लेंगी, जिसमें प्रतिभागियों की संभावित संख्या 30 हजार से 35 हजार होगी। रांची जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट होगा। इसको लेकर डीसी ने संबंधित अधिकारी को लाइव टेलीकास्ट कराना सुनिश्चित कराने को कहा।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य सखी मंडल की महिला सदस्यों को सामाजिक-आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करना, विभिन्न आजीविका माध्यमों का एक्सपोजर देना, महिलाओं का क्षमता संवर्धन और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। यह कार्यक्रम इन महिलाओं को अपनी सफलता की कहानियों, चुनौतियों और नवीन समाधानों को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। साथ ही अपने सहयोगियों एवं सहकर्मियों से कुछ नया सीखने का अवसर प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में एनआरएलएम के अंतर्गत योग्य समूहों को रिवॉलविंग फंड, सामुदायिक निवेश कोष, बैंक लिंकेज की राशि वितरित की जायेगी। इस कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों की दीदियों के द्वारा निर्मित उत्पाद की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए सम्मेलन स्थल पर स्टॉल भी लगाए जायेंगे। कार्यक्रम में सरकार के विभिन्न विभागों की योजनाओं के लाभुकों के रूप में महिला समूह की सदस्यों के बीच परिसंपत्ति का वितरित भी किया जायेगा।

बैठक में रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, डीडीसी दिनेश कुमार यादव, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, एसडीओ उत्कर्ष कुमार, आईपीएस अधिकारी याकूब, परियोजना निदेशक, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस प्रवीण कुमार एवं संबंधित सभी अधिकारी उपस्थित थे।

## यह कार्यक्रम हम सभी के लिए काफी महत्वपूर्ण : डीसी

डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि यह कार्यक्रम हम सभी के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसका सफल आयोजन कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। यह गौरव कि बात है कि ऐसे कार्यक्रम रांची में संपन्न कराये जा रहे हैं। डीसी ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी ईमानदारी पूर्वक अपना योगदान दें।संबंधित अधिकारी मिनट टू मिनट कार्यक्रम की रिहर्सल करें। सीटिंग अरेंजमेंट, खाने की व्यवस्था, पेयजल, बिजली, शौचालय, पार्किंग, स्वागत, ट्रैफिक, फायर सेफ्टी, बैकड्राप, स्टेज की साज-सज्जा आदि की व्यवस्था बेहतर तरीके से करें, ताकि कोई चूक न हो सके।

# मदीना ट्रेवल्स ने 90 जायरीन को हज उमरा के लिए किया रवाना

PHOTON NEWS RANCHI : मदीना ट्रेवल्स ग्रुप गिरिडीह पिछले 13 वर्षों से हज उमराह करा रही है। मदीना ट्रेवल्स झारखंड, बिहार और बंगाल का एक उभरता हुआ नंबर वन उमराह ट्रैवल एजेंसी है। आज 90 जायरीन को उमराह के लिए रांची से जद्दा बाई फ्लाइट रवाना हुए। इस मौके पर बोलते हुए मदीना ट्रेवल्स ग्रुप के मौलाना इलियास मजाहिरी ने कहा कि आज 90 लोगों का जत्था आज रांची से जा रहा है। एक के बाद एक हज और उमरा करो, क्योंकि ये दोनों गरीबी और गुनाहों को उसी तरह दूर हटाता हैं जैसे जलती भट्ठी लोहे से जंग को हटा देती है। मौलाना ने कहा की मुझे काम करने पर यकीन है। इस जत्थे में झारखंड,बिहार, बंगाल, उड़ीसा के हैं। मेरा यह काम करने का मकसद झारखंड के मुसलमानो के खिदमते खल्क करना है। मक्का में 500 मीटर की दूरी और मदीना में 600 मीटर की दूरी पर ठहराया जाएगा। सभी जायरीन को मक्का



और मदीना की 50 से अधिक जगहों की जियारत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी जायरीन को बस की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। सभी जायरीन को भारतीय भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। मदीना टूर एंड ट्रेवल्स के प्रत्येक जायरीन को पैकेज में एयरलाइंस का टिकट, वीजा इंश्योरेंस के साथ, ट्रांसपोर्ट, नाश्ता दिन और रात का खाना, लॉन्ड्री की सुविधा मक्का और मदीना दोनों जगह में मिलती है। यह जत्था मौलाना सलाउद्दीन के नेतृत्व में जा रहा है। वहीं मौलाना मोहम्मद जौहर मजाहिरी ने कहा इस जत्थे में झारखंड के कई जिलों के जायरीन उमराह पर जा रहे हैं। 65 हजार में दिल्ली टू दिल्ली और 72 हजार में रांची टू रांची है।

THE PHOTON NEWS



BRIEF NEWS

## श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में राणीसती दादी की हुई पूजा



**ROURKELA :** राणीसती दादी के भक्तों ने पवित्र अमावस्या पर पुराना स्टेशन रोड के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में दादी जी की पूजा अर्चना किया गया। श्रद्धांलुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया। शनिवार की शाम आयोजित प्रसाद कार्यक्रम में श्री नारायणी नमो नमो के दीपक मोदी, कन्हैया बगड़िया, मनोज अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, अमित मोदी, प्रदीप लाठ, सूरज बापोडिया, राजेश गर्ग समेत दर्जन भर सदस्यों ने दादी जी की पूजा अर्चना की और राहगीरों से लेकर श्रद्धांलुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया।

## राउरकेला में भाजपा का वार्ड चलो अभियान शुरू



**ROURKELA :** भाजपा के वार्ड चलो अभियान के अवसर पर राउरकेला विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 25, वार्ड नंबर 1 पर घर-घर जाकर जनता से मोदी की गारंटी के बारे में जानकारी दिया गया एवं बीजेपी सरकार के उपलब्धि के बारे में लोगों को अवगत करवाए। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता धीरेन सेनापति और भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## ट्रेड यूनियनों का देशव्यापी हड़ताल 16 फरवरी को



**ROURKELA :** सीआईटीयू ने 16 फरवरी को देशव्यापी 12 घंटे की हड़ताल का आह्वान किया है। सुंदरगढ़ मोटर कर्मचारी यूनियन की हड़ताल को सफल करने के लिए राउरकेला न्यू बस स्टेशन में तैयारी बैठक आयोजित की गई है। इस दौरान लोगो को जागरूक किया गया।

## दुर्घटना से बचाव के लिए सड़क मरम्मत की मांग



**ROURKELA :** राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को शनिवार को बिसरा चौक से होते बंडामुंडा रोड की मरम्मत के लिए स्थानीय लोगो ने ज्ञापन सौपा। आमलोगों को होने वाली परेशानी और हों रहे दुर्घटना के बारे में जानकारी दी। रोड की मरम्मत की जल्द-जल्द मांग की गई। इस रास्ते से आवाजाही करने वाले लोगो को सुरक्षित महसूस हो। आए दिन होने वाले दुर्घटना से लोग सुरक्षित रहें। यह जानकारी बंडामुंडा सामाजिक कार्यकर्ता चंदन तराई एवं उनके सदस्यों ने एनएच अधिकारी से मिलकर ये जानकारी दी।

## विरमित्रपुर में घर घर शंख कार्यक्रम आयोजित



**ROURKELA :** विरमित्रपुर नगरपालिका के वार्ड नंबर 5 में बीजू महिला जनता दल की महिला अध्यक्ष पद्मिनी नायक के नेतृत्व में घर-घर शंख कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में बीजू महिला जनता दल के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। नवीन सरकार की उपलब्धता के बारे में जनता को जानकारी दी। इस क्रम में विरमित्रपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारिलीपेटा ग्राम पंचायत में बीजू प्रेमियों और बीजेड़ी कार्यकताओं ने ₹घर घर शंख₹ नामक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का एकमात्र उद्देश्य लोगों को नवीन सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना है।

## एसपी ने की पांच इंस्पेक्टर पोस्टिंग की, रामगढ़ थाना प्रभारी बने अजय कुमार

**RAMGARH :** रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने जिले में पांच इंस्पेक्टर की पोस्टिंग की है। पुलिस निरीक्षक अजय कुमार साहू को रामगढ़ थाना का प्रभारी बनाया गया है। वहीं जिला के पतरातू अंचल, गोला अंचल जो रिक्त था, उसमे नए पुलिस निरीक्षकों को पदस्थापित किया गया है। एसपी ने रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू को बनाया है?। वही पतरातू अंचल का पुलिस निरीक्षक योगेंद्र सिंह को बनाया गया है। गोला अंचल का पुलिस निरीक्षक पंकज कुमार को बनाया गया है।

# 10 लाख का इनामी माओवादी लालदीप गंझू ने किया सरेंडर

### 20 वर्षों से जुड़ा हुआ था संगठन से, हिंसक घटनाओं को देता था अंजाम

**PHOTON NEWS LATEHAR :** भाकपा माओवादी का जोनल कमांडर कलटू उर्फ लालदीप गंझू ने शनिवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। लालदीप 10 लाख रुपए का इनामी नक्सली है। इस पर लातेहार जिले के अलावे चतरा और बिहार के विभिन्न जिलों में कई नक्सली कांड से संबंधित मामले दर्ज हैं। शनिवार को पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के कार्यालय के सभागार में लालदीप ने एसपी के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि नक्सली जोनल कमांडर लालदीप पिछले 20 वर्षों से माओवादी संगठन से जुड़ा हुआ था और विभिन्न बड़े नक्सलियों के साथ मिलकर हिंसक घटनाओं को अंजाम देता था। परंतु पुलिस के द्वारा इन दोनों चलाए जा रहे नक्सलियों के खिलाफ बड़े अभियान से माओवादी काफी कमजोर हो गए हैं। इसी बीच लालदीप ने सरकार के आत्मसमर्पण नीति का लाभ लेते हुए पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करना चाहा। एसपी ने बताया कि लालदीप को आत्मसमर्पण नीति के तहत मिलने वाले लाभ की पूरी जानकारी दी गई। इसके बाद लालदीप ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली लालदीप ने बताया कि वह 12 वर्ष की उम्र में ही नक्सली संगठन में शामिल हो गया था। 20 वर्षों तक वह कई बड़े नक्सलियों के संपर्क में रहा और नक्सली घटनाओं में शामिल भी रहा। परंतु अब नक्सली संगठन बाहर निकाल कर वह समाज के मुख्यधारा से जुड़कर रहना चाहता है। इसलिए उसने पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण किया है।



एसपी के समक्ष आत्मसमर्पण करते लालदीप गंझू। ● फोटोन न्यूज



## बीएड के नव नामांकित छात्रों के बीच फ्रेशर्स मीट का आयोजन

**कोल्हन विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त एमबीएनएस इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन में शनिवार को बीएड के नव नामांकित छात्रों के बीच फ्रेशर्स मीट का आयोजन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। विद्यार्थियों को महाविद्यालय के नियमों के बारे में जानकारी दी गई।**

# दुमका में पांच साइबर अपराधी धराए

**PHOTON NEWS DUMKA :** जिले के तालझारी थानाक्षेत्र के बेहराकुंडा दंगाल से पुलिस ने पांच साइबर अपराधियों गिरफ्तार किया है। इनमें सरैयाहाट थाना क्षेत्र के चंद्रा गांव निवासी शुभम यादव (23), विकास यादव (19) एवं पंकज यादव (19), थाना क्षेत्र के ही आमघटा गांव निवासी चन्दन यादव (25) एवं तालझारी थाना क्षेत्र के तरूण गांव निवासी सुनील यादव(19) शामिल हैं। इनके के पास से विभिन्न कम्पनियों के 14 स्मार्टफोन, विभिन्न बेंकों के चार डेबिट कार्ड, विभिन्न कम्पनियों के 8 सिमकार्ड एवं बिना नंबर के दो कार मिले हैं।



बताया जाता है कि इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक को मिली थी। इसके बाद एसडीओपी, जरमुन्डी संतोष कुमार के दिशा निर्देश पर इंस्पेक्टर दयानंद साह के नेतृत्व में छापेमारी टीम जब मौके पर पहुंची तो सभी भागने लगें। पुलिस ने खदेड़ कर पांच युवकों को धर दबोचा।

# व्यवसायी से हुए लूटकांड का खुलासा, तीन धराए

**PHOTON NEWS KHUNTI :** अड़की थाना की कोरवा घाटी में लगभग एक माह पूर्व खूंटी के एक व्यवसायी अशोक कुमार से हथियार की नोंक पर हुई लूट में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने लूटकांड का खुलासा कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों में पश्चिम सिंहभूम जिले के बंदगांव निवासी और वर्तमान में सिंह मोड़ जगन्नाथपुर में रहने वाला पुष्पेंद्र यादव, कर्रा थानांतर्गत घुनसुली गांव का अनूप सांगा तथा सायको थानांतर्गत किताहातू गांव निवासी नारायण सिंह मुंडा शामिल हैं। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने व्यवसायी से लूटी गई मोटरसाइकिल की चाबी, लूटे गए पैसे , मोबाइल तथा लूट में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर लिया है।

एसडीपीओ ने बताया कि 13 जनवरी को हुई लूट के इस मामले को पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने गंभीरता से लेते हुए कांड के उद्वेदन के लिए परीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक सह सायको थाना प्रभारी रामप्रवेश कुमार के नेतृत्व मंओ एसआइटी का गठन किया था।

एसआइटी टीम ने तकनीकी सहयोग एवं गहन अनुसंधान के क्रम में अप्राथमिकी अभियुक्तों को हिरासत में लेकर जब उनसे पूछताछ की तो मामले का खुलासा हो गया।

# सुंदरगढ़ में सूचना का अधिकार अधिनियम पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**PHOTON NEWS SUNDARGARH :** जिला प्रशासन सुंदरगढ़ और जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय सुंदरगढ़ के तत्वावधान में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज अभासी के माध्यम से स्थानीय सद्भावना भवन में आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण शिविर में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 4 (1) ख पर प्रशिक्षण राज्य सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, भुवनेश्वर द्वारा अभासी के माध्यम से आयोजित किया गया। उन्होंने एक्ट के 17 बिंदुओं पर आवश्यक जानकारी देकर अपडेट करने पर भी गहन चर्चा की। उन्होंने इन आंकड़ों को समय-समय पर अद्यतन करने पर भी जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान आरटीआई अधिनियम के तहत प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों का निर्धारित समय सीमा के भीतर जवाब देने या आवश्यक जानकारी जमा करने के तरीके पर चर्चा हुई। उपाधीक्षक एवं जन सूचना पदाधिकारी द्रौपदी दास, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी नंदिनी मुंडारी, एमभीआई. दलानी सा बैठक में अतिरिक्त जिलापल ज्योती रंजन बाग, सभी संभागीय कार्यालयों के जनसूचना अधिकारियों ने उपस्थित होकर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के संबंध में शंकाओं का समाधान किया।



प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित लोग। ● फोटोन न्यूज

# भगवान राम के दर्शन को अयोध्या रवाना हुए 300 से अधिक तीर्थयात्री

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला से तीन सौ भक्तों ने भगवान राम के दर्शन के लिए अयोध्या के लिए रवाना हुए। संबलपुर से अयोध्या तक चलने वाली आस्था स्पेशल ट्रेन ने पश्चिमी ओडिशा के 16 सौ से अधिक तीर्थयात्री दर्शन के लिए गए। संघ परिवार के विभिन्न हिस्सों के कार्यकर्ता गए है। दो दिन अयोध्या में रहकर राम मंदिर और राम जन्म भूमि पर रुकेंगे। रेलवे स्टेशन पर बीजेपी और संघ के नेताओं और कार्यकताओं ने उन्हें विदाई दी।

दोपहर 12 बजे रेलवे स्टेशन पर संघ परिवार के रमेश अग्रवाल, राजू सिंह, अर्जुन साहू, नरेंद्र साहू, मनोज गौड़ा, अनिता अग्रवाल समेत 300 से अधिक रामभक्तों ने इस ट्रेन से अयोध्या का दर्शन के लिए निकले। भाजपा के धीरेन सेनापति, सुब्रत सामंत रॉय, लतिका पटनायक, बाबू साहू, बाबा साहू, बिमल बिशी, सुजीत चौधरी और कई अन्य लोगों ने उन्हें विदाई दी। जयश्री राम के नारों से स्टेशन परिसर गूंज उठा।



अयोध्या जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर जुटे भक्त। ● फोटोन न्यूज

# कोयला मंत्रालय के अपर सचिव ने मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर का किया उद्घाटन

**PHOTON NEWS DHANBAD :** कोयला मंत्रालय के अपर सचिव एम नागराजू ने शनिवार को धनबाद के बेलगड़िया में मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर का उद्घाटन किया। उन्होंने अधिकारियों संग झरिया मास्टर प्लान के तहत विस्थापितों के लिए बनाए गए बेलगड़िया टाउनशिप और और वहां रह रहे विस्थापितों के आवासों का भी निरीक्षण किया। अपर सचिव ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियो को कई दिशा निर्देश भी दिए।

दरअसल झरिया अग्नि प्रभावित क्षेत्र से विस्थापित होकर बेलगड़िया टाउनशिप में बसे लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए बीसीसीएल के द्वारा यहां मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर की शुरूआत की गई है। बीसीसीएल का सस्टेनेबल डेवलपमेंट सीएसआर के तहत एनएसडीसी के साथ इसको लेकर एमओयू भी हुआ है।

जिसके तहत यहाँ की महिलाओं एवं पुरुषों को रोजगार से जोड़ने के लिए उन्हें फैशन डिजाइनिंग, टैलरिंग, एचईएमएम एवं अन्य तरह के ट्रेनिंग देकर प्रशिक्षित किया जाएगा एवं उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसको लेकर बेलगड़िया के अलावे दूसरा सेंटर बरोरा में भी खोला जाना है। कोयला मंत्रालय के अपर सचिव का बेलगड़िया टाउनशिप दौरे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पूर्व उप मुखिया सीमा देवी ने अवर सचिव को ज्ञापन देकर यहां की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। बेलगड़िया में व्यापत समस्याओं को जान कोल मंत्रालय के अपर सचिव ने अधिकारियों को जल्द से जल्द उन सभी समस्याओं का निवारण करने का दिशा निर्देश दिया।

मौके पर कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद, उपायुक्त वरुण रंजन, बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता, डीपी मुरली कृष्ण रैमया सहित तमाम बीसीसीएल के अधिकारी मौजूद थे।




मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर का उद्घाटन करते एम नागराजू। ● फोटोन न्यूज

# उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने किया फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ

**PHOTON NEWS LOHARDAGA :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने सदर अस्पताल में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपायुक्त ने लाभुक के रूप में 13 वर्षीय किशोर को डीईसी की दवा पिलाकर व एल्बेण्डाजॉल की दवा खिलाकर इस अभियान की शुरूआत की। यह कार्यक्रम 10 फरवरी से 25 फरवरी 2024 तक चलेगा।

मौके पर सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, डॉ डीएन सिंह, एपिडेमियोलॉजिस्ट प्रशांत चौहान समेत बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे। मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन 10 फरवरी को बूथ स्तर पर एवं 11 फरवरी से 25 फरवरी तक घर-घर भ्रमण कर लक्षित जनसंख्या को उम्र के अनुसार डीईसी एवं अल्बेन्डाजोल की एक-एक खुराक खिलाई जायेगी। इस वर्ष लोहरदगा जिला में लगभग 2,59,286 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में कुल 717 बूथ बनाये गये हैं। दवा खिलाने के लिए सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लगभग 1500 कार्यकताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है।

कार्यक्रम की सफलता हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कार्यक्रम में सिविल सर्जन ने लोहरदगा जिले के वासियों से अपील की है कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा नहीं खिलाई जाएगी। एक से दो वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली पानी मे मिलाकर देना है और डीईसी की गोली नहीं देना है। दो से पांच वर्ष के बच्चों को 01 डीईसी एवं 01 एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी।

6-14 वर्ष के बच्चों-किशोर/किशोरियों को 02 डीईसी एवं 01 एल्बेंडाजोल की दवा खिलायी जाएगी। 15 वर्ष या इससे अधिक उम्र के युवाओं, वयस्कों को 03 डीईसी एवं 01 एल्बेंडाजोल की गोली खिलायी जाएगी। दवा का कोई भी साइडइफेक्ट नहीं है। गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को यह दवा नहीं देना है। दवा खाली पेट नहीं देना है। फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जिसकी वजह से प्रभावित अंगों जैसे हाथ पाँव (हाथी पांव) का फूलना और हाइड्रोसिल होता है।



बच्चे को एल्बेंडाजॉल की दवा खिलाते उपायुक्त वाघमारे। ● फोटोन न्यूज

### जिप अध्यक्ष व एडीएम ने दवा खाकर किया फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ

# बीमारी को जड़ से खत्म करना उद्देश्य : शारदा सिंह

**PHOTON NEWS DHANBAD :** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए शनिवार को सदर अस्पताल से धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, प्रभारी एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ज्ञानेंद्र सिंह, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ अमित कुमार सहित अन्य लोगों ने डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की गोली खाकर अभियान का शुभारंभ किया।

जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सभी लोगों को डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की गोली का खुराक अवश्य लेना चाहिए। सरकार द्वारा इसके रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस बीमारी को जड़ से खत्म करना इस अभियान का उद्देश्य है।

वहीं प्रभारी एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने कहा कि सभी लोगों को इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। घर-घर जाकर दवा खिलाने वाले दवा प्रशासकों का सहयोग करें। यह दवा स्वस्थ लोगों को इस बीमारी से बचाने के लिए है। सभी इस अभियान का लाभ उठाएं।

सिविल सर्जन ने कहा कि आज से 25 फरवरी तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम चलाया जाएगा। आज जिले के 2220 बूथ पर 4446 दवा प्रशासक द्वारा 26 लाख से अधिक लोगों को अपने सामने दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। वहीं छूटे हुए लोगों को 11 से 25 फरवरी तक दवा प्रशासक द्वारा घर-घर जाकर अपने सामने डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की खुराक खलाई जाएगी।

एक से दो साल तक के बच्चे को एल्बेंडाजोल की आधी गोली (200 एमजी) पानी में घोलकर, 2 से 5 वर्ष तक को डीईसी की एक गोली (100 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली (400 एमजी), 6 वर्ष से 14 वर्ष तक डीईसी की 2 गोली (200 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली, 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन गोली 300 (एमजी) एवं एल्बेंडाजोल की एक गोली देना है।

वहीं एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अत्यंत वृद्ध एवं गंभीर बीमार व्यक्तियों को दवा की खुराक नहीं दी जाएगी। जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, प्रभारी एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ज्ञानेंद्र सिंह, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ अमित कुमार, वीबीडी सलाहकार रमेश कुमार सिंह, कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ मंजु दास, पीसीआई के जिला समन्वयक अशोक कुमार, पिरामल फाउंडेशन के अमरेंद्र कुमार झा, लायंस क्लब ऑफ धनबाद कोलफील्ड्स के सोमनाथ पृर्थी, राकेश आनंद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



दवा खा कर कार्यक्रम की शुरुआत करती जिप अध्यक्ष। ● फोटोन न्यूज

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने 105 लीटर रिफाइन खाद्य तेल किया जब्त

**PHOTON NEWS DUMKA :** जिले के जामा थाना से महज 200 मीटर की दूरी पर दुमका-देवघर मुख्य मार्ग पर बिजली ऑफिस के समीप विजय भंडारी के घर में शनिवार को जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अमित कुमार ने छापेमारी की। इसमें सात टिन में रखे 105 लीटर अवैध रिफाइन खाद्य तेल, गगन एक्टिव रिफाइन तेल कंपनी का रेपर भारी मात्रा में बरामद किया गया है।

मौके पर मौजूद खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि नकली पैकेजिंग करके रिफाइन तेल को बेचा जा रहा था। छापेमारी के दौरान 7 टिन में 105 लीटर रिफाइन तेल, भारी मात्रा में गगन एक्टिव सोयाबीन रिफाइन आयल कंपनी का रेपर एवं 40 खाली टिन बरामद किया गया है। नकली तेल का सेम्पल उठाकर स्टेट लेबोरेट्री को भेजा जा रहा है। जामा थाना पुलिस की मदद से सभी सामानों को जब्त कर थाना लाया गया है।



गगन एक्टिव के मालिक रंजीत कुमार सिंह ने मकान मालिक विजय भंडारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। इसमें उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर खबर मिली थी कि गगन एक्टिव का रेपर लगाकर जामा में रिफाइन तेल की अवैध कालाबजारी की जा रही है। इसकी सूचना उन्होंने खाद्द सुरक्षा पदाधिकारी को दिया गया। इसके तहत शनिवार को छापेमारी कर अवैध रूप से तेल की कालाबजारी करते पाया गया है।

# बीजेपी की बाड़ेबंदी बुद्ध की शरण में विधायक

## प्रशिक्षण शिविर के लिए रविवार शाम तक बोधगया में रहेंगे सोमवार को फ्लोर टेस्ट

एजेंसी

**गया ।** 12 फरवरी को बिहार विधानसभा में एनडीए सरकार का फ्लोर टेस्ट होना है। इससे पहले सभी पार्टियां अपने विधायकों को एकजुट कर रही है। इस बीच बीजेपी के विधायक भगवान बुद्ध की शरण में पहुंच रहे हैं। गया में पार्टी का प्रशिक्षण शिविर है। रविवार शाम तक पार्टी के विधायक यहीं रहेंगे। ऐसा पहली बार होने जा रहा है कि बिहार BJP अपने विधायकों को बोधगया में दो दिनों तक रखेगी। डिप्टी CM सम्राट चौधरी गया के सर्किट हाउस में होंगे तो, वहीं विजय सिन्हा बोधगया के महाबोधि होटल में रहेंगे। सम्राट चौधरी ने सर्किट हाउस के 5 कमरे अपने नाम से बुक करा रखे हैं। वहीं पूर्व मंत्री जनक राम, प्रमोद कुमार, कटिहार विधायक निशा सिंह ने अपने-अपने



नाम से एक-एक कमरे सर्किट हाउस में ही बुक करा रखा है। इधर बिहार कांग्रेस के विधायक हैदराबाद में हैं। ariaके विधायकों का आज मंत्री श्रवण कुमार के आवास पर भोज है। वहीं 11 फरवरी को JDU के सभी विधायकों की बैठक विजय चौधरी के आवास पर होगी।गया नगर विधायक प्रेम कुमार ने सर्किट हाउस के दो कमरे अपने नाम से बुक कराए हैं। हालांकि प्रेम कुमार के नाम से सर्किट हाउस के कुछ एक कमरे अक्सर बुक रहते हैं।




बाकि बचे भाजपा विधायक बोधगया के अलग-अलग होटल में रुकेंगे। फिलहाल कोई भी विधायक बोधगया या गया नहीं पहुंचा है।भाजपा ने प्रशिक्षण शिविर के नाम पर अपने सभी विधायकों को बोधगया बुलाया है, लेकिन इसके पीछे लालटेन का खेला बिगाड़ने की धमकी का भी असर माना जा रहा है। क्योंकि प्रशिक्षण शिविर किस लिए बुलाया गया है। इसको भाजपा ने अब तक स्पष्ट नहीं किया है और ना ही उनके विधायकों और कार्यकताओं को मालूम है कि प्रशिक्षण शिविर में आखिर किस बात का प्रशिक्षण दिया जाने वाला है। प्रशिक्षण का सब्जेक्ट क्या है ? किसी को मालूम नहीं है। रविवार शाम पटना के लिए होंगे रवाना वहीं जानकारों का मानना है कि भाजपा ऐसा बस अपने विधायकों पर नजर बनाए रखने के लिए कर रही है। 12 बजे दोपहर से पहले पहले सभी विधायकों को बोधगया में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी है। ठीक 12 बजे महाबोधि होटल में प्रशिक्षण शिविर शुरू हो जाएगा। शिविर करीब तीन बजे तक चलेगा। 3 बजे के बाद भाजपा नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। इसके बाद प्रशिक्षण शिविर समाप्त हो जाएगा। फिर अगले दिन यानी रविवार को भी प्रशिक्षण शिविर चलेगा जो 4 बजे तक समाप्त हो जाएगा। इसके बाद सभी अपनी-अपनी गाड़ी से पटना के लिए रवाना हो जाएंगे।

## संक्षिप्त डायरी

### पारिवारिक कलह से तंग आकर महिला ने की आत्महत्या



**जहानाबाद।** जहानाबाद में पारिवारिक कलह तंग आकर एक महिला ने आत्महत्या कर ली है। घटना घोषी थाना क्षेत्र के प्रखंड कॉलोनी का है। जहां मृतका की पहचान घोसी थाना क्षेत्र के प्रखंड कोलीनी निवासी राजू चौधरी की पत्नी शमिला देवी के रूप में हुई है।घटना की जानकारी देते हुए मृतका के भाई नालंदा जिले के खुदागंज थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव निवासी बिरजू चौधरी बताया की 2 साल पहले उसकी शादी हुई थी। शादी की बाद से पति-पत्नी सबकुछ ठीक ठाक चल रहा था। वहीं शुक्रवार की रात मेरे बहनोई ने कर सूचना दिया कि आपकी बहन आत्महत्या कर लिया है।घटना की जानकारी होने पर जब हम लोग उसके ससुराल पहुंचे तो देखा कि मेरी बहन की शव एक कमरे में रखा हुआ है। वहीं उसकी ससुराल वाले घर छोड़कर फरार है। जिससे प्रतीत हो रहा है कि मेरी बहन की उन लोगों ने हत्या कर शव को टांग दिया है।उन्होंने बताया कि मेरी बहन के गले पर कुछ निशान भी दिख रहे है। वहीं इस घटना की सूचना स्थानीये थाने के पुलिस को दी गई है मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। वहीं आसपास के लोग इस घटना के बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर रहे हैं। मृतक के मायके वाले का आरोप कि इन लोगों द्वारा जानबूझकर मेरी बहन की हत्या की है अब जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा की घटना का कारण क्या है।

### बिना लेटर जारी कार्य आवंटित करने पर ठेकेदारों में रोष




**सीतामढ़ी ।** सीतामढ़ी में बगैर निविदा प्रकाशन के ही कार्य आवंटित किए जाने को लेकर संवेदकों में काफी रोष है। जिसे लेकर शुक्रवार की शाम सीतामढ़ी पहुंचे शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक को संवेदकों ने आवेदन सौंपा है। जिसके बाद केके पाठक ने खुद आवेदन लेकर रख लिया।इससे पूर्व भी गुरुवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी और डीएम कार्यालय पहुंचकर संवेदकों ने रोष जताया था और अपनी मांग पत्र डीएम को सौंप दिया था। संवेदक रामकिशोर, अशोक कुमार, विशाल कुमार, बैजू राय, जवाहर कुमार, विकास कुमार, राजकुमार व संतोष कुमार ने इस मामले में कार्रवाई को लेकर हस्ताक्षरयुक्त आवेदन केके पाठक को दिया है।दोषी अधिकारियों पर होगी कार्रवाई उक्त संबेदको ने कहा कि डीईओ कार्यालय अंतर्गत जिला अभियंत्रण कोषांग के द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 2 वर्ष 2023 - 24 का ना तो समाचार पत्र में प्रकाशित किया गया और ना ही इसकी सूचना, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के द्वारा दिया गया। साथ ही विभाग के द्वारा अपने चहेते लोगों को कार्य आवंटित किया गया है। जो निविदा नियमावली का उल्लंघन है। संवेदकों ने केके पाठक को आवेदन देकर संबंधित दोषी अधिकारी व कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। संवेदकों ने बताया कि शिक्षा विभाग में करीब 4 करोड़ का टेंडर होने वाला था। जिसे चुप चाप शिक्षा विभाग के कर्मियों के मिली भगत कर अपने चहेतों के नाम कर दिया गया।

### ड्राई फ्रूट्स कारोबारी के घर 3 लाख की चोरी



**पूर्णिया।** पूर्णिया में बेखौफ चोरों ने शादी समारोह में शामिल होने बेतिया गए ड्राई फ्रूट्स कारोबारी के घर में घुसकर 3 लाख के सामान की चोरी कर ली। शातिर चोर 15 हजार कैश, सोने -चांदी के जेवरात के अलावा लैपटॉप जैसे महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान अपने साथ ले गए। बड़े ही इत्मीनान से घर के ताला काटकर घर में घुसे और फिर इस वारदात को अंजाम दिया। वहीं समूचे घटनाक्रम से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में चोर को आते और वारदात को अंजाम देने के बाद भागते देखा जा सकता है। वहीं पुलिस इन शातिर चोरों की धर-पकड़ में जुट गई है। घटना शहर के सहायक खजांची थाना क्षेत्र के खीरू चौक नवरतन हाता मोहल्ले की है।शहर के खीरू चौक नवरतन हाता मोहल्ले में रहने वाले ड्राई फ्रूट्स कारोबारी अनूप कुमार मुरारका ने बताया कि वे 4 फरवरी को घर बंद कर पूरे परिवार के साथ बेतिया शादी में शरीक होने गए थे। 9 फरवरी की सुबह लौटने पर घर के मुख्य गेट और सभी कमरे का ताला टूटा हुआ पाया। घर का सरका सामान इधर -उधर बिखड़ा था। जबकि एक लेनोवो लैपटॉप, दो सोने का रिंग, एक सोने के कान का रिंग, एक चांदी का बड़ा ग्लास, छह पीस चांदी का सिक्का और पंद्रह हजार कैश घर से गायब थे। चोर अपने साथ करीब 3 लाख का सामान ले गए।

# शादी का दबाव बना रही थी गर्लफ्रेंड, मिली मौत



**गोपालगंज ।** गोपालगंज में यूपी की एक युवती की प्रेम प्रसंग में हत्या कर दी गई। पांच फरवरी को सलेहपुर गांव स्थित गेहूं के खेत से एक अज्ञात लाश मिली थी। लाश के हाथ में टैटू था। पुलिस ने जांच शुरू की तो टैटू के जरिए 9 फरवरी को पता चला कि बॉडी यूपी के जौनपुर की रहने वाली सोनी यादव की है। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, प्रेमी समेत अन्य की तलाश जारी है। पुलिस ने देसी कट्टा और कारतूस भी बरामद किया है। तकनीकी जांच के दौरान पुलिस ने गोपालगंज के ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। बताया गया कि युवती के प्रेमी का भाई इस हत्याकांड में शामिल है। उसने अपने भाई और अन्य लोगों के साथ मिलकर युवती की गोली मारकर हत्या की है। शुक्रवार को प्रेस वार्ता के दौरान एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि महम्मदपुर थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया। सूचना के आधार पर मौके से मिले साक्ष्य के आधार पर घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से अवैध देसी कट्टा, 2 जिंदा कारतूस, 1 खोखा और घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो बरामद किया गया।पूछताछ के क्रम में घटना के मुख्य अपराधी गुलशन यादव ने बताया कि जौनपुर के बरेरी गांव निवासी उमाशंकर यादव की बेटी सोनी यादव का मेरे बड़े भाई रमेश यादव उर्फ राज के साथ कई सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती मेरे भाई का पीछा नहीं छोड़ रही थी। वह शादी के लिए लगातार दबाव बना रही थी। इसलिए साजिश के तहत मैंने अपने भाई और उसकी प्रेमिका को 3 फरवरी की रात सलेहपुर के पास बुलाया। अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या के बाद शव को सड़क किनारे गेहूं के खेत में छिपाने की नीयत से फेंक दिया।लिस ने बताया कि शव के पास मिले साक्ष्य के आधार पर मामले की जांच शुरू की गई।

# ब्रांडेड कंपनियों के नकली उत्पाद बरामद

एजेंसी

**गया।** गया में ब्रांड प्रोटेक्शन कंपनी ने पुलिस की मदद से भारी मात्रा में ब्रांडेड कंपनियों के नकली उत्पाद बरामद किए हैं। हालांकि यह कार्रवाई बन्द घर में की गई। इस वजह से कोई भी आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। पूरा मामला उत्तरी लखीबाग रोड नंबर 1 कोयला वाली गली स्थित मनोज पांडे के मकान का है। वहीं इस मामले 4 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वहीं पुलिस



आगे की कार्रवाई में जुट गई है। थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि छापेमारी में हिमालया कंपनी के नकली उत्पाद, नकली फेविकॉल, फिनाइल, निमाइल, हैंडवाश आदि नकली उत्पाद और उसके रैपर बरामद किए गए हैं।ब्रांड प्रोटेक्शन कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर मुस्तफा हुसैन ने बताया कि उनकी कंपनी देश-विदेश की ब्रांडेड कंपनियों के लिए काम करती है। ब्रांडेड कंपनियों के नकली उत्पादों के बाजार में हो रहे धड़ल्ले से कारोबार का खुलासा करती है। उन्होंने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी मानपुर और गया शहर में ब्रांडेड कम्पनियों के नकली उत्पाद तैयार कर बेचे जा रहे हैं। इस पर पर टीम के सदस्यों ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि उत्तरी लखीबाग स्थित मनोज पांडेय के मकान में नकली उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं और उसे मार्केट में बेचा जा रहा है। इस पर मूफस्सिल पुलिस से सहयोग मांगा।

# नग्न हालत में फंदे से लटका मिला युवक का शव

एजेंसी

**नालंदा ।** नालंदा में शनिवार की अहले सुबह एक कमरे से नग्न अवस्था में फंदे से लटका हुआ युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। घटना लहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गगन दीवान मोहल्ले की है। मृतक की पहचान सोहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत सलेमपुर मोहल्ला निवासी नेजाक आलम का (23) वर्षीय पुत्र नेसाफ आलम उर्फ अमन के रूप में की गई है।घटना के संबंध में लहेरी थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि शनिवार की अहले सुबह पास के कमरे में रहने वाले साथी ने फोन कर पुलिस को सूचना दी कि अमन



फांसी के फंदे से लटक खुदकुशी कर लिया है। वह नग्न अवस्था में है और कान में हेडफोन डाला हुआ है। घटना की सूचना मिलने के उपरांत पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस आशंका जाहिर कर रही है कि युवक किसी से वीडियो कॉल करते हुए कमरे को बंद कर सुसाइड किया है। वह गगन दीवान में रहकर ई-रिक्शा चलाने का काम करता था। आत्महत्या के कारणों पर सस्पेंस बना हुआ है। वहीं, घटना की जानकारी जब युवक के परिजनों की दी गई तो घंटों बाद वे लोग सदर अस्पताल पहुंचे और इस मामले में कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि युवक का मोबाइल लॉक है उसे खुलवाने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल परिजन भी इस मामले में कुछ बताने से परहेज कर रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# छापेमारी करने गई क्यूआरटी टीम पर हमला

एजेंसी

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर जिले के कांटी थाना क्षेत्र के सरमसपुर देर रात उस समय अफरातफरी मच गई। जब गांव में शराब की सूचना पर छापेमारी करने पहुंचे कांटी क्यूआरटी के कुछ जवान गांव के कुछ युवकों को पकड़कर बेवजह पीटने लगे। जिसका कई ग्रमीणों के द्वारा विरोध जताया गया। जिसके बाद क्यूआरटी के जवान कुछ अन्य ग्रामीणों से भी उलझ गए। फिर एकजुट हुए ग्रामीणों के द्वारा क्यूआरटी के जवानों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटने की बात सामने आई है। मामला को बिगड़ता देख क्यूआरटी के जवान गांव में ही



अपनी बाइक छोड़कर किसी तरह जान बचाकर भागे। वहीं, इस घटना से नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर घंटों हंगामा किया गया। इस घटना के बाद नाराज सरमसपुर के ग्रामीणों द्वारा रात्रि में एनएच 27 के पास करीब एक घंटे तक हंगामा किया गया। जिससे हाइवे पर वाहनों का परिचालन भी कुछ समय के लिए बाधित हुआ।इस घटना से नाराज सरमसपुर के ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले दो तीन दिनों से लगातार कांटी थाना में तैनात क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) के जवान रोज रात में गांव पहुंचकर युवकों और ग्रामीणों के साथ मारपीट किया जा रहा था। जिसका ग्रामीणों ने कई बार विरोध भी किया। लेकिन इसके बाद भी क्यूआरटी के जवान अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहे थे। इसी क्रम में आज भी तीन बाइक से पहुचें क्यूआरटी के छह जवानों ने कुछ युवकों की पकड़कर बेवजह पिटाई कर दी गई। जवान गांव में बाइक छोड़कर भागेग्रामीणों के मना करने के बाद कुछ जवान दूसरे ग्रामीणों से भी उलझ गए। जिसके बाद नाराज ग्रामीणों का गुस्सा फट पड़ा। गोलबंद हुए ग्रामीणों ने क्यूआरटी टीम के जवानों पर हमला बोल दिया गया। जहां ग्रामीणों के हमले से घबराए सभी जवान गांव में बाइक छोड़कर अंधेरे में फरार हो गए।

# सड़क हादसे में ड्राइवर समेत 4 जख्मी

**नालंदा।** नालंदा में शुक्रवार की शाम टेंपो और अज्ञात वाहन की टक्कर में टेंपो सवार चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मामला रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहटा-सरमेरा टू लेंन के भंडारी गाँव के पास का है। घायलों की पहचान रहुई थाना क्षेत्र के सोसन्दी गांव निवासी छोटू यादव, आरती देवी,विकास कुमार एवं आशा कुमारी के रुप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है की सोसन्दी गांव से टेंपो रिजर्व कर आरती देवी अपने भाई को देखने चण्डी थाना क्षेत्र के जैतीपुर गांव जा रही थी। इसी बीच बिहटा-सरमेरा टू-लेंन के भंडारी चिमनी पर के पास अज्ञात वाहन ने टेंपो में टक्कर



मार दी, जिससे टेम्पो क्षतिग्रस्त हो गया और उसपर सवार ड्राइवर समेत कुल 4 लोग जख्मी हो गए।दरअसल, आरती देवी का भाई भी सड़क हादसे में जख्मी हो गया था। जिसे वह देखने टेंपो रिजर्व कर घर के अन्य सदस्यों के साथ मायके जा रही थी। तभी यह हादसा हो गया। रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से टेंपो सवार चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

# दांत से 50 किलो बोरी उठाते सिपाही का वीडियो वायरल



**सहरसा ।** सहरसा में दांत से 50 किलो की सीमेंट का बोरी उठाते हुए अग्निशमन कार्यालय के सिपाही का वीडियो वायरल हो रहा है। इस कारनामे को देखकर इलाके में उनकी काफी चर्चा हो रही है। वायरल वीडियो सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड क्षेत्र के अग्निशमन कार्यालय में पदस्थापित सिपाही का है। वही वीडियो गुरुवार का बताया जा रहा है।वही सिपाही की पहचान इंदल पासवान के रूप में हुई है, जो सिमरीबख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत अग्निशमन कार्यालय में पदस्थापित है। इंदल पासवान नौकरी में आने के पहले से इस तरह के कारनामे करते थे। साथ ही साथ प्रत्येक दिन 10 किलोमीटर दौड़ते हैं और घंटों व्यायाम भी करते हैं।इंदल पासवान ने बताया कि मुझे बचपन से ही इन सब चीजों का शोख था। नौकरी में आने के पहले से मैं 50 किलो से 60 किलो तक का बोरी उठाने का प्रयास करता था। वहीं अब मेरा प्रयास 70 किलो तक का बोरा उठाने का है। वैसे 65 किलो तक भी मैने उठाने का प्रयास किया है।

# व्यवसायिक मतभेद में हुई युवक की हत्या

एजेंसी

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर में करीब चार साल पहले युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी दिल्ली के नारायणा थाना क्षेत्र से की है। आरोपी की पहचान जिले के खानपुर थाने के नत्थुद्वार मिंटु पासवान के रूप में की गई है, जिसने हत्या के लिए सुपारी ली थी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मृतक केशव कुमार पासवान और मुख्य आरोपी नीरज पासवान के बीच अपनी-अपनी दुकान को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों किसी दूसरे की जमीन पर अतिक्रमण कर दुकान चला रहे थे। इसमें केशव की दुकान अच्छी चल रही थी।इसी जलन की भावना में



15 नवंबर 2020 को नीरज ने केशव की हत्या के लिए मिंटू को एक लाख रुपए की सुपारी दी। मिंटू ने केशव की हत्या करने के बाद शव बोरे में बंद कर फेंक दिया गया था। जिसे बाद में पुलिस ने बरामद किया था। पुलिस के मुताबिक, वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अपनी पहचान बदल कर दिल्ली भाग गया था। वह वहां मजदूर बनकर काम कर रह रहा था।दरअसल, पुलिस ने 4-5 साल पहले के हत्या के सारे मामलों की फाइल खुलवाई थी। इसी में ये केस भी सामने आया है। इसमें मुख्य आरोपी नीरज कुमार और सुपारी किलर मिंटू का नाम पहले से दर्ज था। पुलिस ने जब आरोपी का मोबाइल नंबर ट्रेस किया तो पता चला कि आरोपी मिंटू दिल्ली में है और वह रोज अपने परिवार से बात करता है। समस्तीपुर पुलिस ने फिर दिल्ली पुलिस की मदद से मिंटू को गिरफ्तार किया गया। जबकि मुख्य आरोपी नीरज पासवान अभी भी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।अब जानिए क्या है पूरा मामला केशव की दुकान ज्यादा चलने से परेशान था नीरज पुलिस ने बताया कि खानपुर थाने के नत्थुद्वार गांव के नीरज कुमार पासवान और केशव कुमार पासवान के बीच अतिक्रमण की हुई जमीन पर दुकान चलाने को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। नीरज और केशव दोनों का दुकान आमने-सामने विवादित जमीन पर था। केशव की दुकान अच्छी चल रही थी, इससे नीरज काफी परेशान था। इसके बाद उसने केशव की हत्या का प्लान बनाया और अपनी बहन के साथ मिंटु पासवान के घर गए। नीरज ने मिटु को केशव की हत्या के लिए एक लाख रुपए का ऑफर दिया। नीरज उसकी बहन और मिंटू तीनों ने मिलकर केशव को पेट्रोल डलवाने के बहाने से घर से बाहर बुलाकर हत्या करने की साजिश रची।योजना के तहत नीरज, मिंटू पासवान गांव के तीनबटिया गए। वहां गाड़ी में पेट्रोल खत्म हो जाने के बहाने केशव को पेट्रोल लेकर बुलाया। गाड़ी में पेट्रोल डालने के बाद खाने-पीने का बहाना बनाते हुए मिंटू पासवान, नीरज पासवान अपनी गाड़ी पर केशव कुमार को बैठा कर नदी किनारे चले गए।इसी दौरान केशव कुमार को शक हुआ तो वह गाड़ी से उत्तर कर भागने लगा।

# काशी और मथुरा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की सराहना करते हुए वाराणसी और मथुरा में हिंदू पक्षों के दावों का समर्थन करके जहां अपने मंतव्य को स्पष्ट किया है, वहीं समाज में आधिकारिक स्तर पर एक विमर्श को भी जन्म दिया है। उत्तर प्रदेश की विधानसभा में मुख्यमंत्री का यह भाषण अनेक अर्थों में कालजयी है, जिसमें समय परिवर्तन की गूंज भी निहित है। ऐसे भाषण की कल्पना पहले असंभव थी। एक नए उभरते भारत के सबसे महत्वपूर्ण राज्य उत्तर प्रदेश में धर्मस्थलों और मंदिरों के शहरों के प्रति लगाव नई दशा और दिशा का सूचक है। मुख्यमंत्री ने राम मंदिर के निर्माण में बाधा डालने के लिए विपक्षी दलों की भी आलोचना की है और साथ ही, उन पर राजनीतिक लाभ के लिए आक्रमणकारियों का महिमामंडन करने का भी आरोप लगाया है। मंदिर बहुल शहरों के विकास पर ध्यान देना प्रशंसनीय है और इसमें संदेह नहीं कि यह काम पहले भी हो सकता था। धार्मिक महत्व के ज्यादातर शहर बुनियादी सुविधाओं के अभाव और गंदगी से बहुत परेशान रहे हैं। अतः अब अगर इस विषय पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है, तो स्वागतयोग्य है। राजनीतिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण राज्य उत्तर प्रदेश में अपने दूसरे कार्यकाल के लगभग मध्य में मुख्यमंत्री ने वाराणसी में ज्ञानवापी और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान की मुक्ति की ओर साफ संकेत किया है। द्वापर में महाभारत से बचने के लिए श्रीकृष्ण ने कौरव सभा में महाराजा धृतराष्ट्र से पांडवों के लिए पांच गांव मांगे थे, ठीक वैसे ही मुख्यमंत्री ने निवेदन किया कि आज हिंदू समाज आस्था के केवल तीन केंद्र मांग रहा है। आधिकारिक रूप से विधानसभा में की गई यह मांग न केवल ऐतिहासिक है, बल्कि इसका व्यापक असर हमारे समाज पर आने वाले दिनों में दिखाई पड़ सकता है। वैसे समुदाय विशेष पहले इस तरह की मांग को एकाधिक बार खारिज कर चुका है। जब प्रधानमंत्री पद पर चंद्रशेखर बैठे थे, तब भी और प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के समय भी यह निवेदन चर्चा में आया था, पर अब तक ऐसे निवेदनों को बहुमत से ठुकराने का इतिहास ही जगह-जगह दर्ज है। तीन भगवान के नाम पर तीन स्थान अगर दे दिए जाते, तो किसी धर्मस्थल को जबरन ढहाने की नौबत शायद न आती। सवाल यह है कि क्या अब समुदाय विशेष में कुछ देने की भावना आएगी? क्या व्यापक समाज में बहुमत के प्रति आदर का भाव आएगा? राज्यसभा सांसद व राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर ने अपनी पुस्तक संस्कृति के चार अध्याय में इशारा किया है कि सद्भाव के लिए बहुसंख्यक समाज यह भूल जाए कि उसके साथ अत्याचार हुआ था और अल्पसंख्यक समुदाय यह भूल जाए कि उसने इस देश पर कभी राज किया था। चूंकि यह सदिच्छा पूरी नहीं हुई है, इसलिए हिन्दुस्तान में सद्भाव की गाड़ी अक्सर पटरी से उतर जाती है। सांप्रदायिकता की बुनियाद पर हमारा बंटवारा भी हो चुका है, मगर अब कतई नहीं। हर समुदाय को तर्क, तथ्य और हालात को समझते हुए आगे बढ़ना होगा। कुछ अच्छी बुनियादी बातों को दिल से लगाए रखने की जरूरत है।

# झारखंड का सियासी तूफान

चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री पद के लिए नामित करके और विश्वासमत में भरोसेमंद जीत सुनिश्चित करके, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और उसके सहयोगियों, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल, ने भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद आये तूफान का बखूबी सामना किया। आदिवासी आबादी बहुल झारखंड उन गिने-चुने राज्यों में बना हुआ है, जिसे भाजपा उस युग की शुरूआत से ही छीन नहीं पायी है, जिसे राजनीति विज्ञानी उत्तर भारत में ह्यभाजपा के वर्चस्व वाली पार्टी प्रणालीह्न का युग कहते हैं। झामुमो नेतृत्व को यह श्रेय जाता है कि उसने मुख्यमंत्री की कुर्सी पर परिवार के एक अन्य सदस्य के बजाय उस नेता को बिठाया जिसकी राज्य के गठन (बिहार से विभाजन के बाद) में बड़ी भूमिका थी, भले ही ऐसा दबाव में और इस धारणा से बचने के लिए किया गया हो कि शिबू और हेमंत सोरेन का परिवार ही अपने प्रतिनिधि के जरिए शासन करेगा। एक तरह से, इसने ज्यादातर क्षेत्रीय पार्टियों में मौजूद उस चलन को उलट दिया, जहां सत्ता उनके सबसे लोकप्रिय नेताओं के परिवारों में केंद्रित रहती है, जो या तो इस तथ्य के चलते हैं कि इससे पार्टी के वित्तीय साधनों पर नेतृत्व के सबसे करीबियों का नियंत्रण बना रहता है या फिर इसलिए कि ऐसी पार्टियां कैडर-आधारित, विचारधारा-चालित इकाइयां बन पाने में नाकाम हैं। चंपई सोरेन को शासन संभालने की जिम्मेदारी देकर, झामुमो ने अपने उस अतीत की ओर लौटने का संकेत दिया है जब वह एक खांटी राजनीतिक दल कम और आंदोलन ज्यादा था। इसके बावजूद, दो मुद्दे हैं जिनसे पार्टी को चिंतित होना चाहिए। चंपई की नियुक्ति इसलिए भी संभव हुई कि हेमंत सोरेन की पत्नी, कल्पना सोरेन की संभावित उम्मीदवारी पर परिवार में विवाद था। और दूसरा, विधायकों को ढोकर कांग्रेस-शासित तेलंगाना में ले जाने का अरुचिकर दृश्य यह दिखाता है कि सत्तारूढ़ गठबंधन इस बात को लेकर निश्चित नहीं था कि उसके झुंड को जोड़कर रखने के लिए वैचारिक झुकाव गोंद का काम करेगा झ्र यह एक ऐसी परिघटना है जो भारत में बहुत से राजनीतिज्ञों का मायूस करने वाला सच बन चुका है। हेमंत सोरेन के इस्तीफे का स्वागत सामान्य परिस्थितियों में भी किया गया होता, जहां सरकार में बैठे किसी भी व्यक्ति को भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगने पर सत्ता छोड़ देनी चाहिए जैसा सोरेन ने कथित जमीन घोटाले में किया।

# जिंदगी परीक्षाओं से कहीं बड़ी और गहरी है

**ANALYSIS**

पंकज जगन्नाथ जायसवाल

मैकाले शिक्षा प्रणाली ने बोर्ड परीक्षाओं और प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों के मन में उथल-पुथल मचा दी है। जबतक नई शिक्षा कार्ययोजना स्कूल, कॉलेज और संस्थानों में व्यवस्थित रूप से लागू नहीं हो जाती, तब तक बच्चों को निराशा, चिंता, नशीली दवाओं के दुरुपयोग और आत्महत्याओं में वृद्धि सहित मानसिक और भावनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समाज के साथ मजबूत रिश्ता और जमीन पर काम करने का दशकों का अनुभव, साथ ही जमीन पर क्रियान्वित प्रणालियों व नीतियों और समाज पर प्रभाव के बारे में उनके व्यापक ज्ञान ने उन्हें शैक्षिक प्रणाली के बारे में बच्चों के दृष्टिकोण एवं उनकी कठिनाइयों को समझने में सहायता की। इसलिए उन्होंने हर साल बोर्ड परीक्षा से पहले छात्रों के साथ परीक्षा पे चर्चा चर्चा शुरू की। यह माता-पिता और बच्चों को परीक्षा को व्यापक और सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने में सक्षम बनाता है, जिससे तनाव कम होता है और मन को आराम मिलता है। प्रश्न और उत्तर सत्र बच्चों और अभिभावकों के बीच किसी भी भ्रम को तुरंत दूर कर देता है। छात्रों को अपनी परीक्षाओं और जीवन के बारे में संक्षेप में क्या जानना चाहिए, आइए देखें। बच्चों को जीवन को व्यापक दृष्टिकोण से समझना होगा कि बोर्ड या प्रतियोगी परीक्षाएँ इस विशाल अस्तित्व का छोटा-सा हिस्सा हैं।

युवा पीढ़ी के लिए यह एक अद्भुत एहसास है, जब देश के प्रधानमंत्री उनका मनोबल बढ़ाने और समर्थन करने के लिए उनके जीवन का हिस्सा बन जाते हैं। वह भी ऐसे समय पर जब तनाव, भय, अवसाद और चिंता से उबरने में मदद करने के लिए मजबूत कंधे की आवश्यकता होती है। मैकाले शिक्षा प्रणाली ने बोर्ड परीक्षाओं और प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों के मन में उथल-पुथल मचा दी है। जबतक नई शिक्षा कार्ययोजना स्कूल, कॉलेज और संस्थानों में व्यवस्थित रूप से लागू नहीं हो जाती, तब तक बच्चों को निराशा, चिंता, नशीली दवाओं के दुरुपयोग और आत्महत्याओं में वृद्धि सहित मानसिक और भावनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समाज के साथ मजबूत रिश्ता और जमीन पर काम करने का दशकों का अनुभव, साथ ही जमीन पर क्रियान्वित प्रणालियों व नीतियों और समाज पर प्रभाव के बारे में उनके व्यापक ज्ञान ने उन्हें शैक्षिक प्रणाली के बारे में बच्चों के दृष्टिकोण एवं उनकी कठिनाइयों को समझने में सहायता की। इसलिए उन्होंने हर साल बोर्ड परीक्षा से पहले छात्रों के साथ परीक्षा पे चर्चा चर्चा शुरू की। यह माता-पिता और बच्चों को परीक्षा को व्यापक और सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने में सक्षम बनाता है, जिससे तनाव कम होता है और मन को आराम मिलता है। प्रश्न और उत्तर सत्र बच्चों और अभिभावकों के बीच किसी भी भ्रम को तुरंत दूर कर देता है। छात्रों को अपनी परीक्षाओं और जीवन के बारे में संक्षेप में क्या जानना चाहिए, आइए देखें। बच्चों को जीवन को व्यापक दृष्टिकोण से समझना होगा कि बोर्ड या प्रतियोगी



परीक्षाएँ इस विशाल अस्तित्व का छोटा-सा हिस्सा हैं। जीवन के विभिन्न चरणों में अस्तित्व के विभिन्न पहलुओं की बहुत जागरूकता के साथ जांच की जानी चाहिए। हम देखेंगे कि जिन परेशानियों का हम सामना करते हैं वे समुद्र में एक बूंद के समान हैं। हम अपनी पढ़ाई या अपने जीवन में जिन समस्याओं और कठिनाइयों का सामना करते हैं, वे वास्तव में छिपे हुए आशीर्वाद की तरह हैं, क्योंकि वे उन आंतरिक गुणों को सामने लाते हैं जिन पर हमने अभी तक ध्यान केंद्रित नहीं किया है, वे हमारे जीवन में अपेक्षित विकास के लिए आवश्यक हैं। जब हम आत्मविश्वास और जुनून के साथ बाधाओं का सामना करते हैं तो हमारा व्यक्तित्व और चरित्र चमक उठता है। हम भगवान श्रीराम की उनके सबसे कठिन जीवन के कारण पूजा करते हैं। कैसे उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी शांतिपूर्ण दिमाग, महान वीरता बनाए रखी, लोगों की सहायता करने के हर अवसर को सहजता से देखा और सभी स्थितियों में शांति बनाए रखी। जब हम उनके जीवन पर नजर डालते हैं तो सबसे महत्वपूर्ण घटना वह थी जब उन्हें महल छोड़ कर 14 वर्षों के लिए निर्वासन में रहने के लिए कहा गया था। क्या कोई इस तथ्य को आसानी से समझ सकता है कि अगले दिन भगवान श्रीराम को राजा बनना था, लेकिन उससे एक रात पहले ही उन्हें 14 साल के लिए वनवास पर जाने के लिए कहा गया था। भगवान श्रीराम ने अपने जीवन के इस कठिन दौर को बिना किसी संदेह या कठिनाई के स्वीकार किया और खुशी-खुशी महल से बाहर जाना स्वीकार कर लिया। श्रीराम का जीवन बच्चों को यह दिशा देता है कि कैसे हर कठिनाई को शांत मन से देखें, परिवर्तन को पूरे दिल से स्वीकार करें और चिंता, भय, संदेह, क्रोध, नकारात्मक दबाव के बिना अपने लक्ष्य की प्राप्त के लिए शांति और जुनून के साथ प्रयास करें। यदि आप अपनी बोर्ड परीक्षाओं के कारण बहुत तनाव और दबाव में हैं, तो जान लें कि आपको जीवन में अधिक चुनौतीपूर्ण कार्यों और परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। भगवान श्रीकृष्ण, छत्रपति शिवाजी महाराज और आचार्य चाणक्य के जीवन का अध्ययन करें, साथ ही भगवद्गीता को बार-बार पढ़ें, ताकि यह मानसिकता विकसित हो सके कि कठिनाइयाँ और चुनौतियाँ जीवन का अपरिहार्य हिस्सा हैं, जिन्हें उचित योजना और कार्यान्वयन, टीम वर्क के साथ पूरा किया जाना चाहिए। परिणाम, साहस, शांत दिमाग और ध्यान-प्राणायाम जैसी योग प्रथाओं के विकास के साथ सौ प्रतिशत प्रयास करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। छात्रों के लिए तनाव का सबसे आम स्रोत परीक्षा परिणाम के बारे में लगातार चिंता करना है। हमें भगवद्गीता से यह समझना चाहिए कि हमें उन कार्यों के परिणाम के बजाय अपने प्रयासों और कार्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यह परिणाम या परिणाम के बारे में चिंता करने के बजाय आप जो कुछ भी करते हैं उसमें अपना सबकुछ लगा देना चाहिए। परिणाम के बारे में लगातार सोचते रहने से तनाव बढ़ता है, प्रयास कमजोर होते हैं और पटरी से उतर जाते हैं। गीता के प्रत्येक श्लोक के अंतर्निहित अर्थ को बार-बार पढ़ने या गुरु के साथ बैठने से हमारे जीवन के सभी पहलुओं में सुधार होगा और हमारे अस्तित्व में नए आयाम जुड़ेंगे। छत्रपति शिवाजी महाराज के आखिरी सांस तक के अथाह संघर्ष और विजयी प्रयास का श्रेय उनकी माता जीजामाता की शिक्षाओं को जाता है। उन्होंने बचपन से ही उन्हें रामायण, महाभारत की कहानियाँ और गीता के गहरे अर्थ सिखाए और विशेषज्ञों की मदद से आवश्यक कौशल विकसित किए। उन्होंने खुद को इस तरह बनाया कि हर चुनौती नये किले जीतने और समाज निर्माण का अवसर बन गयी। छात्रों को उनके जीवन का उपयोग एक उदाहरण के रूप में करना चाहिए कि अवसाद, चिंता और आत्महत्या की प्रवृत्ति को जन्म देने वाले अवांछित दबावों के आगे झुकने के बजाय एक पूर्ण जीवन कैसे जिया जाए। जब हम महान ऐतिहासिक शख्सियतों का अध्ययन करते हैं, तो हम देखते हैं कि उन्होंने न केवल जीवन के भौतिकवादी हिस्सों पर बल्कि आध्यात्मिक पहलुओं पर भी जोर दिया। मन की शांति आपको अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रभावी और कुशल प्रयास और कार्य करने की अनुमति देकर जीवन को आसान बनाती है। परिणामस्वरूप, समग्र व्यक्तित्व के विकास के लिए दोनों घटकों पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण है। नई शिक्षा नीति का लक्ष्य जीवन कौशल, उद्यमिता कौशल और तकनीकी क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास करना है। हालांकि मोदी सरकार इसके कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है, लेकिन कई स्कूल, कॉलेज और संस्थान इस प्रक्रिया में देरी कर रहे हैं। छात्रों, अभिभावकों और समाज को यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए कि नई शिक्षा नीति को यथासंभव शीघ्र और प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। समाज को हमारे छात्रों के जीवन को आसान बनाने और उनके संपूर्ण चरित्र को बेहतर बनाने के लिए समय पर और प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के साथ निरंतर प्रयास करने और अनुसरण करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। तब तक, परीक्षा पे चर्चा तनाव और अनिश्चितता से निपटने का उपयोगी तरीका है।

**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# पाक-चीन के लिए जासूसी करने वालों को कुचलना ही होगा

एक बार फिर पाकिस्तान को भारत की रक्षा संबंधी तैयारियों की खबर देने वाले धूर्त शख्स की गिरफ्तारी से साफ है कि अब भी देश में आस्तीन के सांप हैं। उन्हें सख्ती से पूरी तरह से कुचलना ही होगा। चंद सिक्कों की खातिर अपने देश को बेचना उसी तरह है, जैसे कोई राक्षसी प्रवृति का शख्स कुछ पैसों के लालच में अपनी मां के खून का सौदा कर ले। यूपी एटीएस को बड़ी सफलता मिली है। एटीएस की टीम ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले एक भारतीय युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित सतेंद्र सिवाल विदेश मंत्रालय के मल्टी टास्किंग स्टाफ में काम करता था। वर्तमान में वह मास्को स्थित भारतीय दूतावास में कार्यरत था। सतेंद्र हापुड़ का रहने वाला है। यूपी एटीएस से पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। अच्छी-खासी पगार पाने वाला एक सरकारी कर्मी का जमीर इस कदर गिर जाएगा कि वह कुछ अतिरिक्त धन के लालच में देश के साथ गद्दारी करेगा, यह सोचना भी आसान नहीं। सतेंद्र जैसे देश के दुश्मनों को सीधे मौत की सजा मिलनी चाहिए। अगर उन्हें हल्की सजा मिलेगी तो वह उन शहीदों का अपमान होगा जिन्होंने देश की खातिर अपनी जान का नजराना दिया। सतेंद्र जैसे लोगों को दुश्मन से दोस्ती करते हुए यह ख्याल क्यों नहीं आता कि पाकिस्तान ने भारत पर बार-बार हमला किया है। हालांकि, उसे हर बार कसकर मार पड़ी। जब वह सीधे हमले में शिकस्त खाता रहा तो उसने 2001 में मुंबई में खुफिया ढंग से आतंकी हमला करवाया। वह भारत के खिलाफ लगातार कठमुल्लों को खाद-पानी देता रहा। आपको गद्दार महिला जासूस माधुरी गुप्ता की कहानी का तो पता ही होगा। माधुरी गुप्ता भारतीय विदेश सेवा की ग्रुप अफसर थी। अपनी लगभग ढाई दशक लम्बी सेवा में माधुरी गुप्ता ने पाकिस्तान इराक, लाइबेरिया, मलेशिया और क्रोएशिया में नौकरी की। उसकी उर्दू पर अच्छी पकड़ थी। सूफियाना मिजाज वाली माधुरी साहित्यिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहती थी। खुले ख्यालों वाली माधुरी धूम्रपान, शराब-सेवन और पुरुष-मित्रों से सम्बन्ध बनाने के लिए खासतौर पर जानी जाती थी। इस्लामाबाद-स्थित भारत के उच्चायोग में पोस्टिंग के दौरान माधुरी गुप्ता को उर्दू पर उसकी पकड़ की वजह से पाकिस्तानी मीडिया पर नजर रखने का काम सौंपा गया था। पाकिस्तान में पोस्टिंग के बमुश्किल छह महीने बीतते-बीतते माधुरी जमशेद नाम के व्यक्ति के चंगुल में फंस गई। भारत सरकार के अधिकारियों को जब आभास हुआ कि माधुरी शत्रु के जासूसी षड्यंत्र में फंस गयी है तो पुष्टि के लिए उसके माध्यम से एक गलत सूचना जानबूझ कर भेजी गयी। परिणामस्वरूप, खुफिया सूचनाओं को लीक करने का माधुरी के कारनामों का पक्का यकीन हो गया। माधुरी गुप्ता को भूटान में आयोजित होने वाले सार्क समिट की तैयारियों के बहाने स्वदेश वापस बुलाया गया। 22 अप्रैल 2010 को वह वह ज्यों ही दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरी भारतीय खुफिया एजेंसी के लोगों ने उसे अपनी पकड़ में ले लिया और पूछताछ के लिए अज्ञात स्थान पर ले गये। पूछताछ से पता लगा कि वह आईएसआई के दो जासूसों से सांठगाँठ करके उन्हें खुफिया सूचनाएं देती है। इन आरोपों के आधार पर 20 जुलाई 2010 को माधुरी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे न्यायिक हिरासत में रखा गया। 21 महीने जेल में रहने के बाद 7 जनवरी 2012 को उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। 18 मई 2018 को दिल्ली के अतिरिक्त सेशंस जज सिद्धार्थ शर्मा ने जासूसी के लिए माधुरी को 3 वर्षों की सजा सुनाई। मुझे लगता है कि माधुरी जैसे गद्दारों को कड़ी सजा दी जानी चाहिए थी। उसे उसकी करतूत के लिए बहुत कम सजा मिली। जैसा कि मैं ऊपर कह चुका हूँ कि देश के गद्दारों की एक ही सजा होृ-सजा-ए- मौत। पाकिस्तान की तरफ से राजधानी दिल्ली स्थित उसके उच्चायोग से भी जासूसी की जाती थी। भारत सरकार ने 1950 के दशक में चाणक्यपुरी में विभिन्न देशों को भू-भाग आवंटित किये थे। पाकिस्तान को भी इस आशा के साथ बेहतरीन जगह पर अन्य देशों की अपेक्षा बड़ा प्लाट दिया गया था कि वह भारत से अपने संबंधों को मधुर बनाएगा। पर पाकिस्तान ने भारत को निराश किया। वह अपनी करतूतों से न बाज आया न ही सुधरा। उसके गर्भनाल में भारत के खिलाफ नफरत भरी हुई है। भारत से नफरत करना पाकिस्तान के डीएनए में है। सतेंद्र और माधुरी गुप्ता जैसे शातिर लोगों के पकड़े जाने से यह बात भी साबित होती है कि हमारे यहां खास जगहों पर तैनात लोगों को ट्रेनिंग इस तरह की नहीं मिलती, जिससे वे देश के अहम दस्तावेज दुश्मन मुल्क को देने के बारे में सोचें भी नहीं। इस तरफ भी ध्यान देने की जरूरत है। कहना न होगा कि यह जानकर मन बहुत उदास हो जाता है कि सरकारी सेवा या फिर सेना में ही कार्यरत कुछ देश के गद्दार महत्वपूर्ण सूचनाएं शत्रुओं को देते रहते हैं। पाकिस्तान की तरह चीन भी लगातार इस कोशिश में रहता है कि भारत की रक्षा तैयारियों की जानकारी उसे मिलती रहे। कुछ समय पहले ही चीन के लिए जासूसी के आरोप में एक वरिष्ठ पत्रकार राजीव शर्मा को गिरफ्तार किया गया था। तब यह सवाल कई स्तरों पर पूछा गया था कि क्या पत्रकार इस देश और यहां के कानून से ऊपर हैं? क्या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर सबकुछ करना जायज है? दरअसल राजीव शर्मा भारत सरकार का मान्यता प्राप्त पत्रकार था। वह उस आड़ में अहम सरकारी विभागों से सूचनाएं हासिल करके चीन को लगातार देता रहता था। उसे बदले में मोटी रकम मिलती थी। सीधी-सी बात यह है कि देश के दुश्मनों के लिए जासूसी करने वालों का जड़-मूल से खात्मा होना चाहिए।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**




हमने फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाते हुए और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करते हुए रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय, रिकॉर्ड कल्याण को सक्षम किया है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि से, पिछले 15 नवम्बर को, जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान का शुभारंभ किया गया है। यह एक ऐसा मिशन है जिससे हमारे 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के भाई-बहनों को न्याय, समानता और fundamental rights से जुड़ी मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 'एक्स' पर पोस्ट)**



पलामू जिलान्तर्गत डाल्टेनगंज स्थित शिवाजी मैदान में पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना का शिलान्यास किया। हमारी सरकार किसानों के जीवन स्तर में बदलाव लाने के लिए कृतसंकल्पित है। इस परियोजना के पूरा होने पर क्षेत्र के किसानों की मौसम पर निर्भरता कम हो जायेगी।

**(सीएम चंपाई सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# बनती जा रही है विकसित भारत की डगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में अपने संबोधन में कहा कि विगत 10 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गयी है। अब आगामी पांच वर्ष विकसित भारत की बुनियाद के होंगे। स्टार्टअप, पेटेंट और सेमीकंडक्टर सहित विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर भारत का परचम दुनिया में फहराते हुए दिखेगा। गौरतलब है कि इन दिनों राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में भी एकमत से कहा जा रहा कि भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक विकसित देश बन सकता है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट ह्यद इंडियन इकोनॉमी- ए रिव्यूह्न में कहा गया है कि अगले तीन साल में भारतीय अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन डॉलर की हो जायेगी और भारत आर्थिक आकार के लिहाज से अमेरिका व चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। रिपोर्ट में यह भी रेखांकित किया गया है कि पिछले एक दशक में सरकार के साहसिक आर्थिक निर्णयों ने देश की आर्थिक बुनियाद को मजबूत बना दिया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में चमकता हुआ सितारा है और जिस तरह आर्थिक सुधारों की डगर पर आगे बढ़ रहा है, वह 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के सपने को साकार कर सकता है। पिछले दिनों चीनी अखबार ग्लोबल टाइम्स में प्रकाशित आलेख में कहा गया है कि भारत तेज आर्थिक विकास के साथ एक प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा है। दुनिया की प्रमुख रेटिंग एजेंसियां एकमत से कह रही हैं कि भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर तेजी से बढ़ रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं कि इस समय भारत के पास टिकाऊ विकास के अभूतपूर्व अवसर हैं। वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत, अमेरिका और रूस से मित्रता, बढ़ते भारतीय बाजार के कारण कई देशों की भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते की ललक, प्रवासी भारतीयों द्वारा 2023 में 125 अरब डॉलर से अधिक धन देश को भेजने के साथ नये आर्थिक तकनीकी विकास के लिए बढ़ते कदम, चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के मद्देनजर भारत नये वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में उभरा है। इसके साथ मजबूत लोकतंत्र और स्थिर सरकार के रूप में भारत की पहचान, शेयर बाजार का सबसे तेजी से बढ़ना, सबसे बड़ी युवा आबादी, उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन, बड़े पैमाने पर पूंजीगत खर्च, गैर जरूरी आयात में कटौती और अर्थव्यवस्था के बाहरी झटकों से उबरने की क्षमता टिकाऊ विकास की बुनियाद बन सकती हैं। यह भी अहम है कि भारत द्वारा जी-20 की सफल अध्यक्षता से नये आर्थिक लाभों की ऐसी अभूतपूर्व संभावनाएं मिली हैं, जिससे निर्यात, विदेशी निवेश, विदेशी पर्यटन और डिजिटल विकास का नया क्षितिज उभर रहा है। अफ्रीकी संघ को जी-20 में शामिल कराकर भारत ने इन देशों से नये आर्थिक लाभों की उम्मीदों को बढ़ाया है। इससे अब भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी तेजी से बढ़ेगा। वैश्विक स्तर पर ऐसे निवेश में गिरावट के रुझान के बीच भारत सर्वाधिक निवेश पाने वाले 20 देशों की सूची में आठवें पायदान पर रहा है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 616 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है। भारतीय शेयर बाजार भी बड़ी बढ़त पर है। दो फरवरी को सेंसेक्स 72,000 को पार कर गया था, जो आम चुनाव के पहले 80,000 हजार तक जा सकता है। साथ ही अब कृषि, मैन्युफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन, सीमेंट, इलेक्ट्रिसिटी, ट्रांसपोर्ट, ऑटोमोबाइल, फॉर्मा, फुड प्रोसेसिंग और टेक्सटाइल, ई-कॉमर्स, बैंकिंग, मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस, साइबर सिक्योरिटी, आईटी, रिटेल ट्रेड, हॉस्पिटेलिटी आदि क्षेत्र अच्छा करते दिखेंगे।

# सीमाओं से परे संगीत

बीते रविवार को 66वें सालाना ग्रैमी पुरस्कारों के दौरान वक्त दो बार ठहर सा गया जब नामचीन गायिका-गीतकार जोनी मिशेल और ट्रेसी चैपमैन एक बार फिर से संगीत के जरिए कहानियां सुनाने के लिए मंच पर उतरीं। कुछ साल पहले तक जानलेवा धमनीविस्फार (एन्यूरिज्म) से पीड़ित रहने वाली 80 वर्षीया मिशेल ने जहां अपना 1968 का गाना बोथ साइड्स नाउ पेश किया, वहीं 59 वर्षीया ट्रेसी चैपमैन ने गिटार और ल्यूक कॉम्ब्स की धुन पर अपना क्लासिक हिट फास्ट कार गाया। ये दोनों ही गाने मानवीय संवेदनाओं के दमदार चित्रण हैं और आज भी वक्त से गुफ्तगू करते हैं। एनी लेनोक्स ने जब अपना मर्मस्पर्शी गीत नथिंग कंपेयर्स 2 यू सुनाकर सिनैड ओ कॉनर को श्रद्धांजलि अर्पित किया, तो ऐसा लगा मानो वह इन्हीं दोनों गानों से प्रेरित होकर गा रही हों। अपनी प्रस्तुति के अंत में वह चिल्लाईं: ह्यकलाकार युद्धविराम और दुनिया में शांति के पक्ष मेंह्न। उसके बाद तो, इस कार्यक्रम के बाकी हिस्से के दौरान वर्तमान में जारी दो युद्धों और अन्य सामाजिक संकटों को भुला दिया गया। हालांकि, सर्वश्रेष्ठ रॉक प्रदर्शन के लिए ग्रैमी पुरस्कार जीतने वाले सुपर इंडी समूह बॉयजेनियस ने अपनी पोशाक पर लाल पिन के जरिए युद्धविराम की वकालत की। महिला, अश्वेत, हिस्पैनिक कलाकारों को पर्याप्त रूप से सम्मानित न करने के लिए सालों तक आलोचना झेलने के बाद, ग्रैमी पुरस्कारों ने इस बार कई युवा महिला संगीतकारों को सम्मानित करके उस चूक को दुरूस्त कर लिया। टेलर स्विफ्ट को मिडनाइट्स के लिए साल के कीर्तिमान स्थापित करने वाले एल्बम की श्रेणी में चौथी बार पुरस्कार देकर इतिहास रचने में मदद करके स्विफ्टीज को उचित रूप से मान दिया गया। इसके साथ ही स्विफ्ट तीन बार ग्रैमी पुरस्कार जीतने वाले फ्रैंक सिनातारा, स्टीव वंडर और पॉल साइमन से आगे निकल गईं।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899 Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# लैंको अमरकंटक पॉवर अडानी की झोली में

## - दो बड़े समूहों की दूरी बनाए रखने से औद्योगिक जगत को चकित

**कोरबा**

कोरबा-चांपा मार्ग में स्थापित अपने स्थापना काल से ही लगातार विवादों के केंद्र में रहे कई सालों से वित्तीय संकट से जूझ रहे पॉवर कंपनी लैंको अमरकंटक पॉवर कंपनी की डील पूर्ण होने की अपुस्ट जानकारी मिल रही है।

किसी भी देश की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने में औद्योगिक घरानों की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पॉवर कंपनी के क्षेत्र में अडानी समूह सर्वाधिक सक्रिय औद्योगिक घरानों में इन दिनों ऊंचाई पर है और यही कारण है कि विदेशों में सफलता के लगातार परचम लहराने के साथ ही देश में भी इसकी टक्कर में आगे पीछे 10 पायदान तक कोई दिखाई नहीं देता हैं। देश के पावर सेक्टर में अडानी समूह का वर्चस्व लगातार बढ़ रहा है और इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के कोरबा स्थित लैंको अमरकंटक पॉवर कंपनी को भी इस समूह द्वारा अपने एकाधिकार में ले लिये जाने की अपुस्ट जानकारी मिली है। सूत्रों के अनुसार लैंको के लिए अडानी समूह ने कुल 4,101 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है, लेकिन इसकी घोषणा सार्वजनिक रूप से किन




कारणों से सामने नहीं आ पाई है और न ही इस संबंध में अडानी समूह की ओर से कोई बयान नहीं दिया जा रहा है, यह भी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है।

**- पीछे हटे अन्य समूह**

रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन की भी इस नीलामी की प्रक्रिया में सामने आने की बात आरंभ में सामने आई थी, लेकिन ये दोनों बड़े समूहों का नीलामी की प्रक्रिया से दूरी बनाए रखना औद्योगिक जगत को चकित कर गया। सूत्रों की माने तो इनके अलावा मुकेश अंबानी, वेदांता समुह से अनिल अग्रवाल, नवीन जिंदल भी आरंभिक प्रक्रिया में लैंको को लेकर रूचि दिखा रहे थे।

# सरकारी स्वर्ण बांड का भाव 6,263 रुपये प्रति ग्राम तय

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक बयान में कहा कि सरकारी स्वर्ण बांड सोमवार से पांच दिनों के लिए खुलेगा। स्वर्ण बांड की इस किस्त का निर्गम मूल्य 6,263 रुपये प्रति ग्राम तय किया गया है। सरकारी स्वर्ण बांड योजना 2023-24 श्रृंखला चार इस महीने की 12 से 16 तारीख तक खुली रहेगी। भारत सरकार ने ऑनलाइन आवेदन करने वाले और डिजिटल माध्यम से भुगतान करने वाले निवेशकों को अंकित मूल्य से 50 रुपये प्रति ग्राम की छूट देने का फैसला किया है। आरबीआई ने कहा कि ऐसे निवेशकों के लिए स्वर्ण बांड का निर्गम मूल्य 6,213 रुपये होगा। एसजीबी को अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएचसीआईएल), भारतीय निपटान निगम लिमिटेड (सीसीआईएल), नामित डाकघरों, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड के माध्यम से बेचा जाएगा। केंद्रीय बैंक दरअसल भारत सरकार की



तरफ से स्वर्ण बॉन्ड जारी करता है।

ये निवासी व्यक्तियों, अविभाजित हिंदू परिवार (एचयूएफ), न्यासों, विश्वविद्यालयों और धर्मार्थ संस्थाओं को ही बेचे जा सकते है। अभिदान की अधिकतम सीमा व्यक्तियों के लिए चार किलोग्राम, एचयूएफ के लिये चार किलोग्राम और न्यासों तथा समान संस्थाओं के लिए 20 किलोग्राम प्रति वित्त वर्ष है। सोने की भौतिक मांग को कम करने के इरादे से सबसे पहले गोल्ड बांड योजना नवंबर, 2015 में लाई गई थी।

# पेट्रोल और डीजल के कुछ शहरों में बढ़े भाव



**नई दिल्ली ।**

कच्चे तेल की कीमतों में हल्की बढ़ोतरी देखी जा रही है। वै श्विक बाजार में क्रूड 81.90 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर बंद हुआ। हालांकि क्रूड की कीमतों में इस बढ़ोतरी का पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर ज्यादा असर देखने को नहीं मिल रहा है। शे निवार को देश के 4 महानगरों में से एक सिर्फ चेन्नई में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में मामूली इजाफा हुआ है। इसके अलावा, गुजरात, कर्नाटक, हरियाणा और पंजाब में भी ईंधन का भाव बढ़ गया है। वहीं तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, केरल और हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें कम हो गई हैं। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई पेट्रोल 102.75 रुपये और डीजल 94.34 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 97 रुपये और डीजल 90.14 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपये और डीजल 89.75 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.47 रुपये और डीजल 89.66 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपये और डीजल 94.04 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# मारुति सुजुकी ने फ्रॉक्स टर्बो वेलोसिटी एडिशन को लांच किया




**मुंबई ।**

मारुति सुजुकी फ्रोंक्स ने अपनी लांच के 10 महीने के भीतर ही 1 लाख यूनिट्स की सेल का आंकड़ा पार कर लिया था। इसी सफलता को बरकरार रखने के लिए मारुति सुजुकी ने फ्रोंक्स टर्बो वेलोसिटी एडिशन को लांच किया है। नए टर्बो वेलोसिटी एडिशन को डेल्टा प्लस, जेटा और अल्फा वेरिएंट में उतारा गया है। इस नए एडिशन में ग्राहकों को कोई मैकेनिकल चेंज देखने को नहीं मिलेगा।

टर्बो वेलोसिटी एडिशन में कॉस्मेटिक चेंज के लिए 43,000 रुपये की कीमत के 16 कॉम्प्लिमेंट्री एक्सेसरीज मिल सकते है। इसमें स्टाइल और फंक्शन का मिक्स देखने को मिलेगा। ग्राहकों को एक्सेसरीज के तौर पर प्रीमियम डोर वाइजर, फ्रंट बंपर पर पेंटेंड गार्निश, ओआरवीएम कवर, हेडलैम्प और रियर बंपर जैसे एक्सटीरियर स्टाइलिंग किट देखने को मिलने वाले है। दूसरी तरफ इंटीरियर में इसमें रेड डैश डिजाइनर मैट, नेक्सक्रॉस बोर्डो या ब्लैक फिनिश में सीट कवर, एक कार्बन फिनिशिंग स्टाइलिंग किट और 3डी बूट मैट जैसे एक्सेसरीज मिलने वाले है। बिना किसी अतिरिक्त लागत के इन एक्सेसरीज का एड-ऑन टर्बो वेलोसिटी वर्जन को फ्रोंक्स के टर्बो वेरिएंट को कंसीडर करने वालों के लिए ज्यादा अट्रैक्टिव बनाता है।

# वैश्विक शेयर बाजारों में तीसरे सप्ताह बढ़त रही

**मुंबई ।**

वैश्विक बाजारों में शुक्रवार को जोरदार तेजी देखने को मिली। एसएंडपी 500 ने पहली बार 5,000 अंक के माइलस्टोन को पार किया। इसकी वजह अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों ने इस साल ब्याज दर में कटौती की उम्मीदें बताई गई हैं। जबकि अमेरिकी ट्रेजरी की यील्ड में बढ़ोतरी देखी गई। ग्रीनबैक ने पहले की बढ़त को गंवा दिया और 0.06 फीसदी नीचे गिर गया। इजरायल द्वारा हमास के युद्धविराम प्रस्ताव को अस्वीकार करने के बाद मध्य पूर्व में संघर्ष की चिंताएं बढ़ गई। इससे ऑयल एलसीओसी1 ने इस सप्ताह और बढ़त दर्ज की। शेयर बाजारों का मूड वॉल स्ट्रीट की वजह से जोश भरा रहा। वहां पर एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 5,000 अंक से ऊपर बढ़कर एक नया टैब खोला। इस इंडेक्स को एनवीडिया जैसे मेगाकैप शेयरों में बड़े उछाल से सपोर्ट मिला। नॉर्थ एंडोवर, मैसाचुसेट्स में ब्लू चिप डेली ट्रेंड रिपोर्ट के मुतो बिक 5,000 से अधिक की नई क्लोजिंग ऊंचाई मध्यम से लंबी अवधि के लिए अच्छे संकेत देती है। एक प्रमुख टेक्निकल लेवल क्लियर हो गया है। बहुत मजबूत कॉर्पोरेट आय




नतीजों, मजबूत जॉब डेटा, मजबूत जीडीपी डेटा और गिरती मुद्रास्फीति का कॉम्बिनेशन आगे बढ़ने वाले इक्विटी के लिए एक मजबूत आधार बना रहा है। डेटा रिवीजन ने केंद्रीय बैंक दर में बदलाव की उम्मीदों में कोई बदलाव नहीं किया।

## मैक्स हैल्थकेयर ने एलेक्सिस का अधिग्रहण किया




**नई दिल्ली ।** स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं से जुड़े मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट ने नागपुर स्थित एलेक्सिस मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड का 412 करोड़ रुपये में अधिग्रहण कर लिया है। मैक्स हेल्थेकेयर ने एक बयान में कहा कि 200 बिस्तरों वाला यह अस्पताल नागपुर के उत्तरी इलाके मनकापुर में दो एकड़ भूमि पर स्थापित है। इस अस्पताल की बिस्तर क्षमता को जरूरी नियामकीय अनुमोदनों के बाद बढ़ाकर 340 बिस्तर तक किया जा सकता है। मैक्स के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि एलेक्सिस हॉस्पिटल का अधिग्रहण मझोले शहरों में हमारी मौजूदगी का विस्तार करने के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि एलेक्सिस हॉस्पिटल के अधिग्रहण से महाराष्ट्र क्षेत्र में कंपनी की उपस्थिति मजबूत होगी।




## एयरटेल पेमेंट बैंक के नए ग्राहकों की संख्या बढ़ी

**नई दिल्ली ।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक के मंच पर ऑनलाइन आवेदन करने वाले नए ग्राहकों की संख्या में भारी वृद्धि देखी गई है। एयरटेल पेमेंट बैंक के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने यह जानकारी दी। हालांकि अे धिकारी ने भुगतान बैंक के मंच पर अचानक गतिविधियां बढ़ने के पीछे पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के खिलाफ की गई आरबीआई की सख्ती की भूमिका होने की पुष्टि नहीं की। आरबीआई ने वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के नियंत्रण वाली पीपीबीएल को 29 फरवरी के बाद ग्राहक खातों, वॉलेट्, फास्टैग और अन्य साधनों में जमा या टॉप-अप स्वीकार करना बंद करने का निर्देश दिया है। आरबीआई ने यह कार्रवाई नियामकीय प्रावधानों का लगातार उल्लंघन करने की वजह से की है। अधिकारी ने एयरटेल पेमेंट्स बैंक के प्रदर्शन और परिचालन पर कहा कि हमारे सभी डिजिटल उत्पाद, चाहे वे सावधि जमा के लिए आवेदन करने वाला ग्राहक हो, चाहे वे बैंक खाते के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले नए ग्राहक हों या फास्टैग के लिए आवेदन करने वाले ग्राहक हों, जनवरी की तुलना में पांच-सात गुना अधिक हैं। ऐसा पिछले कुछ दिनों में हुआ है। बचत बैंक खाते और फास्टैग जैसे डिजिटल उत्पादों के लिए ऑनलाइन आवेदन पिछले कुछ दिनों में कई गुना बढ़ा है। उन्होंने कहा कि चाहे जो भी संदर्भ हो, ऐसा लगता है कि बैंक के उत्पादों की खपत बढ़ रही है।

## पेटीएम की प्रमोटर कंपनी बनाएगी सलाहकार समिति

### - सेबी के पूर्व प्रमुख दामोदरन करेंगे अगुआई

**मुंबई ।** पेटीएम की प्रवर्तक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के निदेशक मंडल ने कंपनी में कारोबारी प्रशासन को और भी बेहतर एवं मजबूत करने के लिए एक सलाहकार समिति गे ठित करने का फैसला किया है। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंजों को बताया कि तीन सदस्यों की इस समिति की अध्यक्षता भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन रह चुके एम दामोदरन करेंगे। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा था कि उसने भी पेटीएम पेमेट्स बैंक द्वारा लगातार नियमों का अनुपालन नहीं किए जाने के कारण कार्रवाई की है और उसमें पेटीएम ऐप का कोई दोष नहीं है। कंपनी ने बताया कि सलाहकार समिति अनुपालन तथा नियामकीय व्यवस्था मजबूत करने के लिए वन97 कम्युनिकेशंस के निदेशक मंडल के साथ मिलकर काम करेगी। समिति में भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के पूर्व अध्यक्ष मुकुंद चितले और आन्ध्रा बैंक के पूर्व चेयरमैन और प्रबंध निदेशक तथा केंद्रीय सतर्कता आयोग के सलाहकार बोर्ड के सदस्य रामचंद्रन राजारामन भी हैं। जरूरत पड़ने पर समिति में और सदस्य भी लिए जाएंगे। वन97 कम्युनिकेशंस ने कहा` कि कंपनी प्रबंधन नियामकीय और अनुपालन व्यवस्था का पालन करते हुए कारोबार की लगातार वृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ने यह कदम पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 1 मार्च से जमा-भुगतान समेत ज्यादातर कामकाज से रोकने के आरबीआई के आदेश के बाद उठाया है। एक खबर के मुतो बिक पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने बाहरी ऑडिटरों को नियुक्त करने के लिए आशय पत्र (आरएफपी) जारी किया है। ये ऑडिटर कंपनी की अनुपालन प्रक्रिया की जांच करेंगे। सूत्रों के मुतो बिक नोडल खातों की साझेदारी के लिए पेटीएम और बैंकों के बीच बातचीत जल्द ही पूरी होने वाली है। मगर इन खातों का जिम्मा संभालने के लिए आगे आने वाले बैंकों के नाम अभी पता नहीं चले हैं।

# भारत मोबिलिटी एक्सपो में बजाज ऑटो ने पेश किए भविष्य के वाहन

**नई दिल्ली ।**

बजाज ऑटो नई दिल्ली में भारत मोबिलिटी एक्सपो में उन वाहनों का एक पूरा स्पेक्ट्रम प्रदर्शित कर रहा है जो न केवल गैसोलीन पर बल्कि इथेनॉल-मिश्रण, सीएनजी और इलेक्ट्रिक जैसे स्वच्छ वैकल्पिक ईंधन पर भी चलते हैं। कंपनी ने कहा कि यह डिस्प्ले विभिन्न ईंधन प्रौद्योगिकी विकल्पों में अनुसंधान एवं विकास और विनिर्माण में कौशल को दर्शाता है जो ग्राहकों की बढ़ती प्राथमिकताओं, नियामकों की जरूरतों और स्थिरता लक्ष्यों को पूरा करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। डोमिनार 400 अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ टूरर है, जो ब्राजील सहित 35 से अधिक देशों की सड़कों पर चलता है और पर्यटन के शौकीनों को आनंदित करता है। इसका एक प्रकार है जो 27.5 प्रतिशत इथेनॉल-गैसोलीन मिश्रण का उपयोग करता है।

पल्सर एनएस160 फ्लेक्स = यह गेम-चेंजिंग मोटरसाइकिल इथेनॉल और गैसोलीन दोनों पर चलती है। फ्लेक्स-फ्यूल इथेनॉल और



गैसोलीन मिश्रण के संयोजन पर चलने के लिए इंजन की बुद्धिमान क्षमता है जिसे ग्राहक के आदेश पर भिन्न किया जा सकता है।

**चेतक प्रीमियम :** प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर, चेतक, शानदार स्टाइल, शानदार प्रदर्शन, स्मार्ट फीचर्स और एक मजबूत डिजाइन प्रदान करता है, जो पूरी तरह से लाइफप्रूफ के अपने वादे को पूरा करने के लिए संयोजन करता है।

नई इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर पैसेंजर और कार्गो रेंज ग्राहक से वादा करती है, टेक्नोलॉजी नई, भरोसा वही परिवहन का एक भरोसेमंद, शून्य-उत्सर्जन, शोर-मुक्त और अत्यधिक किफायती तरीका जो अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन प्रदान करता है।

क्यूट सीएनजी : भारत की पहली ऑटो टैक्सी, बजाज क्यूट, यात्रियों के लिए एक 4-सीटर हैचबैक है जो 2 वेरिएंट, एलपीजी और सीएनजी में आती है। गैसोलीन के स्वच्छ और सस्ते विकल्पों पर चलने वाले, बजाज क्यूट में किफायती और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए आकर्षक रूप से कम परिचालन लागत के साथ बेहतर रेंज, हर मौसम के लिए मोनोकॉक बॉडी है।

## रिलायंस कंज्यूमर रावलगांव शुगर का कंफेक्शनरी ब्रांड खरीदेगी

**नई दिल्ली ।** रिलायंस कंज्यूमर 27 करोड़ रुपये में रावलगांव शुगर फार्म के कॉफी ब्रेक और पान पसंद जैसे कंफेक्शनरी ब्रांड का अधिग्रहण करेगी। रावलगांव शुगर फार्म के पास मैंगो मूड, कॉफी ब्रेक, टूटी फ्रूटी, पान पसंद, चॉको क्रीम और सुप्रीम जैसे ब्रांड हैं। उसने इस सौदे के तहत इन उत्पादों के ट्रेडमार्क, उत्पादन नुस्खे और सभी बौद्धिक संपदा अधिकार रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) को बेच दिए हैं। आरसीपीएल रिलायंस समूह की खुदरा इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) की अनुषंगी है। रावलगांव शुगर फार्म ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने इन ब्रांड के ट्रेडमार्क एवं बौद्धिक संपदा अधिकारों की बिक्री और हस्तांतरण आरसीपीएल को 27 करोड़ रुपये के सौदे में करने को मंजूरी दे दी है। हालांकि रावलगांव शुगर ने कहा कि प्रस्तावित सौदा पूरा होने के बाद भी संपत्ति, जमीन, संयंत्र, भवन, उपकरण, मशीनरी जैसी अन्य सभी परिसंपत्तियां उसके पास बनी रहेंगी। कंपनी ने कहा कि हाल के वर्षों में उसके लिए अपने कंफेक्शनरी व्यवसाय को बनाए रखना मुश्किल हो गया है। उसने संगठित और असंगठित दोनों खिलाड़ियों से प्रतिस्पर्धा में वृद्धि के कारण बाजार हिस्सेदारी खो दी है।

## रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर का तीसरी तिमाही में घाटा बढ़ा

**मुंबई ।** रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने बताया कि अधिक खर्चों के कारण दिसंबर तिमाही में उसका घाटा बढ़कर 421.17 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि एक साल पहले की इसी अवधि में उसे 267.46 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। हालांकि कंपनी की कुल आय एक साल पहले की समान अवधि के 4,224.64 करोड़ रुपये से बढ़कर 4,717.09 करोड़ रुपये हो गई। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का खर्च बढ़कर 5,068.71 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर बिजली, सड़क, मेट्रो रेल और अन्य बुनियादी ढांचा क्षेत्रों के लिए इंजीनियरिंग और निर्माण सेवाएं प्रदान करने के व्यवसाय में लगी हुई है।




# मंत्रालय ने बोलियों के मूल्यांकन ढांचे में किए बदलाव

## - परियोजना तैयार करने वालों को कम से कम 5 डीपीआर तैयार करनी होगी

**नई दिल्ली ।**

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए सलाहकारों द्वारा तैयार योजना के लिए बोलियों के मूल्यांकन ढांचे में बदलाव कर दिया है। नए ढांचे के तहत सलाहकारों द्वारा किए गए पिछले कार्य में अगर कोई खामी है तो उसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) जैसी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की एजेंसियों द्वारा बोली मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान अनिवार्य तौर पर उजागर किया जाएगा। केंद्र सरकार बोली लगाने वाले परियोजना सलाहकारों द्वारा भेजे गए तकनीकी प्रस्तावों के मूल्य को अब 80 फीसदी भार देगी जबकि पहले यह आंकड़ा 70 फीसदी था। ऐसा नहीं है कि केवल भार में ही बदलाव किया गया है। सरकार ने तकनीकी प्रस्तावों के मूल्यांकन के अन्य घटकों में भी बदलाव किया है ताकि इस क्षेत्र में प्रचलित तमाम खामियों को दूर किया जा सके। परियोजना तैयार करने वालों को अब कम से कम 5 विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करनी होगी। इन डीपीआर को पूर्व अनुभव श्रेणी में प्राथमिकता के आधार पर रखा जाएगा। अब तक उन्हें 3 डीपीआर तैयार करना पड़ती थी। पिछले अनुभव के भार में भी बढ़ोतरी की गई है। पिछली परियोजनाओं में केंद्र को आम तौर पर भूमि अधिग्रहण में देरी का सामना करना पड़ता था। इसकी मुख्य वजह योजनाकारों द्वारा परियोजना पहले की परियोजनाओं में आम तौर पर योजना बनाने में योजनाकारों द्वारा उचित परिश्रम न किए जाने के कारण केंद्र को अक्सर भूमि अधिग्रहण में देरी से जूझना पड़ता था। नए फ्रेमवर्क के मुताबिक सभी बोली का मूल्य जो औसत बोली कीमत का 25 फीसदी या उससे कम है तब उसका वित्तीय स्कोर 100 अंक होगा और इसे बाकी अन्य बोलीदाताओं को दिए गए अंकों के आकलन के लिए एक पैमाने के तौर पर इस्तेमाल किया जाएगा। पहले सबसे कम बोली लगाने वाले को 100 अंक देने की अनुमति थी।

## सरकार ने वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े 1.4 लाख मोबाइल नंबर किए ब्लॉक



**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने डिजिटल धोखाधड़ी पर लगाम लगाने के लिए अब तक 1.4 लाख मोबाइल नंबरों को ब्लॉक किया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार ये मोबाइल नंबर वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल थे। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने वित्तीय सेवा क्षेत्र में साइबर सुरक्षा पर एक बैठक की अध्यक्षता की। इसमें एपीआई (एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) एकीकरण के जरिए नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी सूचना एवं प्रबंधन प्रणाली (सीएफसीएफआरएमएस) मंच पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों को शामिल करने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बयान के मुताबिक सीएफसीएफआरएमएस मंच को राष्ट्रीय साइबर अपराध सूचना पोर्टल (एनसीआरपी) के साथ जोड़ा जाएगा। इससे पुलिस, बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल कायम हो सकेगा। बयान में कहा गया कि दूरसंचार विभाग ने थोक एसएमएस भेजने वाली 35 लाख प्रधान इकाइयों का विश्लेषण किया। इनमें से दुर्भावनापूर्ण एसएमएस भेजने में शामिल 19,776 इकाइयों को काली सूची में डाल दिया गया है। इस संबंध में 500 से अधिक गिरफ्तारियां की गई हैं और लगभग 3.08 लाख सिम ब्लॉक किए गए हैं।

गुलाब, लिली, ट्यूलिप... कितने फूलों के नाम जानते हो तुम। लिस्ट बनाने लगोगे तो काफी लंबी हो जाएगी। और हो भी क्यों ना, हमारे देश भारत में कई हजार फूलों की किस्में मिलती हैं। तभी तो बनता है सुंदर गुलदस्ता अपने दोस्त के लिए, टीचर्स के लिए... चलो, बताते हैं इस मौसम में तुम्हारे बाग को सुंदर बनाने में कौन से फूल करेंगे तुम्हारी मदद।



# तुमसे मिलने आए हैं रंग-बिरंगे फूल

### गुलदाउदी के घने फूल

गुलदाउदी के फूल कितने घने लगते हैं ना देखने पर। पतली पतली पत्तियां, इतनी सुंदर बनावट। कौन नहीं लगाना चाहेगा अपने गमले में इसे। इसे लगाने के लिए बड़ा गमला ही उपयोग में लाओ। और एक गमले में चार-पांच पौधे लगाने चाहिए, ताकि गमला भरा रहे। यह बारहमासी सजावटी पौधा है। इसकी लगभग 30 प्रजातियां पाई जाती हैं। तुम्हें जानकर हैरानी होगी कि इस फूल का उपयोग कीटनाशक के तौर पर भी किया जाता है।
क्या है खासियत – गुलदाउदी संसार के सबसे प्रसिद्ध एवं शरद ऋतु में फूलने वाले पौधों में से एक है। यह बहुत से रंगों में पाया जाता है, जैसे लाल, गुलाबी, पीला, बैंगनी और मिले-जुले रंग।

## गुलाब

फूलों की बात हो तो सबसे पहले राजा ही आएगा ना... यानी गुलाब। लाल, सफेद, गुलाबी कितने ही रंगों में खिलने वाला यह फूल अपने आप में ही खास है। खास खुशबू और खूबसूरती के कारण ही ये फूलों का राजा कहलाता है। इसकी लगभग 100 प्रजातियां पाई जाती हैं। इन खूबसूरत फूलों के साथ कांटे भी लगे होते हैं। इसका इंग्लिश नाम रोज फ्रांसीसी शब्द से आया है। गुलाब का पौधा सजावटी पौधे के तौर पर लगाया जाता है। साथ ही इसका व्यापार भी किया जाता है। इससे तैयार होने वाले परफ्यूम की बाजार में बड़ी मांग है।
***क्या है खासियत*** – गुलाब की पत्तियां गुलाब-जल बनाने के लिए भी उपयोग की जाती हैं। तुम्हारे गार्डन में है यह फूल, नहीं तो तैयारी कर लो इसे लगाने की।



## लाल-लाल गुड़हल

पूजा-पाठ में उपयोग होने वाले इस फूल के बारे में हमारी किताबों में भी पढ़ाई होती है। यह सिर्फ देखने में ही सुंदर नहीं होता, बल्कि यह सेहत का खजाना भी लिए हुए होता है। इसे हिबिसकस या जवाकुसुम भी कहते हैं।
यह विभिन्न रंगों में तो मिलते ही हैं, साथ ही इनका आकार भी कई तरह का होता है। इसकी करीब 200 से 220 प्रजातियां पाई जाती हैं। इस फूल की दो प्रजातियां तो मलेशिया तथा दक्षिण कोरिया का राष्ट्रीय पुष्प भी हैं। गुड़हल की कुछ प्रजातियों को उनके सुन्दर फूलों के लिए उगाया जाता है। नींबू पुदीने आदि की तरह गुड़हल की चाय भी सेहत के लिए अच्छी मानी जाती है। यह फूल सर्दियों में खूब फलता है। इसे भी धूप की आवश्यकता कम ही होती है। हफ्ते में दो बार पानी डालने से भी इसका काम चलता है। तो देर किस बात की, इस सुंदर लाल फूल को तुम घर के बाहर या भीतर गमले में लाकर लगा सकते हो।
***क्या है खासियत***– गुड़हल की एक प्रजाति कनाफ का प्रयोग कागज बनाने में किया जाता है। एक अन्य प्रजाति 'रोजैल' का प्रयोग प्रमुख रूप से कैरेबियाई देशों में सब्जी, चाय और जैम बनाने में किया जाता है।

## खूबसूरत फूल डहेलिया



ज्यादातर बगीचों के लिए यह सबसे जरूरी फूल है। इसके कितनी ही जाति के फूल पाए जाते हैं। डहेलिया बड़े आकार का अनेक रंगों और आकारों में पाया जाने वाला आकर्षक फूल है। इसकी 50,000 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। इसके लिए सामान्य वर्षा वाली ठंडी जलवायु की आवश्यकता होती है। इसके लिए खुली धूप वाली भूमि अच्छी रहती है। इसके फूल बड़े आकार के बनते हैं, जो देखने में काफी आकर्षक होते हैं।
***क्या है खासियत*** – यह लाल, पीला, गुलाबी, बैंगनी, दोहरे रंगों में मिलता है। इसके फूल कई दिनों तक डाल पर बने रहते हैं और काफी बड़े होते हैं। ये जाड़ों का फूल है, इसलिए पानी का ध्यान रखना जरूरी है। और हां, बीच में खाद देनी चाहिए। धूप की जरूरत होती है इसे। इसे अपने गार्डन में जरूर लगाना।

## ट्यूलिप



जैसे ऋतुओं में राजा वसंत होता है, फलों में राजा आम होता है, वैसे ही फूलों में भी राजा होता है। ठंड के फूलों का राजा ट्यूलिप को कहा जाता है। ट्यूलिप काफी खूबसूरत और मनमोहक होता है। इसे देखकर ऐसा लगता है, मानो यह आर्टिफिशियल फूल है। भारत में कश्मीर में और विदेशों में कई जगहों पर व्यापक पैमाने पर इसकी खेती की जाती है। कश्मीर में तो कई जगहों पर ट्यूलिप के बाग हैं। ट्यूलिप 109 प्रजाति के पाए जाते हैं। दक्षिणी यूरोप, उत्तरी अफ्रीका और ईरान से इस फूल की उत्पत्ति हुई थी। यह लाल, गुलाबी, पीला, नीला, बैगनी रंगों में पाया जाता है।

## मन को मोह लें पैंसी के फूल



पैंसी के नीले-पीले फूल किसे पसंद नहीं। इनका नीला रंग तो तुम्हें भी पसंद होगा। चार पत्तियों वाले इस फूल के पौधे को ठंडा मौसम बहुत पसंद है। और हां, जब इसमें फूलों की रफ्तार कम हो तो इसे उखाड़ फेंकने की जरूरत नहीं, बल्कि थोड़ी सी देखभाल करो ये दोबारा फूलों से भर जाएंगे। इसकी मिट्टी में हमेशा पानी डाल कर ठंडक बनाए रखो तो ये हमेशा खिल कर तुम्हारे गार्डन को खूबसूरत बनाए रखेंगे। इसकी लंबी शाखाओं की काट-छांट करते रहना चाहिए।
***क्या है खासियत*** – ठंड का मौसम आ गया है। अगर पैंसी नहीं है तुम्हारे गार्डन में तो लगा लो। इन्हें ज्यादा धूप की जरूरत नहीं पड़ती। छाया में ये ज्यादा अच्छी तरह से बढ़ते हैं।

## ऑर्केड

ऑर्केड के फूल कई तरह के होते हैं, जिनके खिलने की उम्र भी अलग-अलग होती है। कुछ एक माह तक, तो कुछ तीन से चार माह तक खिले रह सकते हैं। इनकी खुशबू मनमोहक होती है। कुछ ऑर्केड्स की खुशबू चॉकलेट, नारियल की तरह होती है, तो कुछ फलों जैसी खुशबू देते हैं।

## स्टोकस्टोक

स्टोकस्टोक काफी स्वीट और स्पाइसी सी खुशबू देने वाला फूल है। यह दिखने में काफी आकर्षक लगता है। एक पौधे में एक इंच के डाइमीटर में एक ही फूल होता है। गार्डन सजाने में और बुके में इसका काफी इस्तेमाल किया जाता है। यह सफेद, क्रीम, पीला, गुलाबी, पर्पल, पीच जैसे कई आकर्षक रंगों में पाया जाता है। यह फूल इस मौसम में लगाना चाहिए।



## लिली के फूल के हैं कई रंग

लिली के फूल देखे हैं न तुमने... सुंदर और सफेद, ऑरेंज, पीले और लाल रंग के। ये अगस्त के महीने में खिलते हैं। कुछ वर्ष पहले तक हम गुलाब की कुछ विशेष प्रजातियों का ही निर्यात करते थे, लेकिन अब लिली की प्रजातियां भी भारत में उगाई जा रही हैं। साथ ही इनका बड़ी तादाद में जापान, सऊदी अरब और पाकिस्तान जैसे देशों में निर्यात भी किया जा रहा है। इनके बीज मुख्यत: हॉलैंड से आते हैं। सामान्यत: ये फूल नवंबर तक बाजार में आ जाते हैं और फरवरी तक बाजार में रहते हैं।
***क्या है खासियत*** – इसमें ज्यादा मेहनत की जरूरत नहीं है, क्योंकि किसी भी लोकेशन में ये खिल जाते हैं। ये बीज के द्वारा आसानी से लगाए जा सकते हैं।

## ये भी हैं खास

***गेंदा*** – इसे तो तुम नवम्बर, जनवरी और मई-जून में से किसी भी महीने में लगा सकते हैं। यह बारहमासी पौधा है और इसके पीले फूल सबको आकर्षित करते हैं। इस प्रकार पूरे साल ये तुम्हारे लिए हाजिर रहता है। इस पर मेहनत भी कम लगती है। यह बहुत आसानी से उगाया जाता है। यह एक सजावटी पौधा है। इसकी भी कई किस्में होती हैं, जैसे हजारा गेंदा, मेरी गोल्ड, बनारसी या जाफरानी, जो कि बहुत छोटे फूल देता है।

### बेला से तो दोस्ती होगी तुम्हारी

यह मौसम बेले को अपने घर लाने का उचित समय है। मनमोहक खुशबू वाले सफेद फूलों का यह पौधा लाजवाब होता है। मोती बेला लम्बे पेंडुलम जैसे अधिक समय तक रहने वाले फूल देता है।

### कैंडीटफ्ट से करो फेंसिंग

ठंड के दिनों में आने वाले इन छोटे फूलों की फेंसिंग काफी सुंदर लगती है। नवंबर-दिसंबर इसको लगाने के लिए आदर्श समय है।

### ग्लैडिओलस

इसे स्वोर्ड लिली के नाम से भी जाना जाता है। ये काफी खुशबू वाले फूल हैं, जो गुलाबी, बैंगनी और सफेद रंगों में मिलते हैं।

### उपयोग इन फूलों के

खूशबूदार और देखने में सुंदर ये फूल काफी उपयोगी होते हैं हमारे लिए। फ्रेंड के जन्मदिन पर जा रहे हो तो गिफ्ट के तौर पर तुम फूल ले जा सकते हो। इसके अलावा फूलों की खुशबू सबको खुश कर देती है। फूलों से सजने के बाद घर हो या मंदिर काफी सुंदर लगने लगता है। फूल से घर सजाया है कभी तुमने और अपनी दादी और नानी की पूजा के लिए भी फूल लाते ही होगे तुम। गेंदा-गुलाब आदि के फूल तो हमेशा पूजा के लिए उपयोग में लाए जाते हैं। साथ ही कई फूलों का इस्तेमाल खाने, पीने या दवाओं के काम के लिए भी किया जा सकता है। इसलिए इन सर्दियों में अपने घर के भीतर और बाहर फूलों वाले पौधे जरूर लगाना।



### सर्दियों के अन्य प्रमुख फूल

- सांध्य मालती (पेटुनिया)
- रजनीगंधा (ट्यूबेरोज)
- ग्लैडिओली
- कैलेन्डुला एन्टिरहिनम
- एलिसम
- डिमोरफोथेका
- एसोलिझिया
- लार्क्सपर
- गजेनियां
- गेरबेरा
- गोडेतिया
- लाइनेरिया
- मेसमब्राइन्थेमम
- ब्रासिका
- मेतुसेरिया
- वेरबेना
- विओला कारनेशन

# कोई नहीं डॉगी से वफादार

डॉगी पालतू जानवरों में सबसे अच्छे दोस्त साबित होते हैं। धीरे-धीरे ये तुम्हारी पसंद-नापसंद को भी समझने लगते हैं। तुम अगर उदास हो तो इनका मन भी किसी काम में नहीं लगता। लेकिन इसके अलावा भी डॉग्स की कई और खासियतें होती हैं, जिनके बारे में आज तुम्हें बता रहे हैं -

पालतू जानवरों में कुत्ते हमारे सबसे करीब होते हैं, क्योंकि कुत्तों को दोस्ती का हुनर मालूम होता है। ये जितने अच्छे दोस्त होते हैं, उतने ही अच्छे बॉडीगार्ड भी बन जाते हैं। किसी की भी भावनाओं को ये खूब अच्छी तरह समझ पाते हैं। कुत्तों के बारे में ऐसी ही कुछ आश्चर्यजनक बातें भी हैं, जो इन्हें सबसे अलग बनाती हैं। जैसे, कुत्तों के पास किसी खतरे को पहले से ही महसूस कर लेने की क्षमता होती है। अच्छा-बुरा क्या होने वाला है, कुत्ते अपनी हरकतों से बता देते हैं -
शिकार, खेती और सुरक्षा के अलावा कुत्ते विकलांगों को सहायता भी करते हैं। बुलडॉग, जर्मन शेफर्ड, कूली, गोल्डन रीट्राइवर, सेंट बरनार्ड, ग्रेहाउंड, ब्लडहाउंड, चीहुआहुआ, लैब्राडोर, डेन, रोटविलर, बॉक्सर और कॉकर स्पैनियेल समेत कुत्तों की दुनियाभर में सौ से ज्यादा प्रजातियां हैं। इनमें लैब्राडोर सबसे ज्यादा प्रचलित प्रजाति है। लैब्राडोर के सौम्य स्वभाव के चलते इसे सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। लैब्राडोर जितना आज्ञाकारी होता है, उतना चालाक भी होता है। लैब्राडोर की एक और खास बात यह है कि इसमें अथाह ऊर्जा होती है। ये जल्दी थकता नहीं और इसीलिए लैब्राडोर को पुलिस गाइड की तरह भी इस्तेमाल करते हैं। कुत्तों के सुनने की क्षमता तेज होती है। ये मनुष्यों के मुकाबले चार गुना ज्यादा दूरी से आ रही आवाज को सुन सकते हैं। कुत्तों के सूंघने की क्षमता भी मनुष्यों से कई हजार गुना ज्यादा होती है। कुत्तों की जिंदगी दस से चौदह साल की होती है। पुराने जमाने में मिस्त्र के लोग कुत्तों से इतना प्यार करते थे कि उसके मर जाने पर उनका दाह संस्कार करते थे और पूरे दिन रोते थे। यही नहीं, शोक मनाने के लिए अपनी भौहें भी हटा देते थे और बालों पर गीली मिट्टी लगाते थे। अंगूर और किसमिस से कुत्तों का पेट खराब हो सकता है। चॉकलेट, पका प्याज या ऐसा कुछ जिसमें कैफीन की मात्रा पाई जाती है, वह कुत्तों की सेहत के लिए अच्छा नहीं होता। नवजात बच्चा जन्म के वक्त अंधा, बहरा होता है और उसके दांत नहीं होते। बेसेंजी विश्व का एक मात्र ऐसा कुत्ता है, जो कभी भौंकता नहीं है। अमेरिका में सबसे ज्यादा कुत्ते पाए जाते हैं। इस मामले में फ्रांस दूसरे स्थान पर है। मनुष्यों की उंगलियों की तरह कुत्तों की नाक खास होती है। फिंगर प्रिंट से जैसे किसी व्यक्ति को पहचाना जा सकता है, ठीक उसी तरह कुत्तों की नाक की छाप से भी उन्हें पहचाना जा सकता है। कुत्तों की सबसे पुरानी प्रजाति ग्रेहाउंड है। कुत्तों को मीठा बहुत पसंद होता है।



# अंग्रेजी ग्रामर सीखो इस एप से

अंग्रेजी भाषा व्याकरण पर आधारित है। अगर तुम व्याकरण नियमों को ठीक से नहीं समझोगे तो अंग्रेजी लिखने और बोलने में दिक्कत होगी। तुम्हें इन नियमों को विस्तार से समझाने का काम यह एप करता है। यह एप्लिकेशन पॉकेट ग्रामर का काम करेगा। इसका नाम है 'इंग्लिश ग्रामर बुक'।

ग्रामर के सभी सेक्शन एक साथ
इस एप में इंग्लिश ग्रामर के सभी सेक्शन जैसे कि नाउन, प्रोनाउन, वर्ब, एडवर्ब, ऑक्ज्यूलरी वर्ब, प्रेपोजिशन, कंजंक्शन, टेंस आदि के बारे में काफी सरल व सहज तरीके से बताया गया है। इन टॉपिक्स को पढ़ते हुए तुम्हें किसी की मदद लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आसानी से तुम इन्हें समझ पाओगे।

### प्रश्न बैंक करेगा राह आसान

इस एप में अंग्रेजी व्याकरण के सभी टॉपिक्स से संबंधित महत्वपूर्ण सवालों का एक डाटा बैंक दिया गया है। तुम्हें जिस किसी भी सेक्शन के प्रश्नों के बारे में जानकारी चाहिए, उस पर क्लिक करोगे तो तुम्हें उससे संबंधित सभी महत्वपूर्ण सवाल मिल जाएंगे। इन सवालों के नियमित अभ्यास से ग्रामर मजबूत हो जाएगी।

## अब ईडी के निशाने पर आए समीर वानखेड़े, मनी लॉन्ड्रिंग का मामला हुआ दर्ज

मुंबई। कभी फिल्म अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को नारकोटिक्स के मामले में दबोचने वाले वाले मुंबई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े की मुश्किल बढ़ती जा रही हैं। ईडी ने समीर वानखेड़े के अलावा अगले हफ्ते नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के तीन अधिकारियों को तलब किया है, जिसमें सतर्कता अधीक्षक कपिल भी शामिल हैं. इन अधिकारियों से मुंबई कार्यालय में पूछताछ की जाएगी. साथ ही साथ ईडी ने कुछ लोगों से पूछताछ भी की है। अब प्रवर्तन निदेशालय की टीम उन पर एक्शन के मूड में दिखाई दे रही है। कहा जा रहा है कि केंद्रीय एजेंसी उन्हें जल्द पूछताछ के लिए बुला सकती है। ईडी ने सीबीआई की ओर से दर्ज भ्रष्टाचार की एफआईआर के आधार पर आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज कर लिया है। बता दें कि अक्टूबर 2021 में कॉर्डेलिया क्रूज जहाज पर ड्रग्स की जब्ती की जांच के बाद वानखेड़े सीबीआई के निशाने पर आ गए थे और जांच के मामले ने तूल पकड़ लिया था। कथित ड्रग्स जब्ती मामले में बॉलीवुड के 'बादशाह' शाहरुख खान के बेटे आर्यन सहित अन्य को गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई ने मई 2023 में समीर वानखेड़े और चार अन्य लोगों के खिलाफ ड्रग्स मामले में आर्यन खान को फंसाने के एवज में कथित रूप से 25 करोड़ रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप में एफआईआर दर्ज की थी। आरोप था कि 50 लाख रुपए पहली किस्त के रूप में लिए थे। उस समय सीबीआई ने 29 जगहों पर रेड की थी. समीर वानखेड़े ने एफआईआर रद्द करने और किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम सुरक्षा की मांग को लेकर हाईकोर्ट का रुख किया था। साल 2021 कॉर्डेलिया क्रूज ड्रग कांड और भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद एनसीबी ने एक विशेष जांच दल (एसईटी) का गठन किया था, जिसमें वानखेड़े के नेतृत्व वाली टीम द्वारा खामियां पाई गई थीं। सीबीआई ने एसईटी की रिपोर्ट के आधार पर वानखेड़े और अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार और जबरन वसूली का मामला दर्ज किया था। इसके बाद एनसीबी ने अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन और पांच अन्य को क्लीन चिट दे दी थी और उन्हें मामले से बरी कर दिया था।



## मिथुन चक्रवर्ती के सीने में उठा दर्द, प्राइवेट अस्पताल में किया भर्ती

कोलकाता। बॉलीवुड अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को अचानक हुए सीने में दर्द के कारण एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें सीने में तेज दर्द और बेचैनी की शिकायत होने के बाद आज शनिवार को कोलकाता के प्राइवेट अस्पताल की आपातकालीन यूनिट में ले जाया गया। बताया जाता है कि अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की तबीयत ठीक नहीं थी, उन्हें सीने में तेज दर्द और बैचेनी की शिकायत थी। इस कारण उन्हें प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया है। उनके स्वास्थ्य से संबंधित अधिक जानकारी का इंतजार किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ अभिनेता को अस्पताल में भर्ती किए जाने की खबर से उनके फैंस काफी चिंतित हैं और उनकी सेहत ठीक होने की दुआएं कर रहे हैं। खास बात यह है कि अभी तक अभिनेता मिथुन दा के परिवार की ओर से उनके स्वास्थ्य को लेकर कोई बयान नहीं दिया गया है। बताया जा रहा है कि 73 वर्षीय अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को आज शनिवार सुबह करीब 10 बजे सीने में तेज दर्द उठा, इसी के साथ बेचैनी भी महसूस हुई। तबीयत बिगड़ती देख अभिनेता को तुरंत ही एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। यहां आपको बतलाते चलें कि हाल ही में मिथुन दा को सिनेमा जगत में उनके योगदान के लिए देश कि प्रतिष्ठित पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।



## असम में एचआईवी एड्स का बढ़ रहा खतरा, स्वास्थ्य मंत्री ने उठाया मुद्दा

दिसपुर। असम में एचआईवी एड्स का खतरा बढ़ता जा रहा है। इसे लेकर असम के स्वास्थ्य मंत्री केशब महंत ने विधानसभा में मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि राज्य में एचआईवी-एड्स के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिसका मुख्य कारण नशीली दवाओं का सेवन है। स्वास्थ्य मंत्री महंत ने कहा कि साल 2023 में दिसंबर तक 9,90,372 परीक्षण किए गए, जिनमें से 5,791 सकारात्मक पाए गए। असम के स्वास्थ्य मंत्री केशब महंत ने विधानसभा में इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार गैर सरकारी संगठनों की मदद से एचआईवी पॉजिटिव व्यक्तियों के साथ काम कर रही है। हालांकि, रोगियों की पहचान को गोपनीय रखने के लिए उनके विवरण का खुलासा नहीं किया गया। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा की गई। कांग्रेस विधायक सिबामोनी बोरा ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान राज्य में एचआईवी यानी ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस रोगियों की व्यापकता का मामला उठाया और दावा किया कि ताजा संक्रमण में वृद्धि हुई है। उन्होंने दावा किया कि करीब 50 फीसदी ड्रग पेडलर खुद संक्रमित हैं। बोरा ने सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने कोविड-19 महामारी फैलने के बाद से एचआईवी के बारे में जागरूकता फैलाने पर ध्यान देना बंद कर दिया है जिसके कारण केसिस में वृद्धि देखी गई है। इसी बीच बोरा के आरोपों का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री महंत ने अपने जवाब में कहा कि राज्य में 2002 से 2023 के बीच किए गए 89,84,519 परीक्षणों में से 31,729 एचआईवी-एड्स के मामले सामने आए हैं। हालां ?कि राज्य सरकार सभी सरकारी और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों के साथ-साथ जेलों जैसे संवेदनशील जगहों पर परीक्षण, परामर्श और उपचार के लिए सभी सुविधाएं दे रही है।

## बिहार के बीडीओ की फिसली जुबान, मां सरस्वती को बताया भौजाई

जमुई। बिहार के एक पदाधिकारी ने मां सरस्वती को मां की जगह भौजाई बताकर बवाल खड़ा कर दिया है। लोग उनसे माफी मांगने पर अड़े हुए हैं। दरअसल, जमुई में एक बीडीओ ने मां सरस्वती को लेकर बैठक के दौरान एक विवादित बयान दिया है। जमुई जिला के झाझा प्रखंड के थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक के दौरान बीडीओ रवि कुमार की जुबान फिसली और उन्होंने मां सरस्वती को लेकर एक विवादित बयान दे दिया। दौरान उन्होंने लोगों को सरस्वती पूजा को लेकर एहतियात बरतने का निर्देश तो दिया, लेकिन वह मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ गए। उन्होंने कहा कि माता सरस्वती को लोग माता कम और भाभी के रूप में देखने लगे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों ने मां सरस्वती को भौजाई बना लिया है। इस बयान के साथ उनका जब यह वीडियो सामने आया तो आलोचना का दौर शुरू हो गया। लोगों ने कहा कि ऐसे बीडीओ को अपनी गलती के लिए लोगों से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि उन्होंने लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाया है। हालांकि बाद में जब इसके बारे में बीडीओ रवि कुमार से पूछा गया तो उन्होंने सफाई देते हुए यह कहा कि उनकी भावनाएं ऐसी नहीं थी। वह भी एक हिंदूवादी व्यक्ति हैं और सभी देवी-देवताओं का समान रूप से सम्मान करते हैं। वह बस यह बताना चाह रहे थे कि आज के समाज में लोग मां सरस्वती की पूजा के नाम पर अश्लील हरकतें करते हैं। बस इसी के लिए लोगों को समझाने के लिए उन्होंने इसका उदाहरण दिया था। इस बारे में जमुई डीएम राकेश कुमार ने कहा कि वीडियो के द्वारा कही गई बात सही नहीं है। इस बारे में उनसे स्पष्टीकरण की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि बीडीओ को मामले में जवाब देना पड़ेगा, हो सकता है आगे कार्रवाई भी की जा सकती है।

## संजय राउत ने भाजपा को बताया गुंडा, दो घटनाओं का किया जिक्र

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत आज दो घटनाओं का जिक्र करते हुए भाजपा को सीधे तौर पर गुंडा कह दिया। राउत ने अपने एक्स पर आरोप लगाया और पहली घटना का जिक्र करते हुए लिखा है कि महाविकास अघाढ़ी की महिला कार्यकर्ताओं को बीजेपी के गुंडों ने पीटा है। उन्होंने कहा कि इन महिला कार्यकर्ताओं पर अंडे, पत्थर और ईंटें फेंक गई हैं। संजय राउत ने अपनी एक्स पोस्ट में लिखा, कई एमवीए महिला कार्यकर्ताओं को भाजपा के गुंडों ने पीटा, उन पर अंडे, पत्थर, ईंटें फेंकी और पुणे पुलिस दर्शक बनी रही। संजय राउत ने अपनी पोस्ट में दूसरी घटना घटना का जिक्र करते हुए आगे लिखा, वरिष्ठ पत्रकार निखिल वागले की कार तोड़ी गई, कार पर स्याही और अंडे फेंके गए... पुणे में भाजपा द्वारा लोकतंत्र की हत्या का बेशर्म प्रयास... एमवीए डरेगा नहीं, शर्म करो देवेन्द्र फडणवीस, आप अपने कैडर को महाराष्ट्र की असहाय बेटियों को नुकसान पहुंचाने और घायल करने का आदेश दे रहे हैं... महाराष्ट्र आपको माफ नहीं करेगा।

## जगदीप धनखड़ ने की जयराम रमेश की खिंचाई, कहा:

# वह राज्यसभा में रहने के योग्य नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को रालोद प्रमुख जयंत चौधरी के खिलाफ टिप्पणी के लिए जयराम रमेश की खिंचाई करते हुए कहा कि कांग्रेस सदस्य अपने कदाचार के लिए राज्यसभा में रहने के योग्य नहीं हैं। जयंत सिंह को उनके दादा और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने के मुद्दे पर सदन में बोलने की अनुमति देने के धनखड़ के फैसले पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की जिसके बाद विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। इस दौरान रमेश ने कुछ खास टिप्पणियां कीं। हालांकि हंगामे के कारण वह सुना नहीं जा सकीं।

सभापति ने जयंत के खिलाफ टिप्पणी को लेकर रमेश को चेतावनी देते हुए कहा, ''मैंने सुना कि जयराम रमेश ने जयंत से क्या कहा... आप (रमेश) ऐसे व्यक्ति हैं जो श्मशान घाट पर उत्सव मना सकते हैं।'' धनखड़ ने कहा, ''यह तथ्य है कि आप (रमेश) इस दुर्व्यवहार के कारण इस सदन का हिस्सा बनने के लायक नहीं हैं।'' जयंत को सदन में बोलने का मौका दिए जाने का कांग्रेस सदस्यों ने जब विरोध किया तो धनखड़ ने सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को अपनी पार्टी कांग्रेस की तरफ से बोलने की अनुमति दी। खरगे ने कहा कि जिन शख्सियतों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया उन पर कोई वाद-विवाद नहीं है।



उन्होंने कहा, ''मैं सभी को सलाम करता हूं। लेकिन यदि कोई सदस्य मुद्दा उठाना चाहता है तो आप (अध्यक्ष) पूछते हैं किस नियम के तहत। (मैं जानना चाहता हूं) किस नियम के तहत उन्हें (जयंत) बोलने की अनुमति दी गई है।'' उन्होंने कहा, ''हमें भी अनुमति दीजिए। एक तरफ आप नियमों की बात करते हैं... आपके पास विशेषाधिकार है। उसका इस्तेमाल विवेकपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए न कि जब आप चाहें तब।'' कांग्रेस अध्यक्ष ने सभापति पर नियमों का पालन नहीं करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर भारत रत्न पर चर्चा सदन के एजेंडे में शामिल की जाती तो हर कोई भाग लेता। धनखड़ ने खरगे द्वारा उठाई गई आपत्तियों पर नाखुशी जताई।

## बीजेपी को 2022-23 में चुनावी बॉन्ड से लगभग 1300 करोड़ रुपये मिले

नयी दिल्ली। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 2022-23 में चुनावी बॉन्ड के माध्यम से लगभग 1300 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। यह राशि इसी अवधि में इस माध्यम (चुनावी बॉन्ड) से विपक्षी दल कांग्रेस को प्राप्त धनराशि से सात गुना अधिक है। निर्वाचन आयोग को सौंपी गई पार्टी की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में भाजपा को कुल 2120 करोड़ रुपये मिले जिसमें से 61 प्रतिशत चुनावी बॉन्ड से प्राप्त हुए। वित्त वर्ष 2021-22 में पार्टी को कुल 1775 करोड़ रुपये का चंदा प्राप्त हुआ था। वर्ष 2022-23 में पार्टी की कुल आय 2360.8 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 1917 करोड़ रुपये थी। दूसरी ओर, कांग्रेस को चुनावी बॉन्ड के जरिये 171 करोड़ रुपये की आय हुई, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 236 करोड़ रुपये से कम थी। भाजपा और कांग्रेस मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दल हैं। राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त पार्टी समाजवादी पार्टी (सपा) को 2021-22 में चुनावी बॉन्ड के जरिए 3.2 करोड़ रुपये की आय हुई थी। वर्ष 2022-23 में उसे इन बॉन्ड के जरिये कोई धनराशि नहीं मिली थी। एक अन्य राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त पार्टी, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) को 2022-23 में चुनावी बॉन्ड के माध्यम से 34 करोड़ रुपये मिले, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 10 गुना अधिक राशि है। भाजपा को पिछले वित्त वर्ष में ब्याज के तौर पर 237 करोड़ रुपये की आय हुई जोकि वर्ष 2021-22 के मुकाबले 135 करोड़ रुपये अधिक है। 'चुनाव और सामान्य प्रचार' पर अपने कुल खर्च में से, भाजपा ने विमान और हेलीकॉप्टर के इस्तेमाल के लिए 78.2 करोड़ रुपये का भुगतान किया, जो 2021-22 में खर्च हुए 117.4 करोड़ रुपये से कम है।

# भगवान राम को लाने वाले धर्म और राम का अपमान कर रहे हैं : अखिलेश यादव

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को विधानसभा में प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि जो लोग कहते हैं कि वे राम को लेकर आए हैं, वे भगवान श्रीराम का अपमान करते हैं और ऐसा कहकर आप धर्म और भगवान राम का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का अपमान बंद कर देना चाहिए। यादव ने कहा, यह बात कही गयी कि हमने प्रभु राम का नाम नहीं लिया लेकिन जब भगवान राम दिल में बसते हो तो फिर नाम लेने की क्या जरूरत हैं? राम पहले भी थे, आज भी हैं और हमेशा रहेंगे। जब हम आप नहीं थे, प्रभु राम तब भी थे और जब हम आप नहीं रहेंगे प्रभु राम तब भी रहेंगे। इसलिए ऐसा कहना कि आप प्रभु राम को लाये हैं, ऐसा कह कर आप प्रभु राम का अपमान तो कर ही रहे हैं, साथ ही साथ धर्म को भी अपमानित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, याद रखिए प्रभु राम अजर हैं, अमर हैं और सबके हैं। प्रभु राम के नाम पर राजनीति करना बंद करिए।

यादव ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण से यह मालूम हुआ कि सरकार ने अयोध्या को संजाने संवारने में 31 हजार करोड़ रूपयें खर्च किये। बजट पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार हर बार सबसे बड़ा बजट पेश करती है लेकिन उसे खर्च नहीं



कर पाती। सरकार ने जितना आवंटन किया उस पर खर्च कितना हुआ है, इसकी जानकारी नहीं देती। अखिलेश ने अलग-अलग विभागों को पिछले वर्ष आवंटित किए गए बजट और उस पर हुए खर्च का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राज्य का बजट सात लाख करोड़ का हो या आठ लाख करोड़ का लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही रहेगा कि प्रदेश की 90 फीसदी जनता के लिए उसमें क्या है? भाजपा की नीति आम जनता के लिए नही हैं।

प्रदेश सरकार 10 प्रतिशत संपन्न लोगों के लिए 90 प्रतिशत बजट रखती हैं और 90 प्रतिशत जरूरतमंद जनता के लिए नाम मात्र दस फीसदी बजट। सपा प्रमुख ने कहा, उप्र की सरकार हमें आंकड़ों में उलझाती हैं। सीधी सीधी यह बात बतायें कि इस बजट से महंगाई से कितनी राहत मिलेगी। इस बजट में कितने युवाओं को रोजगार मिलेगा? अपराध और भ्रष्टाचार कम करने के उपायों पर कितना खर्च दिया जायेगा। मंदी और जीएसटी की मार झेल रहे काम, कारोबार और दुकानदारी को बढ़ावा देने के लिए क्या प्रावधान हैं? क्या इस बजट में किसान की बोरी की चोरी रूकेगी या नहीं। फसल का सही दाम या किसानों की आय दोगुनी होगी या नहीं? अखिलेश ने पूछा, इस बजट में अच्छी दवाई और अच्छी पढ़ाई के लिए कितना आवंटन हैं? सरकार बताये कि बिजली के प्लांट के लिए कितना बजट हैं।

सरकार बतायें कि सड़कों के गड्ढे भरने के लिए बजट हैं या नहीं? उन्होंने पूछा कि पिछले सात वर्ष में गड्ढे भरने के बहाने कितना पैसा खर्च किया गया हैं? उन्होंने बजट के बड़े आकार पर कहा, बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर, पंछी को छाया नहीं फल लागे अति दूर...। यादव ने कहा कि भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है लेकिन देश के 80 करोड़ लोग सरकारी राशन पर निर्भर हैं। वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में छूट नहीं। युवाओं के लिए सेना में सिर्फ चार साल की अग्निवीर की भर्ती है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सोमवार को विधानसभा में सात लाख 36 हजार 437 करोड़ रुपये का बजट पेश किया था।

## महाराष्ट्र में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर केन्द्र से हस्तक्षेप की मांग

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर केन्द्र से हस्तक्षेप की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार मुंबई में शिवसेना (यूबीटी) के एक नेता की हत्या के बाद यहां माहौल बिगड़ा हुआ है। वहीं पार्टी सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से महाराष्ट्र की बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। शुक्रवार को शाह को लिखे पत्र में चतुर्वेदी ने एक दिन पहले स्थानीय शिवसेना (यूबीटी) नेता अभिषेक घोसालकर की हत्या और इस महीने की शुरुआत में पड़ोसी ठाणे जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक विधायक द्वारा एक पुलिस थाने में की गई गोलीबारी का जिक्र किया। राज्यसभा सदस्य ने पत्र में लिखा कि मैं आपसे आग्रह करती हूं कि आप महाराष्ट्र में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर तत्काल हस्तक्षेप करें, इससे पहले कि यहां के निवासियों को अपूरणीय क्षति हो।' सांसद ने कहा कि एक समय व्यापार और व्यवसाय के लिए प्रसिद्ध मुंबई शहर अब बढ़ते अपराध, हिंसा और गोलीबारी की जद



में आ रहा है।

निर्दोष और जन प्रतिनिधियों को डराने-धमकाने के लिए आग्नेयास्त्रों के बड़े पैमाने पर इस्तेमाल से राज्य में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा हो गया है। बता दें कि स्थानीय व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता मौरिस नोरोन्हा ने बृहस्पतिवार शाम फेसबुक लाइव के दौरान शिवसेना (यूबीटी) नेता विनोद घोसालकर के बेटे एवं पूर्व पार्षद अभिषेक घोसालकर (40) की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस के अनुसार बाद में नोरोन्हा ने आत्महत्या भी कर ली। इससे पहले दो फरवरी को भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ ने भूमि विवाद और राजनीतिक प्र?तिशोध में मुंबई के पास उल्हासनगर के एक पुलिस थाने में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के एक स्थानीय नेता को गोली मारकर घायल किया था।

## पंजाब की सभी लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी आप, केजरीवाल की जनता से अपील- हमारे हाथों को करें मजबूत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि पंजाब में भारत के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी आगामी आम चुनाव में राज्य और चंडीगढ़ की सभी 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यह विपक्षी भारतीय गुट के लिए एक बड़ा झटका है। उन्होंने कहा कि आप आने वाले दिनों में पंजाब की 13 और चंडीगढ़ की एक सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा करेगी।

केजरीवाल ने कहा कि आप जितना अधिक हमारे हाथों को मजबूत करेंगे, उतना अधिक काम हम कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी अगले 10-15 दिनों में इन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी। दो साल पहले आपने हमें आशीर्वाद दिया था। हमें 117 में से 92 सीटें दीं, आपने पंजाब में इतिहास रचा। मैं आपके पास हाथ जोड़कर एक और आशीर्वाद मांगने आया हूं। दो महीने में लोकसभा चुनाव होने हैं। लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब से 13 और चंडीगढ़ से एक, कुल मिलाकर 14 सीटें हैं।

उन्होंने शनिवार को एक कार्यक्रम में कहा कि आपको इन सभी 14 सीटों पर आप को बहुमत के साथ जीत दिलानी है। अगले 10-15 दिनों में आप इन सभी 14 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लक्ष्य को समय से पहले पूरा करने में सफल हो रहे राहुल गांधी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले कांग्रेस नेता राहुल गांधी अब बहुत तेजी से काम कर रहे हैं। चूंकि लोकसभा चुनाव नजदीक है ऐसे में उनके लिए एक एक दिन काफी महत्वपूर्ण है। शायद यही कारण है कि जो यात्रा 20 मार्च को पूरी होनी थी, अब वह 10 दिन पहले ही पूरी हो सकती है। इसका मतलब यह नहीं है कि यात्रा आधी अधूरी होगी। मतलब ये है कि राहुल गांधी 70 के बजाय 100 किलोमीटर की यात्रा रोज पूरी कर ले रहे हैं। उत्तर प्रदेश में भी 11 के बजाय 6 से 7 दिन में ही यात्रा पूरी कर ली जाएगी। फिलहाल यात्रा से कुछ समय का ब्रेक लेकर राहुल दिल्ली आए हुए हैं।

कांग्रेस ने अनुमान लगाया था कि राहुल बस, कार, नौका के अलावा पैदल 70 किलोमीटर की यात्रा रोजाना करेंगे। लेकिन वह लगभग 100 किलोमीटर रोज तय कर ले रहे हैं। राहुल की तेजी के चलते ही यात्रा जल्दी पूरी हो रही है। साथ ही कांग्रेस भी चाहती है कि लोकसभा चुनाव के पहले यह यात्रा जल्दी खत्म हो और राहुल संगठन के फैसलों, टिकट बंटवारों, गठबन्धन की बातचीत के साथ चुनावी कैम्पेन में जुटें। इसके अलावा चुनाव की अधिसूचना भी जल्दी जारी होने वाली है. इसलिए राहुल की यात्रा 10 मार्च को ही मुम्बई में खत्म हो जाएगी। राहुल की यात्रा जल्दी खत्म हो रही है इसलिए 25 फरवरी के बजाय इंडिया गठजोड़ के बचे नेताओं की जॉइंट रैली अब 10 मार्च के करीब तय की जा रही है।



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। जो यात्रा 20 मार्च को पूरी होनी थी, अब वह 10 दिन पहले ही पूरी हो सकती है। आगामी लोकसभा चुनावों को देखते हुए यात्रा में बदलाव किए जाने की बात कही जा रही है। अभी यह यात्रा ओडिशा पहुंची है। राहुल गांधी यात्रा से कुछ समय का ब्रेक लेकर दिल्ली आ गए हैं। जानकारी मिली है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आगामी 16 फरवरी को चंदौली के रास्ते उत्तर प्रदेश में दाखिल होगी। यह यात्रा उत्तर प्रदेश में करीब 11 दिन तक चलनी थी। 20 जिलों को राहुल ने कवर करना था। लेकिन बताया जा रहा है कि अब यूपी में राहुल की यात्रा 11 नहीं बल्कि 6 से 7 दिन की ही होगी। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव भी रायबरेली में इस यात्रा में शामिल होंगे। बता दें, राहुल की यह यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई थी।

# शरीफ प्रधानमंत्री बने तो भारत के लिए कितनी शराफत दिखा पाएंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान में भले ही पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को बहुमत नहीं मिला है लेकिन प्रधानमंत्री के तौर पर उन्हीं को देखा जा रहा है। इसके लिए उन्होंने दावा भी पेश कर दिया है। ऐसे में एक सवाल यह भी है कि नवाज शरीफ ने भारत को लेकर कई तरह के आश्वासन दिए हैं। ऐसे में यदि नवाज पीएम बनते हैं तो क्या वे भारत से किए गए वादे पूरे कर पाएंगे। नवाज शरीफ के प्रधानमंत्री रहते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भी उनका अच्छा तालमेल दिखाई दिया था। नवाज शरीफ की मां के निधन पर पीएम मोदी ने शोक संदेश भेजा था जिसमें उन्होंने मियां साहेब कहकर संबोधित किया था। 2015 में वह अचानक नवाज शरीफ से मिलने रावलपिंडी पहुंच गए थे।

हालांकि इसके बाद ही पठानकोट में आतंकी हमला हुआ और सुधार की उम्मीदें फिर खटाई में पड़ गईं। हालांकि इमरान खान की तुलना में शरीफ के साथ पीएम मोदी के संबंध अच्छे दिखाई दिए। इमरान खान के पीएम बनने के बाद इस तरह की सारी बातचीत खत्म हो गई। पीएम मोदी ने 2015 में ही तीन बार शरीफ से मुलाकात की थी। दोनों देशों में बातचीत की शुरुआत हो गई थी लेकिन पठानकोट एयरबेस पर हमला होने के बाद सब बेकार साबित हुआ। भारत ने स्पष्ट कह दिया है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद पर लगाम नहीं लगाता, उससे कोई बातचीत नहीं होगी। ऐसे में नवाज शरीफ चाहें तो भारत के साथ बातचीत फिर से शुरू हो सकती है। नवाज को सेना का भी समर्थन रहता है। नवाज और सेना के तालमेल से ही आतंकवाद पर भी लगाम लगाई जा सकती है। नवाज शरफ ने सरकार बनाने के लिए गठबंधन की कवायद शुरू कर दी है।

वहीं इमरान खान के समर्थकों ने चुनाव में धांधली का आरोप लगाया है। चुनाव के दौरान इंटरनेट पर रोक लगा दी गई थी। आजतक की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में 265 में से 236 पर नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। जानकारी के मुताबिक इमरान खाने के समर्थन वाले उम्मीदवारों ने 100 सीटों पर कब्जा कर लिया है। वहीं पीएमएलएन नवाज ने 71 और पीपीपी ने 50 सीटों के आसपास जीती हैं। इमरान खान की तरफ से भी एक एआई वीडियो जारी किया गया है जिसमें आवाम को शुक्रिया कहा जा रहा है। पाकिस्तान में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला है। ऐसे में सरकार बनाने के लिए पीपीपी के समर्थन की जरूरत होगी। बताया जाता है कि पाकिस्तान की सेना नवाज शरीफ को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। वहीं बिलावल भुट्टो नवाज शरीफ को पसंद



नहीं करते। ऐसे में शहबाज शरीफ फिर से प्रधानमंत्री बन सकते हैं। वहीं जीत का ऐलान करते हुए नवाज शरीफ ने पड़ोसियों के साथ बेहतर रिश्ते की बात कही है। यह संकेत है कि वह भारत के साथ संबंध सुधारना चाहेंगे। हालांकि सरकार में सेना का ज्यादा दखल रहा तो यह काम टेढ़ी खीर साबित होगा।

## आपातकालीन लैंडिंग के दौरान प्लेन ने उड़ा दी कार, दो की मौत

फ्लोरिडा । एक प्लेन की आपातकालीन लैंडिंग के दौरान शुक्रवार दोपहर को बड़ा हादसा हो गया। इसमें प्लेन ने कार को अपने पंखे की चपेट में ले लिया और कार परखच्चे उड़ गए। हालांकि इस दुर्घटना में दो लोगों की जान चली गई। जानकारी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम फ्लोरिडा में अंतरराज्यीय 75 पर एक छोटे विमान की आपातकालीन लैंडिंग के दौरान प्लेन एक वाहन से टकरा गया। ये क्रेश लैंडिंग पाइन रिज रोड के एक्जिट के पास हुई। इस गलि को एलीगेटर एली के नाम से जाना जाता है। लोगों का कहना है कि ये हादसा काफी भयानक था। उन्होंने देखा कि प्लेन का एक पंख हवा में उड़ता हुआ आया और अपने साथ एक गाड़ी को उड़ा ले गया। ये बिल्कुल मौत को छू कर निकलने जैसा था। हादसे वाले विमान की पहचान बॉम्बार्डियर चैलेंजर 600 जेट के रूप में हुई है। इस संबंध में फ्लोरिडा के उड्डयन प्रशासन का कहना है कि दोपहर करीब 3-15 बजे दुर्घटना के समय विमान में पांच लोग सवार थे। विमान ने दोपहर लगभग 1 बजे कोलंबस में ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी के एक हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। दुर्घटना के समय यह विमान नेपल्स में उतरने वाला था। एक पायलट ने आपातकालीन लैंडिंग का अनुरोध करते हुए टावर से संपर्क किया था और कहा था कि उनके दोनों इंजन खराब हो गए हैं। टावर से संपर्क टूट गया, और फिर हवाई अड्डे के कर्मचारियों ने कुछ ही मील की दूरी पर धुंआ देखा। पांच में से तीन लोगों को बाहर निकाल लिया गया। घटना के बाद कोलियर काउंटी शेरिफ प्रशासन का कहना है कि दो लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है लेकिन अभी इस बात में असमंजस की स्थिती है कि ये दो लोग प्लेन से थे या फिर प्लेन से टकराने वाली कार में थे। फ्लाइटअवेयर विमान ट्रैकर के अनुसार, विमान को फोर्ट लॉडरडेल, फ्लोरिडा में हॉप-ए-जेट वर्ल्डवाइड चार्टर द्वारा संचालित किया जा रहा था।

## कांगो में बस और ट्रक-टक्कर में गई 18 लोगों की जान

किन्शासा । कांगो की राजधानी किन्शासा में एक सड़क हादसे में 18 लोगों की जान चली गई। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया ?कि यात्रियों से भरी एक बस ट्रक से टकरा गई है इसके बाद 18 लोगों की मौत हो गई है। इस घटना के संबंध में किन्शासा में किम्बनसेके नगर पालिका के महापौर अनादोलु एनगंगा ने कहा कि एन डिजिली अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे की ओर जाने वाले राजमार्ग पर यात्रियों से भरी हुई एक बस एक ट्रक से टकरा गई। इसके बाद सभी मृतकों के शवों को पास के अस्पताल के मुर्दाघर में ले जाया गया। इस हादसे में दो लोग घायल भी बताए जा रहे हैं।

## रफह पर आक्रमण से पहले लोगों को निकालने का नेतन्याहू ने दिया आदेश

तेहरान । इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतान्याहू ने गाजा के रफह पर आक्रमण से पहले लोगों को वहां से निकालने का आदेश दिया है। इसके लिए उन्होंने सेना को संभावित इजराइली आक्रमण से पहले वहां से लोगों को निकालने की योजना तैयार करने का निर्देश दिया है। मिस्र की सीमा पर स्थित शहर पर आक्रमण करने की इजराइल की योजना की अंतरराष्ट्रीय आलोचना के बाद नेतन्याहू ने शुक्रवार को यह घोषणा की। इजराइल का कहना है कि रफह हमास का आखिरी बचा हुआ गढ़ है और उसे हमास के खिलाफ अपनी युद्ध योजना को पूरा करने के लिए सेना भेजने की जरूरत है। लेकिन अनुमान है कि 15 लाख फलस्तीनी गाजा में अन्यत्र लड़ाई से बचकर शहर में आ गए हैं। नेतन्याहू ने कहा कि रफह में बड़े पैमाने पर अभियान चलाए जाने की जरूरत है। पीएम ने कहा कि उन्होंने सुरक्षा अधिकारियों से एक दोहरी योजना पेश करने के लिए कहा है जिसमें नागरिकों की निकासी और हमास की शेष आतंकवादी इकाइयों को ध्वस्त करने के लिए एक सैन्य अभियान चलाना शामिल बताया जा रहा है।

## विरोध प्रदर्शन में दो लोगों की मौत, छह घायल

इस्लामाबाद । पाकिस्तान में विरोध प्रदर्शन के दौरान दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि छह लोग घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को पुलिस और राजनीतिक प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों नेबताया कि यह घटना शांगला जिले में हुई जहां पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। हालांकि प्रदर्शन में घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया। गौरतलब है कि पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए विरोध किया गया।

## बाइडेन ने स्कोल्ज से मुलाकात में यूक्रेन फंडिंग, गाजा युद्ध पर चर्चा की

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ के साथ एक मुलाकात में यूक्रेन सहायता के लिए अमेरिकी फंडिंग के मुद्दों और गाजा संघर्ष पर चर्चा की है। व्हाइट हाउस ने प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विज्ञप्ति में कहा गया, 'श्री बाइडेन और श्री स्कोल्ज़ ने यूक्रेन के लिए अपने दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। राष्ट्रपति ने यूक्रेन की आत्मरक्षा में जर्मनी के अनुकरणीय योगदान की सराहना की और चांसलर ने निरंतर अमेरिकी समर्थन के महत्व पर जोर दिया।' दोनों नेताओं ने वाशिंगटन में आगामी उत्तरी अटंलाटिक संधि संगठन (नाटो) नेताओं के शिखर सम्मेलन की योजनाओं पर भी चर्चा की। विज्ञप्ति में कहा गया है कि श्री बाइडेन और श्री स्कोल्ज़ ने गाजा युद्ध के कारण मध्य पूर्व में क्षेत्रीय वृद्धि को रोकने के प्रयासों और गाजा में नागरिकों की सुरक्षा की आवश्यकता पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने इजरायलियों और फिलिस्तीनियों के लिए टिकाऊ शांति की शर्तें तय करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इसमें इजरायल की सुरक्षा की गारंटी के साथ फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना शामिल है।

## कर्जदार को प्रताड़ित करने के दोषी भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल

सिंगापुर। सिंगापुर में भारतीय मूल के 47 वर्षीय व्यक्ति को कर्ज न चुकाने पर एक व्यक्ति को कपड़े उतारने तथा दाढ़ी और बाल मुंडवाने के लिए मजबूर करने के दोष में शुक्रवार को पांच महीने की जेल की सजा सुनायी गयी। नादेसन पिल्लई को सजा सुनाते वक्त जानबूझकर नुकसान पहुंचाने के आरोप को भी ध्यान में रखा गया। पिल्लई के भारतीय मूल के दो दोस्तों जय शॉन फर्नांडेज और जूड प्रभु दावियास पाथी पर भी आपराधिक धमकी का आरोप लगाया गया है। 'टुडे' समाचार पत्र ने शुक्रवार को बताया कि पिल्लई के एक मित्र ने पीड़ित के साथ इस अपमानजनक कृत्य की वीडियो बना ली थी। अखबार ने पिल्लई के दो दोस्तों पर चले मुकदमे का उल्लेख नहीं किया है। उप लोक अभियोजक (डीपीपी) आंद्रे चोंग ने अदालत को बताया कि पीड़ित ने जय से 400 सिंगापुरी डॉलर उधार लिए थे और पिछले साल 26 मार्च तक उसे 700 सिंगापुर डॉलर देने पर राजी हो गया था। लेकिन उसने केवल 200 सिंगापुरी डॉलर दिए और जय ब्याज बढ़ाता गया जिससे उस पर 13 मई तक करीब 6,000 सिंगापुरी डॉलर का कर्ज चढ़ गया। डीपीपी चोंग ने बताया कि जय ने नादेसन और जूड को उससे तथा पीड़ित से एक बार में मिलने के लिए कहा। तीनों ने बार में पीड़ित से मारपीट की और उसके एक गोदाम में ले गए जहां उसे कपड़े उतारने तथा उठक-बैठक करने के लिए कहा। इसके बाद वे तीनों उसे एक नाई के पास ले गए तथा नाई से उसे गंजा करने तथा उसकी दाढ़ी काटने के लिए कहा। जय ने इस घटना की वीडियो बना ली थी।

## बांग्लादेश में रुलाने लगा प्याज, 120 टका में एक किलो

ढाका। बांग्लादेश में आम आदमी के लिए प्याज खरीदना मुश्किल हो गया है। एक सप्ताह में प्रति किलोग्राम प्याज के मूल्य में 30 टका (बांग्लादेश की मुद्रा टका है) का इजाफा हुआ है। भारतीय मुद्रा में एक टका का मूल्य 76 पैसे होता है। इस समय बांग्लादेश में एक किलोग्राम प्याज 120 टका में बिक रहा है। ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि पिछले सप्ताह रसोई की कई वस्तुओं की कीमत में कमी देखी गई है, लेकिन प्याज की कीमत अनियंत्रित बनी हुई है। पिछले हफ्ते प्याज का मूल्य प्रति किलोग्राम 90 टका था। सात दिन में यह बढ़कर 120 टका हो गया है। ढाका के प्रमुख आलू-प्याज विक्रेता एमडी सलीम का कहना है कि यह सचमुच चिंताजनक है। प्याज की कीमत लगातार बढ़ रही है। पिछले शुक्रवार को उन्होंने एक किलोग्राम प्याज 90 टका में बेची। अब वह 120 टका प्रति किलोग्राम पर बेचने को विवश हैं।




पोलैंड में कीमतें बढ़ने और करों को लगाये जाने के विरोध में प्रदर्शन करते हुए किसान।

## इमरान की बहन ने किया दावा, सेना करा सकती है इमरान का कत्ल

इस्लामाबाद । पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान की बहन ने दावा किया है कि उनके भाई इमरान की सेना कत्या कर सकती है। उन्होंने कहा कि हमरान खान चुनाव जीत गए हैं, ऐसे में उनकी कभी भी हत्या की जा सकती है। बता दें कि आम चुनाव की मतगणना के बीच जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के परिवार ने बड़ा आरोप लगाया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के चीफ की बहन ने बातचीत में कहा कि सेना इमरान की हत्या करना चाहती है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पीटीआई जनरल इलेक्शन में दो-तिहाई बहुमत हासिल कर चुकी है। अगर पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के अब तक आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति कुछ इस प्रकार है। नेशनल असेंबली की 250 सीट पर मतगणना पूरी हो चुकी है और निर्दलीय उम्मीदवारों ने सर्वाधिक 99 सीट जीती हैं। इनमें से अधिकतर उम्मीदवार पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के समर्थित हैं। इमरान खान की बहन अलीमा खान ने कहा ?कि कई मामलों में तो ऐसा हुआ कि इमरान खान के समर्थन वाले कैंडिडेट्स 80 हजार से अधिक वोटों से आगे होने के बावजूद हारे हुए घोषित कर दिए गए। दिनदहाड़े लूट हुई और वोट चुराए गए हैं। नवाज शरीफ की पार्टी 50-60 सीटें ही जीत रही है और इसमें भी चोरी हुई है। उन्होंने कहा कि हमारे एक प्रत्याशी ने लाहौर हाई कोर्ट से स्टे ऑर्डर लिया है। दूसरे उम्मीदवार भी अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं। पीटीआई चीफ को लेकर अलीमा ने कहा कि अभी तक इमरान खान से उनकी मुलाकात नहीं हुई है। इससे पहले इमरान की हत्या के 2 प्रयास हो चुके हैं।

# पाकिस्तान में पीपीपी, पीएमएल-एन मिलकर बनाएंगे सरकार?

### -इमरान समर्थक उम्मीदवारों ने भी किया बहुमत का दावा, सौ से ज्यादा सांसद जीते

**इस्लामाबाद, (एजेंसी)।** पाकिस्तान में मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की गठबंधन सरकार बनने जा रही है। हालांकि निर्दलीय के तौर पर इमरान की पार्टी पीटीआई समर्थित सौ से ज्यादा सांसदों ने जीत हासिल की है, ऐसे में वह भी अपना दावा जता रहे हैं। इससे पहले पाकिस्तान में मतगणना के दौरान फर्जीवाड़े के भी आरोप लगाए गए हैं। ताजा जानकारी के अनुसार पाकिस्तान के केंद्र और पंजाब में गठबंधन सरकार बनने जा रही हैं। यह खबर पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज शरीफ की ओर से पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात के बाद सामने आई है। शहबाज ने पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी के आवास पर पीपीपी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। पार्टी सूत्रों ने कहा कि शहबाज ने जरदारी के साथ भविष्य में सरकार गठन पर चर्चा की और पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ का संदेश भी दिया। शहबाज ने दोनों पीपीपी नेताओं से पाकिस्तान में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता के लिए पीएमएल-एन नेतृत्व के साथ सरकार में शामिल होने को कहा।

इधर सूत्रों ने दावा किया कि जरदारी और शहबाज पंजाब और केंद्र में सरकार बनाने पर सहमत हुए हैं। दोनों पार्टियां अगली बैठक में अपने-अपने विचार पेश करेंगी और सत्ता-बंटवारे के फार्मूले के संबंध में सभी मामलों को अंतिम रूप देंगी। बता दें कि पाकिस्तान में अब तक नेशनल असेंबली की 265 में से 244 सीटों के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। इनमें से 96 सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। निर्वाचन आयोग की ओर से परिणाम घोषित करने में देरी करने पर चुनाव में धांधली के आरोप लगाए गए हैं।



मतगणना अब भी जारी है।

हालांकि आम चुनाव में किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला लेकिन इमरान समर्थित निर्दलीयों ने सबसे ज्यादा सीटें जीतीं हैं। कुछ सीटों के नतीजे आने बाकी है लेकिन सबसे ज्यादा 100 सीटें निर्दलीयों ने जीती जिन्हें इमरान समर्थित माना जा रहा है। नवाज शरीफ की पार्टी को 71 सीटें मिली है जबकि सहयोगी पार्टी पीपीपी 53 सीटें जीती। इसी तरह एमक्यूएम चौथी सबसे बडी पार्टी बनी और उसको 17 सीटें मिली। यहां 264 सीटों पर चुनाव हुआ था और बहुमत का आंकडा 134 है। अब सरकार बनाने के लिए नवाज शरीफ और बिलावल भुट्टो तैयार है। जबकि इमरान खान की पार्टी ने भी कहा कि उनके सबसे ज्यादा सांसद जीते हैं इसलिए वो केंद्र में सरकार बनाएगी।

अब जानकार बता रहे हैं कि चुनावी सफलता के बावजूद, इमरान खान की पार्टी पीटीआई को नुकसान हुआ है। चुनाव आयोग के फैसले के कारण उनका चुनावी चिह्न बल्ला जब्त हो गया था इसलिए अल्पसंख्यक सीटों का कोटा आवंटित नहीं किया जाएगा। दरअसल पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में 10 सीटें वहां के अल्पसंख्यकों हिंदुओं और ईसाइयों के लिए आरक्षित रहती हैं। कुल 336 सीटों में से 266 सीटों पर जनता के वोटों के जरिए सीधे चुनाव होता है और बची हुई 70 सीटें रिजर्व होती हैं जिनमें से 10 सीटें अल्पसंख्यकों (हिंदू और ईसाइयों) तथा 60 सीटें महिलाओं के लिए रिजर्व रहती है। इन सीटों का बंटवारा नेशनल असेंबली में जो दल चुनाव जीतकर आते हैं उनकी सीटों के अनुपात में होता है। ऐसे में इमरान को यहां अल्पसंख्यक सीटों का कोटा नहीं मिलेगा है।

# अमेरिका में आए तेज भूकंप के झटके, लोग घरों से बाहर भागे

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के हवाई में तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए। कई लोग डर के कारण घरों से बाहर निकले और सड़क पर आ गए। 5.7 की तीब्रता वाले इस भूकंप में राहत की बात ये रही सुनामी जैसा कोई खतरा नहीं है।

यूएसजीएस के मुताबिक भूकंप के ये झटके शुक्रवार की देर रात 11 बजकर 24 मिनट पर महसूस किए गए थे। भूकंप का केंद्र ओक्लाहोमा से 8 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में प्राग में ओक्लाहोमा सिटी से लगभग 57 मील (92 किलोमीटर) पूर्व में केंद्रित था। अमेरिकी भूकंपविज्ञानियों ने बताया कि शुक्रवार को हवाई में जोरदार भूकंप आया, लेकिन सुनामी का कोई खतरा नहीं है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि 5.7 तीव्रता का भूकंप हवाई के मुख्य द्वीप पर पाहाला के पास आया, जिसका केंद्र पृथ्वी की सतह से लगभग 37 किलोमीटर (23 मील) नीचे था। एक वेबसाइट ने यूएसजीएस के हवाले से बताया कि भूकंप पूरे मुख्य द्वीप पर महसूस किया गया। एजेंसी ने कहा कि जान-माल के नुकसान की संभावना कम है।

इससे पहले, पिछले हफ्ते ही अमेरिका के ओक्लाहोमा प्रांत में भूकंप आया था। अमेरिका के ओक्लाहोमा में पिछले शुक्रवार रात को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग (यूएसजीएस) के मुताबिक, रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गयी थी। भूकंप के तेज झटके के बाद अगले कई घंटों तक कम तीव्रता के कई झटके महसूस किए गए थे। लिंकन काउंटी के उप आपातकालीन प्रबंधन निदेशक चार्लोट ब्राउन के अनुसार भूकंप के कारण किसी के घायल होने की सूचना नहीं है और क्षति न्यूनतम दिखी। भूकंप के झटकों के कारण ज्यादातर वस्तुएं घरों के अंदर अलमारियों से उलट गईं अथवा हिल गईं। चार्लोट ब्राउन ने कहा, ''कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं। बहुत सारे डरे हुए लोगों के अलावा कुछ भी नहीं। बता दें कि विशाल टेक्टोनिक प्लेट के बीच में होने के बावजूद भी हवाई शहर धरती का भूकंपीय रूप से सक्रिय हिस्सा है। यहां किलाउआ सहित 6 सक्रिय ज्वालामुखी मौजूद हैं। जो कि पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र हैं, जो हेलीकॉप्टर से हवाई के बिग आइलैंड पर इसका नजारा देखने आते हैं। इतना ही नहीं, यह दुनिया के सबसे बड़े ज्वालामुखी मौना लोआ का भी स्थान है। यह ज्वालामुखी साल 2022 में जब फटा था तो एक सप्ताह तक शांत नहीं हुआ था। तब यह चार दशकों में पहली बार फूटा था। तब इसमें से 60 मीटर (200 फीट) ऊंचाई तक लावा के फव्वारे उठे थे, जिससे पिघले हुए लावा की नदियां बहने लगी थीं।

## यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर रूसी ड्रोन अटैक, 7 लोगों की मौत

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** खार्किव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने शनिवार को बताया कि यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर एक रूसी ड्रोन हमले में रात भर में तीन बच्चों सहित कम से कम सात लोग मारे गए। उन्होंने कहा कि ईरान निर्मित शहीद ड्रोन ने शहर के नेमिश्लियन जिले में नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमला किया, जिससे भीषण आग लग गई और 15 निजी घर जल गए। आंतरिक मंत्री इहोर क्लिमेंको ने कहा कि 50 से अधिक लोगों को निकाला गया है और आपातकालीन कर्मचारियों ने शनिवार सुबह तक आग पर काबू पा लिया है। यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में रूस द्वारा लॉन्च किए गए 31 ईरानी शहीद ड्रोनों में से 23 को नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया है कि ड्रोन ने मुख्य रूप से पूर्वोत्तर खार्किव क्षेत्र और दक्षिणी प्रांत ओडेसा को निशाना बनाया।

ओडेसा के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर ने कहा कि रात भर हुए ड्रोन हमलों से वहां चार लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा, हमले तीन लहरों में हुए। ओडेसा के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर ने कहा कि रात भर हुए ड्रोन हमलों से वहां चार लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा, हमले तीन लहरों में हुए। सबसे पहले क्षेत्रीय राजधानी - ओडेसा के बंदरगाह शहर को निशाना बनाया गया। सभी नौ ड्रोन मार गिराए गए, लेकिन मलबे से बंदरगाह के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और एक व्यक्ति घायल हो गया। किपर ने कहा कि दूसरी और तीसरी लहरों ने डेन्यूब नदी क्षेत्र में बंदरगाह बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। कुल 12 ड्रोन मार गिराए गए और तीन लोग घायल हो गए। रोमानिया के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि रूस ने रोमानिया की सीमा के पास यूक्रेन के इस्माइल और रेनी नदी बंदरगाहों पर रात भर ड्रोन हमले किए।

## अमेरिका और जापान ने ताइवान को लेकर क्या किया ऐसा, भड़कते हुए जिनपिंग ने कहा- चुकानी होगी भारी कीमत

**बीजिंग (एजेंसी)।** ताइवान को लेकर संयुक्त अमेरिकी-जापान अभ्यास में दिखावटी संघर्ष की खबरों के बीच टोक्यो में बीजिंग के दूतावास ने कड़ी चेतावनी जारी की है। चीनी दूतावास ने टोक्यो को चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने और चीन के पुनर्मिलन में बाधा डालने के खिलाफ चेतावनी दी। जापानी मीडिया ने बताया कि अमेरिका और जापान ने कीन एज अभ्यास के दौरान पहली बार बीजिंग को काल्पनिक दुश्मन के रूप में दिखाया। चीन ने रिपोर्टों के संबंध में टोक्यो को गंभीर चिंता व्यक्त की है। जबकि जापान ने ड्रिल विवरण की सटीकता से इनकार किया। लंबे समय से चले आ रहे क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर हाल के वर्षों में बीजिंग और टोक्यो के बीच संबंध तनावपूर्ण रहे हैं।

अमेरिका और जापान ने इस सप्ताह के अंत में एक संयुक्त कमांड पोस्ट अभ्यास पूरा किया, विश्लेषकों का कहना है कि इसका उद्देश्य चीन से खतरों से निपटने में उनकी क्षमताओं के समन्वय में सुधार करना है। कीन एज 24 कंप्यूटर सिमुलेशन अभ्यास का उद्देश्य ÷संकट या आकस्मिकता की स्थिति में प्रतिक्रियाओं का अभ्यास करना÷ था, यूएस



इंडो-पैसिफिक कमांड ने कहा कि यह अभ्यास 1 फरवरी को शुरू हुआ और गुरुवार को समाप्त हुआ। यह एक वार्षिक द्विपक्षीय अभ्यास का हिस्सा है जो फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास कीन स्वॉर्ड के साथ वैकल्पिक होता है। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल ने इस वर्ष पहली बार कीन एज में भाग लिया।

क्योडो न्यूज ने अनाम सरकारी स्रोतों का हवाला देते हुए रविवार को बताया कि अमेरिका और जापान ने अपने अभ्यास में पहली बार चीन को पहले इस्तेमाल किए गए अस्थायी नाम के बजाय एक काल्पनिक दुश्मन के रूप में नामित किया। क्योदो ने बताया कि जापानी रक्षा मंत्रालय ने कथित तौर पर अभ्यास परिदृश्यों को देश के गोपनीयता कानून के तहत वर्गीकृत किया है। पेंटागन के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल मार्टिन माइनर्स ने बुधवार को वीओए की कोरियाई सेवा को बताया कि हम विशिष्ट अभ्यास परिदृश्यों पर चर्चा नहीं करते हैं। विभिन्न संकट और आकस्मिक स्थितियों का जवाब देने के लिए अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के लिए कीन एज 2024 एक यथार्थवादी प्रशिक्षण वातावरण प्रदान करता है।

# आने वाले वक्त में क्वाड की प्रासंगिकता बढ़ेगी : जयशंकर

**पर्थ (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि 'क्वाड' (चतुष्कोणीय सुरक्षा संवाद) समूह की प्रासंगिकता बढ़ेगी और यह क्षेत्रीय तथा क्षेत्र से परे राजनीति व नीति में एक बड़ा कारक बनेगा। जयशंकर ने हिंद महासागर सम्मेलन में ऑस्ट्रेलिया की अपने समकक्ष पेनी वोंग के साथ एक चर्चा के दौरान ये टिप्पणियां कीं। वह दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए यहां आए हुए हैं। भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया वाले 'क्वाड' समूह के बारे में बात करते हुए जयशंकर ने कहा कि यह समूह प्रमुख शक्तियों की बदलती क्षमताओं और पूरी दुनिया पर उसके असर का परिणाम है। क्वाड का गठन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख से निपटने के लिए 2017 में किया गया था।

जयशंकर ने कहा, ''यह हमारे लिए ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान के साथ तीन बहुत महत्वपूर्ण संबंधों को भी दर्शाता है जो शीत युद्ध खत्म होने के बाद बदल गए हैं।'' उन्होंने कहा कि ये चारों देश इस समुद्री क्षेत्र के चार कोनों पर स्थित हैं। उन्होंने कहा, ''मैं पूरे विश्वास के साथ यह भविष्यवाणी कर रहा हूं कि क्वाड की प्रासंगिकता बढ़ेगी और यह वृहद क्षेत्रीय और क्षेत्र से इतर राजनीति और नीति में एक बड़ा कारक बनेगा।'' विदेश मंत्री ने हिंद महासागर के देशों के साथ भारत की साझेदारी के बारे में भी बात की।

जयशंकर ने कहा, ''आज हिंद महासागर के पुनर्निर्माण और उसे पुनः जोड़ने की चुनौती है। आप ऐसा भारत देखने जा रहे हैं जो हिंद महासागर में बहुत गहराई से जुड़ा होगा और बहुत गहरायी से उसमें निवेश करेगाऱ्हमारा उद्देश्य यह होना चाहिए कि हिंद महासागर को अतीत की तुलना में आज अधिक जुड़ा हुआ, अधिक निर्बाध और समावेशी बनाया जाए।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि वे वास्तव में धैर्यपूर्वक और सम्मानपूर्वक इस क्षेत्र का पुनर्निर्माण कर सकते हैं।'' ऑस्ट्रेलिया के साथ द्विपक्षीय संबंधों के बारे में बात करते हुए जयशंकर ने कहा कि इसके बढ़ने की काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हम व्यापार व आर्थिक क्षेत्र में और ज्यादा कर सकते हैं।''

जयशंकर ने कहा कि वह द्विपक्षीय संबंधों को लेकर काफी ''आशावादी'' हैं क्योंकि इसमें असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में द्विपक्षीय मोर्चे पर हमने जो चीजें हासिल की हैं, वह आशावादी होने की वजह देती हैं। जयशंकर ने पर्थ में भारतीय मूल के सैनिक नैन सिंह सैलानी के नाम पर रखे गए सैलानी एवेन्यू का भी दौरा किया। रिकॉर्ड से पता चलता है कि उन्होंने सात फरवरी 1916 को पर्थ में ऑस्ट्रेलियन इम्पीरियल फोर्स में शामिल होने से पहले एक ''मजदूर'' के रूप में काम किया था।



## विश्वकप के बाद टी20 प्रारुप से भी संन्यास लेंगे वार्नर




**होबार्ट ।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कहा है कि वह जून में होने वाले 20 विश्व कप के बाद इस प्रारुप से भी संन्यास ले लेंगे। वार्नर ने टेस्ट और एकदिवसीय से पहले ही संन्यास ले लिया था। इस प्रकार इसी साल वार्नर का क्रिकेट सफर समाप्त हो जाएगा। इस बल्लेबाज ने अपना अंतिम एकदिवसीय मैच भारतीय टीम के खिलाफ गत वर्ष खेला था। वहीं अपना अंतिम टेस्ट पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हुए इस बल्लेबाज ने एक शतक और एक अर्धशतक लगाया था। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद वार्नर ने कहा कि वह आगामी टी20 विश्व कप में इसी प्रकार का प्रदर्शन करना चाहते हैं। वार्नर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 36 गेंदों पर 70 रन बनाए थे जिसके कारण उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का इनाम मिला था। वॉर्नर ने मैच के बाद कहा कि अब मैं टी20 विश्व कप खेलना चाहता हूं। वार्नर ने न्यूजीलैंड दौरे सहित आगामी चुनौतियों के लिए तैयारी करते हुए टीम के भीतर गति और एकता बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक इकाई के तौर पर खेलने के कारण ही वेस्टइंडीज टीम के जबरस्त प्रदर्शन के बाद भी उनकी टीम जीतने में सफल रही।

# बीसीसीआई ने इंग्लैंड के खिलाफ बचे हुए तीन टेस्ट मैचों के लिए घोषित की टीम

### जडेजा और राहुल की वापसी, आकाशदीप नया चेहरा , विराट और अय्यर शामिल नहीं

**मुम्बई ।**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बचे हुए तीन टेस्ट मैचों के लिए टीम घोषित कर दी है। टीम में जहां ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा और केएल राहुल की वापसी हुई है। वहीं विराट कोहली और श्रेयस अय्यर को टीम में शामिल नहीं किया गया है। विराट ने जहां निजी कारणों से बचे हुए मैचों के लिए नाम वापस ले लिया है। वहीं अय्यर चोटिल होने के कारण बाहर हुए हैं। टीम में बिहार के युवा तेज गेंदबाज आकाशदीप को पहली बार अवसर मिला है। जडेजा और राहुल को टीम में जगह मिल गयी है पर उन्हें फिट होने पर ही अंतिम ग्यारह में शामिल किया जाएगा। रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल को भी टीम में जगह मिली है। विराट के बाहर होने के कारण पाटीदार को उनकी जगह बल्लेबाजी का अवसर मिलना तय नजर आता है।

वहीं विराट को लेकर बीसीसीआई ने कहा है कि वह निजी कारणों से सीरीज से बाहर हैं। साथ ही कहा कि बोर्ड उनके इस फैसले का पूरी तरह से सम्मान करता है। साथ ही कहा कि जडेजा और राहुल के खेलने पर फैसला मेडिकल टीम की ओर से फिटनेस का आंकलन किये जाने पर ही लिया जाएगा। वहीं मध्य क्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर भी टीम से बाहर हो गए हैं। विशाखापत्तन टेस्ट मैच के बाद ही अय्यर की पीठ में जकड़न आ गयी थी।

भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच 15 फरवरी से राजकोट में जबकि चौथा टेस्ट 23 फरवरी से रांची में खेला जाएगा। वहीं पांचवां और अंतिम टेस्ट 7 मार्च से धर्मशाला में होगा।

**भारतीय टीम इस प्रकार है:** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, केएल राहुल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

संक्षिप्त समाचार




## विराट के सीरीज से बाहर रहने पर बोले स्टेन, परिवार पहली प्राथमिकता

### किसी के आने या जाने से जिंदगी नहीं रुकती : चोपड़ा

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ बचे हुए तीन टेस्ट मैचों में नहीं खेल रहे। इस बारे में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की घोषणा के बाद दो पूर्व क्रिकेटरों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। इसी को लेकर दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा कि परिवार आपकी सबसे पहली प्राथमिकता होती है। स्टेन ने कहा कि अगर विराट ने आराम से बैठने और परिवार के साथ कुछ समय बिताने का फैसला किया है तो उन्हें इसमें उन्हें कोई गलती नहीं दिखती है। परिवार आपकी सबसे पहली प्राथमिकता है। स्टेन ने साथ ही कहा कि विराट ने लंबे समय तक देश की सेवा की है। उन्होंने यह भी कहा कि दाएं हाथ के बल्लेबाज ने वह सब कुछ किया है जो एक क्रिकेटर अपने देश के लिए कर सकता है। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, वह कई वर्षों से भारत के सेवक रहे हैं। उन्होंने विश्व कप जीता है। उन्होंने सफलता के साथ कप्तानी की है। मुझे नहीं पता कि क्रिकेट की दुनिया में अपने को साबित करने के लिए एक आदमी और क्या कर सकता है। वहीं पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा कि किसी के आने या जाने से जिंदगी नहीं रुकती। जिंदगी चलती रहनी चाहिए, शो चलते रहना चाहिए। हम कोहली की कमी काफी महसूस कर रहे हैं पर इसका मतलब यह नहीं है कि अगर वह वहां नहीं हैं तो आप सीरीज हार जाएंगे।

## राजकोट में डेब्यू कर सकते हैं सरफराज

**मुम्बई** भारत ओर इंग्लैंड के बीच 15 फरवरी से राजकोट में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में बल्लेबाज सरफराज खान को डेब्यू का अवसर मिल सकता है। इसका कारण है कि विराट कोहली और श्रेयस अय्यर सीरीज से बाहर हो गये हैं। वहीं केएल राहुल और रवींद्र जडेजा की टीम में वापसी तो हुई है पर उन्हें फिट होने पर ही अंतिम ग्यारह में जगह मिलेगी। विराट जहां निजी कारणों से टीम से बाहर है, वहीं अय्यर चोटिल हो गये हैं। अब यदि जसप्रीत बुमराह को राजकोट टेस्ट में यदि आराम मिलता है तो फिर भारतीय टीम अंतिम ग्यारह में इस प्रकार के संयोजन से उतरेगी। अय्यर के बाहर होने से चौथे नंबर पर केएल राहुल उतरेंगे पर यदि राहुल पूरी तरह फिट नहीं होते तो फिर सरफराज का उतरना तय है। वहीं पांचवें नंबर पर रजत पाटीदार उतर सकते हैं। वहीं रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल पारी की शुरुआत करते हुए दिखेंगे। वहीं तीसरे नंबर पर शुभमन गिल उतरेंगे। दूसरी ओर गेंदबाजी में अगर जसप्रीत बुमराह को अगर आराम मिलता है तो फिर मोहम्मद सिराज को अंतिम ग्याहर में जगह मिलना तय है। सिराज की बाकी बचे 3 टेस्ट मैच के लिए चुनी गई टीम में वापसी हुई है। दूसरे तेज गेंदबाज के रूप में मुकेश कुमार उतरेंगे। अक्षर पटेल छठे और विकेटकीपर केएस भरत सातवें नंबर पर उतर सकते हैं। अनुभवी स्पिनर आर अश्विन और कुलदीप यादव का खेलना तय है। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए भारत की संभावित अंतिम ग्यारह : रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, सरफराज खान, रजत पाटीदार, केएस भरत (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज और मुकेश कुमार।

अंडर-19 विश्वकप

# भारत-ऑस्ट्रेलिया खिताबी मुकाबले में अहम भूमिका निभाने सकते हैं उदय, स्ट्रेकर सहित ये खिलाड़ी

**मुम्बई ।**

भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले अंडर-19 विश्वकप के खिताबी मुकाबले में जीत की प्रबल दावेदार के तौर पर उतरेगी। भारतीय टीम ने अबतक अपने सभी मैच जीते हैं। भारतीय टीम ने ये खिताब पांच बार जीता है। इस बार टीम उदय सहारन की कप्तानी में जीत के आंकड़े को बढ़ाना चाहेगी। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए फाइनल का टिकट कटाया है। टीम इंडिया की नजरें अब रिकॉर्ड छठी बार विश्व विजेता जीतना है। उदय की कप्तानी वाली इस भारतीय टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है। अब उसका लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन कर जीत दर्ज करना रहेगा। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 2 विकेट से जबकि ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को एक विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनायी है। दोनों टीमों में कई मैच विजेता खिलाड़ी हैं। भारतीय कप्तान उदय इस समय बेहतरीन फार्म में हैं। उन्होंने अब तक इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। उन्होंने 6 मैचों में 389 रन बनाए हैं। उदय सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। उन्होंने एक शतक और 3 अर्धशतक लगाये हैं। अगर

भारत के बल्लेबाज मुशीर खान ने भी अब तक बेहतरीन बल्लेबाजी और गेंदबाजी की है। वह सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में दूसरे नंबर पर हैं. उन्होंने 6 पारियों में 2 शतक और 1 अर्धशतक की मदद से 338 रन बनाए हैं। मुशीर ने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। भारत के ही सचिन दास ने भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कठिन हालातों में 96 रन की पारी खेली थी। फाइनल में भी सचिन इस प्रकार का प्रदर्शन करना चाहेंगे। वहीं ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज टॉम स्ट्रेकर ने भी अब तक घातक गेंदबाजी की है। ऐसे में भारतीय टीम को उनसे सावधान रहना होगा। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में 6 विकेट लिए थे। स्ट्रेकर ने अंडर 19 विश्व कप में अब तक 12 विकेट लिए हैं। सेमीफाइनल में टीम की जीत में स्ट्रेकर ने अहम भूमिका निभाई थी। इसके अलावा भारतीय मूल के ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज हरजस सिंह अब तक प्रभावी नहीं रहे हैं पर खिताबी मुकाबले में वह अंतर पैदा कर सकते हैं।




## बंगाल से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं आकाशदीप , इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया

**मुम्मई ।**

इंग्लैंड के खिलाफ बचे हुए तीन टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम में शामिल मध्यम तेज गति के युवा गेंदबाज आकाशदीप टीम में नया चेहरा हैं। आकाशदीप का जन्म बिहार में हुआ है पर वह बंगाल की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। उन्हें तेज गेंदबाज आवेश खान की जगह टीम में जगह मिली है। आवेश टीम में बैकअप तेज गेंदबाज के तौर पर शामिल थे। अब आकाशदीप को टेस्ट में प्रदर्पण का अवसर मिल सकता है। भारतीय टीम में आकाश के अलावा तेज गेंदबाज मुकेश कुमार का जन्म भी बिहार में हुआ था पर वह भी बंगाल की ओर से खेलते हैं। दाएं हाथ के गेंदबाज आकाश दीप को इससे पहले सीमित ओवरों के दल में भी जगह मिली थी। उन्हें एशियाई खेलों के अलावा दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भी टीम में रखा गया था पर उन्हें पदार्पण का अवसर नहीं मिला था। बंगाल की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले आकाशदीप ने हाल में इंडिया ए की ओर से खेलते हुए इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में अपनी शानदार गेंदबाजी से चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा था। आकाश दीप ने इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ 3 मैचों की गैर आधिकारिक टेस्ट सीरीज में इंडिया ए की ओर से सबसे अधिक 13 विकेट लिए थे। इसके अलावा आकाश दीप ने साल 2022 आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की ओर से खेला था हालांकि वह तब प्रभावित नहीं कर पाये थे। आईपीएल में अपने पहले सत्र में उन्होंने कप्तान फाफ डुप्लेसी को अपनी गति से काफी प्रभावित किया था। आकाश दीप ने साल 2019 में फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने 29 मैचों में 103 विकेट लिए थे। इसके अलावा वह निचले क्रम में तेजी से बल्लेबाजी के लिए भी जाने जाते हैं।



## धोनी ने युवा खिलाड़ियों से कहा सम्मान आपके आचरण से आता है




**मुंबई ।**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने खिलाड़ियों से कहा है कि सम्मान हासिल करने का प्रयास नहीं करें बल्कि इसे अर्जित करें ये आपके आचरण से आता है। धोनी अपनी बेहतरीन कप्तानी के लिए जाने जाते हैं। उनकी कप्तानी में भारत ने एकदिवसीय और टी20 विश्वकप के अलावा कई अन्य खिताब भी अपने नाम किये हैं। धोनी ने एक कार्यक्रम में कहा कि निष्ठा का सम्मान से गहरा संबंध है। जब आप ड्रेसिंग रूम की बात करते हो तो जब तक आपको सहयोगी स्टाफ और खिलाड़ियों का सम्मान नहीं मिलेगा तब तक आपके लिए उनकी निष्ठा हासिल करना कठिन होगा। उन्होंने कहा कि यह दिखाता है कि आप क्या कर रहे हो, ये नहीं कि आप क्या बोल रहे हो। आप भले ही कुछ भी नहीं बोलो परन्तु अपना व्यवहार आपको वह सम्मान दिला सकता है। धोनी ने कहा कि एक नेतृत्वकर्ता के लिए यह सम्मान उसके काम से आता है, उसकी बातों से नहीं। उन्होंने कहा कि मुझे हमेशा लगता था कि एक नेतृत्वकर्ता के रूप में सम्मान हासिल करना अहम है क्योंकि यह कुर्सी या पद के साथ नहीं आता है। यह आपके आचरण से आता है। कई बार लोग असुरक्षित होते हैं। कभी कभी भले ही टीम आप पर विश्वास करती हो पर वास्तव में आप ही पहले व्यक्ति हो जो अपने पर विश्वास नहीं करोगे।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग दबाव पसंद करते हैं और कुछ को यह पसंद नहीं है। कप्तान के लिए एक व्यक्ति की मजबूती और उसकी कमजोरी को समझना अहम है।



## यशस्वी के पास सबसे तेजी से 1000 रन पूरे करने मौका

### 363 रनों की और जरुरत

**राजकोट ।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आजकल शानदार फार्म में चल रहे हैं। यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में दोहरा शतक लगाया था। अब उनके पास इस सीरीज में सबसे तेजी से 1000 रन पूरे करने का अवसर है। अब तक ये रिकार्ड विनोद कांबली के नाम है। कांबली ने अपने 12वें टेस्ट की 14वीं पारी में ही 1000 रन बना दिये थे। वहीं यशस्वी ने अबतक भारतीय टीम की ओर से छह टेस्ट मैच खेलकर 637 रन बना लिए हैं। इसमें एक शतक और एक दोहरा शतक शामिल है। यशस्वी का ओवरऑल रिकॉर्ड 6 टेस्ट, 11 पारी, 637 रन है। ऐसे में अगर यशस्वी इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 363 रन और बना लें तो उनके टेस्ट करियर के एक हजार रन पूरे हो जाएंगे। उन्होंने सीरीज के पहले दो मैचों में ही 321 रन बना दिये हैं। ऐसे में उनके लिए बचे हुए 3 मैच में 363 रन बनाना असंभव नहीं है। अब तक सबसे कम पारी में हजार रन बनाने का संयुक्त विश्व रिकॉर्ड हरबर्ट सटक्लिफ और एवर्टन वीक्स के नाम है। इन दोनों ने ही नौवें मैच की 12वीं पारी में अपने एक हजार रन बना लिए थे। वहीं जहां तक सबसे कम टेस्ट मैचों में हजार रन बनाने के रिकॉर्ड की बात करें तो यह उपलब्धि सर डॉन ब्रैडमैन के नाम है। ब्रैडमैन ने 7वें टेस्ट की 13वीं पारी में एक हजार रन पूरे किए थे। वहीं नील हार्वे ने 10 टेस्ट, 14 पारी में ये रन पूरे किये थे। इस मामले में विनोद कांबली पांचवें नंबर पर हैं। वहीं भारत के ही चेतेश्वर पुजारा ने 11वें टेस्ट की 18वीं पारी में अपने एक हजार रन पूरे किए थे।

# नेसर की न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए वापसी

**कैनबरा ।**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने गेंदबाजी ऑलराउंडर माइकल नेसर को न्यूजीलैंड के खिलाफ 29 फरवरी से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम में शामिल किया है। सीए ने इस सीरीज के लिए 14 खिलाड़ियों की घोषणा की है। नेसर को इसलिए इस सीरीज के लिए शामिल किया गया है क्योंकि चयनकर्ताओं का मानना है कि वेलिंगटन और क्राइस्टचर्च में सीम-अनुकूल पिचों पर नेसर प्रभावी होंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के दौरान लांस मॉरिस के घायल होने और झाय रिचर्डसन की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाहर होने से भी नेसर को शामिल करना जरुरी हो गया था।

चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, नेसर की टीम में वापसी हुई है। देखना बहुत अच्छा है कि नेसर को लंबे समय से उनके लगातार लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद टीम में एक और मौका मिला है। जैसा कि हम जानते हैं कि प्रत्येक टेस्ट डब्ल्यूटीसी अंक को देखते हुए अहम है। ऐसे मे हमें इस दौरे में टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीदें हैं। यह दौरा एक बहुत मजबूत टीम के खिलाफ एक कठिन चुनौती होगी जो लंबे समय से घरेलू मैदान पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। वहीं तेज गेंदबाज पैट कमिंस एक बार फिर सीरीज के दौरान टीम की कप्तानी करेंगे।

टीम में कमिंस के अलावा जोश हेजलवुड, मिशेल स्टार्क और नाथन लियोन जैसे अच्छे गेंदबाज शामिल हैं। वहीं बल्लेबाजी की जिम्मेदारी स्टीव स्मिथ के साथ सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के पास रहेगी। ऑस्ट्रेलिया की टीम अभी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है और उसका लक्ष्य इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर शीर्ष पर आना रहेगा।



## डिविलियर्स ने प्रशंसकों से माफी मांगी, विराट के मामले में मैंने गलत जानकारी दी



**जोहांसबर्ग ।** भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से बाहर होने को लेकर कई प्रकार की अटकलें लगायी जा रही हैं। वहीं इस मामले को लेकर दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने हाल ही में कहा था कि विराट दूसरी बार पिता बनने वाले हैं इसलिए वह अभी खेल से दूरी बनाये हुए हैं और अपने परिवार के साथ हैं। वहीं अब डिविलियर्स ने इस मामले में कहा कि उनसे गलती हो गयी। उन्होंने गलत खबर दे दी। इसलिए वह प्रशंसकों से माफी चाहते हैं। साथ ही कहा कि उन्हें नहीं पता कि इस समय विराट कहां पर हैं। डिविलियर्स आईपीएल में विराट की आरसीबी टीम से खेलते थे जिससे कारण उनकी विराट से गहरी दोस्ती है। विराट ने जब शुरुआती दो टेस्ट मैचों से बाहर रहने का फैसला लिया था। तब कहा जा रहा था कि उनकी मां बीमार हैं पर कुछ दिन बाद ही विराट के बड़े भाई ने सोशल मीडिया पर इस खबर को गलत बताया था। उनके भाई का कहना था कि उनकी मां ठीक हैं। इसलिए मीडिया इस प्रकार की आधारहीन खबरें न फैलाये। वहीं कुछ लोगों का कहना था कि विराट की पत्नी अनुष्का शर्मा प्रेग्नेंट हैं, इस कारण वह नहीं खेल रहे हैं। डिविलियर्स ने कहा, 'निश्चित तौर पर परिवार पहले है। जैसा कि मैंने कहा था। उस समय मुझसे एक बड़ी गलती हो गई थी। मैंने तब गलत जानकारी दे दी थी। किसी को नहीं पता कि विराट इस समय कहां हैं। उम्मीद करता हूं कि विराट शानदार तरीके से मैदान पर वापसी करेंगे। '

## इंग्लैंड को सफल होने आक्रामक और पारंपरिक शैली में संतुलन लाना होगा : वॉन

**लंदन ।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का कहना है कि टीम को भारत में सफल होने के लिए आक्रामक और पारंपरिक क्रिकेट की शैली में संतुलन बनाना होगा। इंग्लैंड टीम के बल्लेबाज पहले दोनो ही मैचों में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। वॉन के अनुसार टीम को आक्रामक रणनीति अपनाने के बाद से ही टेस्ट क्रिकेट में अच्छी सफलता मिली है पर उसे एशेज सीरीज सहित कुछ मुकाबलों में विफलता का सामना भी करना पड़ा है। वॉन ने कहा, 'अब इंग्लैंड एक ऐसी टीम बन गई है जो कड़े प्रयासों के बाद भी अधिक सफलता नहीं हासिल कर पा ररी है पर उसकी आलोचना नहीं कर सकते क्योंकि उन्हें खेलते हुए देखना बहुत अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद खिलाड़ियों ने काफी सुधार किया है। उन्होंने कहा, 'मुझे हालांकि चिंता है कि कहीं वे एक ऐसी टीम न बन जाए जो इतना शानदार करने के बाद भी अधिक मैच जीतने में सफल विफल रहें। जब उन्हें एशेज श्रृंखला जीतनी चाहिए थी तब वे नहीं जीत सके और अब भारतीय टीम सीरीज में वापसी में सफल रही। यह भी तब हुआ जब भारतीय टीम में विराट कोहली समेत कई बड़े खिलाड़ी शामिल नहीं थे। इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में जीत से सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली थी पर टीम दूसरे मैच में भारतीय गेंदबाजों के सामने बिखर गयी गयी। इससे भारतीय टीम ने जीत के साथ सीरीज में वापसी कर ली। वॉन ने टीम बल्लेबाजों से जरूरत के मुताबिक आक्रामक रूख अपनाने की सलाह दी पर युवा स्पिन गेंदबाजों की तारीफ करते हुए कहा, 'युवा स्पिनर शानदार रहे हैं। वहीं तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है।



# इस वजह से पति से अलग हुईं एशा देओल

बीते दिन बॉलीवुड के चहीते कपल्स में से एक एशा देओल और भरत तख्तानी ने तलाक ले लिया है। पिछले काफी समय से यह कयास लगाए जा रहे थे कि एशा और उनके पति भरत का रिश्ता अच्छा नहीं चल रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में इस बात की पुष्टि की गई है कि एशा और भरत ने आपसी सहमति से अपनी शादी के रिश्ते को खत्म करने का फैसला किया है। बताया गया है कि कपल ने तलाक लेकर स्टेटमेंट जारी कर अलग होने की अनाउंसमेंट की है। स्टेटमेंट में कहा गया है कि दोनों आपसी सहमति से अलग हो रहे हैं।

## एशा ने अपनी किताब में किए थे खुलासे

दोनों का कहना है कि उनके लिए बच्चियों की भलाई सबसे जरूरी है और रहेगी। एशा देओल ने अभी तक इस बात का खुलासा नहीं किया है कि आखिर उनके और भरत के बीच ऐसा क्या हुआ कि उन्होंने तलाक का फैसला ले लिया। हालांकि, एशा ने अपनी किताब अम्मा मिया, स्टोरीज में यह बताया था कि दूसरी बेटी मिराया के जन्म के बाद वह अपने पति भरत को नजरअंदाज करने लगी थीं। एशा ने अपनी किताब में लिखा था, दूसरे बेबी के बाद कुछ समय के लिए मैंने नोटिस किया कि भरत मुझसे चिड़चिड़े हो गए थे। उन्हें लगता था कि मैं उन्हें अटेंशन नहीं दे रही हूं।

## पति भरत को इग्नोर करने लगी थीं एशा

पति का ऐसा फील करना बहुत स्वाभाविक है, क्योंकि उस समय मैं राध्या के प्ले स्कूल और मिराया को फीड करना में बिजी थी। साथ ही मैं अपनी किताब लिखने और अपनी प्रोडक्शन मीटिंग्स में भी काफी बिजी थी। इस कारण उन्हें महसूस होता था कि मैं नजरअंदाज कर रही हूं। मैंने तुरंत अपनी गलती नोटिस की। मुझे वह समय याद आया, जब भरत ने मुझसे एक नया टूथब्रश मांगा था और यह बात मेरे दिमाग से निकल गई थी, या जब उनकी शर्ट प्रेस नहीं हुई थी या जब मैंने बिना चेक किए उन्हें काम पर जाते हुए लंच बॉक्स दे दिया था। उनकी जरूरतें बहुत कम हैं, लेकिन मैं अगर उनकी देखभाल नहीं कर सकी, तो मतलब कुछ गड़बड़ है। एशा ने आगे कहा, मैंने तुरंत अपनी गलती सुधारी।



# आदिवि शेष-स्टारर गुडाचारी 2 में नजर आएंगे इमरान हाशमी

टाइगर 3 में एक खतरनाक भूमिका निभाने वाले अभिनेता इमरान हाशमी आगामी जासूसी एक्शन थ्रिलर गुडाचारी 2 में नजर आएंगे। सूत्रों के मुताबिक, ऐसा कहा जा रहा है कि इमरान हाशमी पैन-इंडिया फिल्म में आदिवि शेष के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे। इमरान को समानांतर लीड के रूप में देखा जाएगा, चर्चा है कि वह इसमें नकारात्मक भूमिका नहीं निभा रहे हैं। फिल्म के निर्माता इस सहयोग को लेकर बेहद आशावादी हैं। उन्हें लगता है कि इससे फिल्म में एक राष्ट्रव्यापी अपील जुड़ जाएगी। आदिवि ने इस फिल्म के प्रीक्वल गुडाचारी में अभिनय किया। यह फिल्म ब्लॉकबस्टर बनकर उभरी थी। अब, जैसे-जैसे सीक्वल सामने आ रहा है, एक प्रमुख बॉलीवुड अभिनेता और एक साउथ स्टार का सहयोग इसमें एक रोमांचक आयाम जोड़ता नजर आ रहा है। सीक्वल का लक्ष्य पहले भाग की सफलता को आगे बढ़ाना और गुडाचारी फ्रेंचाइजी को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। शशि किरण टिक्का द्वारा निर्देशित 2018 की तेलुगू फिल्म गुडाचारी में शोभिता धूलिपाला, जगपति बाबू और प्रकाश राज भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# अंकिता को है मन्नारा से हारने का मलाल!

बिग बॉस 17 खत्म हो चुका है, मगर शो के कंटेस्टेंट्स अभी भी लाइमलाइट में बने हुए हैं। शो खत्म होने के बाद सबसे विक्की और अंकिता सबसे ज्यादा चर्चित कपल बन गए हैं। अंकिता अब धीरे-धीरे मीडिया से मुखातिब हो रही हैं और अपना अनुभव भी साझा कर रही हैं। हाल ही में, अंकिता ने खुलासा किया चौथे पोजिशन पर आना उनके लिए किसी शर्मिंदगी से कम नहीं था, लेकिन अभिनेत्री ने इसे पॉजिटिवली लिया है। अंकिता ने कहा कि मेरी नजर में सभी लोग लोग विनर हैं क्योंकि सभी बिग बॉस के घर में रह चुके हैं। अंकिता अब कुछ दिनों का ब्रेक लेने के मूड में भी नजर आ रही हैं।





# मर्डर मुबारक में हत्या की गुत्थी सुलझाते नजर आएंगे पंकज त्रिपाठी


**पंकज त्रिपाठी ने अपने अलहदा अंदाज वाले अभिनय से दर्शकों को दीवाना बना रखा है। आज वे ओटीटी और सिनेमा के सबसे ज्यादा व्यस्त सितारों में शामिल होते हैं। हाल ही में उनकी अगली फिल्म मर्डर मुबारक का टीजर जारी हुआ है, जिसे देखने के बाद दर्शक अब इसके प्रदर्शन की राह देखने लगे हैं। नेटफ्लिक्स की फिल्म मर्डर मुबारक में वो एक और दिलचस्प किरदार में नजर आ रहे हैं।**

मर्डर मुबारक का फर्स्ट लुक सामने आ गया है और नेटफ्लिक्स की इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी एक मर्डर मिस्त्री सुलझाते नजर आ रहे हैं। जिस केस को पंकज सुलझाने निकले हैं, उसके सस्पेक्ट भी बहुत तगड़े हैं। मर्डर मुबारक के फर्स्ट लुक वीडियो में पंकज की आवाज में नैरेशन सुनाई देता है। वो अपने मजेदार अंदाज में फिल्म के किरदारों का परिचय करवा रहे हैं। जहां विजय वर्मा, पुरानी दिल्ली के तबाह दिल आशिक हैं, वहीं सारा अली खान साउथ दिल्ली की शहजादी। मर्डर मुबारक में करिश्मा कपूर, डिंपल कपाड़िया, संजय कपूर, टिस्का चोपड़ा और सुहैल नय्यर भी नजर आ रहे हैं। सारे एक्टर्स फर्स्ट लुक वीडियो में अपने किरदार के हिसाब से एक अतरंगी अंदाज में दिख रहे हैं।

मर्डर मुबारक में पंकज त्रिपाठी एक कॉप के रोल में हैं जो दिल्ली में हुए एक मर्डर की गुत्थी सुलझाने निकले हैं। उसके सामने कई लोग हैं जो मर्डर के सस्पेक्ट हो सकते हैं। पंकज त्रिपाठी इन सभी को एक टैग दे रहे हैं। करिश्मा कपूर को सस्पेंस फिल्मों की पुरानी ड्रीम गर्ल, डिंपल कपाड़िया को सरफिरी आर्टिस्ट और संजय कपूर जो शाही खून बताया गया है। टिस्का चोपड़ा गॉसिप की तितली हैं और सुहैल नय्यर पार्टियों का मच्छर। फिल्म का प्लॉट या कहानी को इस फर्स्ट लुक वीडियो में शेयर नहीं किया गया है। नेटफ्लिक्स बस इससे फिल्म के किरदारों का एक इंट्रो दे रहा है। मर्डर मुबारक को दिनेश विजन की कंपनी ने प्रोड्यूस किया है, जो स्त्री-मिमी-लुका छुपी जैसी मजेदार कॉमेडी फिल्में ला चुके हैं। ऐसे में इस फिल्म से चटपटे अंदाज के साथ एक मर्डर मिस्ट्री के थ्रिल की उम्मीद की जा सकती है। नेटफ्लिक्स फिल्म मर्डर मिस्ट्री को होमी अदजानिया ने निर्देशित किया है। इससे पहले उनका लास्ट प्रोजेक्ट सास, बहू और फ्लेमिंगो था जो बहुत पसंद किया गया था। होमी ने कॉकटेल और फाइंडिंग फैनी जैसी फिल्में भी बनाई हैं। उनकी ये नई फिल्म मर्डर मुबारक 15 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर में निभाएंगे ग्रे रोल

संजय लीला भंसाली की आने वाली फिल्म लव एंड वॉर में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल नजर आएंगे। खबरों की मानें तो फिल्म में रणबीर एक ग्रे यानी कि निगेटिव किरदार निभाते दिखेंगे। जब से संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर की अनाउंसमेंट हुई है, तब से फिल्म सुर्खियों में है। लव एंड वॉर एक एक्शन लव स्टोरी होगी, जिसमें रणबीर कपूर टेढ़ा-मेढ़ा ग्रे किरदार निभाते दिखेंगे। फिल्म से जुड़े करीबी सूत्रों ने बताया है कि फिल्म मेकर संजय लीला भंसाली के पास कुछ समय से इस तरह की फिल्म बनाने का विचार था। हालांकि उन्होंने आलिया और विक्की कौशल को फिल्म के लिए पहले से ही सोच लिया था। लेकिन सालों से वे उस चेहरे की तलाश में थे, जो अब रणबीर कपूर फिल्म में निभाते दिखाई देंगे। ये एक ऐसा रोल होगा जो फिल्म में कभी इधर तो कभी उधर, पेंडुलम की तरह डोलता नजर आएगा। लव एंड वॉर एक लव ट्राएंगल होगी, जिसके बैकग्राउंड में वॉर का भी अहम योगदान होगा। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म एनिमल में रणबीर की परफॉर्मेंस संजय लीला भंसाली को बहुत अच्छी लगी। इसलिए फिल्म मेकर ने रणबीर कपूर को इस रोल के लिए कास्ट किया है। सूत्र बताते हैं कि ये भंसाली की फिल्मों में दिखाए गए अब तक का सबसे कॉम्प्लेक्स किरदार होगा। इस रोल के लिए एक ऐसे कलाकार की जरूरत थी, जो ना सिर्फ टैलेंटेड एक्टर हो, बल्कि एक सुपरस्टार भी हो। ये किरदार बहुत पावरफुल होगा।





# ट्रेलर लॉन्च पर यामी गौतम ने कंफर्म की प्रेग्नेंसी न्यूज

बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस यामी गौतम इन दिनों अपनी फिल्म आर्टिकल 370 को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी फिल्म के पोस्टर के साथ फिल्म रिलीज की अनाउंसमेंट की थी। वहीं, अब इस फिल्म का ट्रेलर लॉन्च इवेंट रखा गया था। अपनी अपकमिंग फिल्म के साथ-साथ यामी ने फैंस के साथ एक बड़ी खुशखबरी शेयर की है। यामी और आदित्य जल्द ही अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने आर्टिकल 370 के ट्रेलर लॉन्च में अपनी प्रेग्नेंसी की न्यूज को कंफर्म किया है।

## यामी ने कंफर्म की प्रेग्नेंसी न्यूज

यामी गौतम और उनके पति और फिल्ममेकर आदित्य धर शादी के तीन साल बाद अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यामी गौतम फिलहाल साढ़े पांच महीने से ज्यादा प्रेग्नेंट हैं। यह भी बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस को जब से अपनी प्रेग्नेंसी के बारे में पता चला है, उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है। मई महीने में यामी अपने बेबी को जन्म दे सकती हैं। बीते दिनों एक्ट्रेस अपने पति आदित्य धर के साथ एक इवेंट में पहुंची थीं। उस समय उन्होंने अपने बेबी बंप को दुपट्टे से कवर किया हुआ था। इसके बाद से ही उनकी प्रेग्नेंसी की खबर आ रही थी।

## ट्रेलर लॉन्च इवेंट में शेयर की गुड न्यूज

वहीं, अब यामी ने खुद ही यह गुड न्यूज सभी के साथ शेयर कर दी है कि वे जल्द ही मां बनने वाली हैं। बता दें कि यामी गौतम और आदित्य धर की शादी 4 जून 2021 को हुई थी। दोनों की मुलाकात फिल्म उरी द सर्जिकल स्ट्राइक के सेट पर हुई थी। यहीं से दोनों के प्यार की शुरुआत हुई। लगभग दो सालों तक की डेटिंग के बाद दोनों ने शादी की। दोनों ने परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हिमाचल में पूरे रीति-रिवाजों से शादी की थी। यामी के वर्कफ्रंट की बात करें, तो जल्द ही उनकी अपकमिंग फिल्म आर्टिकल 370 रिलीज होने वाली है।

# मुंबई में पहले मेरी अपनी फैमिली नहीं थी लेकिन अब है तो ये बड़ा बदलाव है

**कभी सिनेमा का स्टूडेंट बनकर बॉलिवुड में कदम रखने वाले जेंटलमैन सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपनी शेरशाह वाली परफॉर्मेंस से ढेरों अवॉर्ड बटोरे। लेकिन उनका दिल मांगे मोर, इसलिए ओटीटी पर वह लेकर आए हैं, वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स। इस सीरीज में पुलिस ऑफिसर की भूमिका के लिए चर्चा बटोर रहे सिद्धार्थ से खास बातचीत -**

**आप दिल्ली से आकर मुंबई में स्टार बन चुके हैं। दिल्ली के उस सिद्धार्थ को इस मायानगरी ने कितना बदला?**

उसने यहां बहुत कुछ सीखा है। जब आप मुंबई आकर स्ट्रगल करते हैं तो जो बचपना होता है वो निकल जाता है। जब मैं आया था तो पूरा दिल्ली का लौंडा था, जो अपनी जड़ों से बहुत जुड़ा हुआ था, जिसके नैतिक मूल्य बहुत मजबूत थे। हमारी भाषा भी अलग होती है। वहां हर घर में हिंदी बोली जाती है तो जब मैं आया था तो दिल्ली का लौंडा था पर अब मुंबई का मर्द बन गया हूं क्योंकि ये शहर बहुत कुछ सिखाता है। लोगों से डील करना, बहुत मेहनत करना। इस शहर में बिना मेहनत के आप टिक नहीं सकते हैं। वो अनुशासन, वो समर्पण इस शहर ने ही सिखाया और उसी ने आज की तारीख में मुझे सब कुछ दिया है। मेरा करियर, काम, फैंस दिल्ली के इस लौंडे को सब मुंबई में ही मिला है। मुंबई ने बहुत कुछ बदला है, बहुत प्यार दिया है।

**आप लगातार मिशन पर ही हैं। पहले शेरशाह, फिर मिशन मजनू और अब इंडियन पुलिस फोर्स, इस मिशन में क्या खास या अलग रहा? और इसे करने का अनुभव कैसा रहा?**

जी, अलग-अलग फिल्मों में अलग-अलग मिशन पर रहा हूं। ये इत्तेफाक है कि वे सारी एक साथ आ रही हैं। इस सीरीज में पहली बार पुलिस यूनिफॉर्म पहनी है। इसमें थोड़ा पार्ट रियल रखा है, लेकिन एक अल्ट्रा कमर्शल पैकेजिंग में। हमारे जो पुलिस ऑफिसर हैं, जो स्पेशल यूनिट होती है, वे आतंकियों से कैसे निबटते हैं, उनकी क्या चुनौतियां हैं, क्या प्रोटोकॉल हैं, उनकी निजी जिंदगी कैसी होती है, ये सारी चीजें पता चली। इससे पुलिस को लेकर मेरा नजरिया भी बदला। हम कई बार पुलिस ऑफिसर्स को काफी ग्रांटेड लेते हैं। कभी-कभी एक स्टीरियोटाइप इमेज पर निर्भर करते हैं कि सब ऐसे हैं या वैसे हैं पर अब मैं पुलिसवालों को उस नजर से नहीं देखता। उनके लिए एक सम्मान रहता है। अब उनके पॉइंट ऑफ व्यू से चैलेंजेज देखता हूं। मुझे लगता है कि कोई भी जो अपनी जॉब पर जान दे रहा है, उसे सम्मान देना ही चाहिए।

**आपकी जिंदगी में एक और नई भूमिका पति के रूप में जुड़ी है, उसने आपको और आपकी जिंदगी को कितना बदला है?**

अभी तो एक ही साल हुआ है इस भूमिका को निभाते हुए मगर एक बहुत ही अच्छा स्पेशल दौर है। जैसा मैंने कहा, मैं पहले दिल्ली का लौंडा था जो अब एक शादीशुदा लड़का बन गया है। उस रोल की अभी तो शुरुआत हुई है पर बहुत ही अच्छा इंट्रेस्टिंग फेज है। मेरी फैमिली दिल्ली में है। मुंबई में पहले मेरी अपनी फैमिली नहीं थी लेकिन अब है तो वो बहुत बड़ा बदलाव है।

**रोहित शेट्टी पहले से अपने कॉप यूनिवर्स में सिंघम, सिंबा, सूर्यवंशी बना चुके हैं, इन तीनों का क्रॉसओवर भी चल रहा है। आप इनमें से किसी फिल्म का हिस्सा बनना चाहेंगे?**

बिल्कुल, ये तो रोहित शेट्टी जी पर हैं। अभी तो यही प्लान था कि कबीर मलिक को इस यूनिवर्स में लेकर आएं। अभी आगे तो वह फिल्म बना ही रहे हैं। मुझे उनका जो आज के मौजूदा माहौल में ओल्ड स्कूल वाले हीरो की जुगलबंदी करने का स्टाइल है, वो बहुत पसंद है तो निश्चित तौर पर अगर उनको लगे कि हम किसी और विषय पर भी एक साथ आएं तो जरूर आगे काम करेंगे।

